आज का मौसम | 36.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.03 | सूर्यास्त 06.24

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ - बरेली - कानपुर
- मुरादाबाद - अयोध्या - हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी 07:46 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 29 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 217, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये



■ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम - 12



■ बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम : वित्त मंत्रालय - 12



■ इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला - 13



■ चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे - 14



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आखिर क्यों उड़ी-उड़ी सी है नींद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### अयोध्या में बने यज्ञशाला में भीषण आग, कोई जनहानि नहीं

**अयोध्या।** रामनवमी के अवसर पर आयोजित एक महायज्ञ के दौरान शनिवार को यज्ञशाला में भीषण आग लग गई, जिससे पूरा पंडाल कुछ ही देर में आग की लपटों में घिर गया। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा कराया जा रहा था। **पेज दो भी पढ़े।**

### इंस्टाग्राम पर लाइव आने के बाद युवक ने की आत्महत्या

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी में एक युवक ने इंस्टाग्राम पर लाइव आने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह घटना शुक्रवार रात जिले के देहात थाना क्षेत्र में हुई। मनोज रजक (22) नामक युवक के आखिरी पलों का करीब 14 मिनट का वीडियो भी सामने आया है। देहात थाना प्रभारी विकास यादव ने बताया कि युवक ने लाइव चैट के दौरान अपने दोस्तों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया और उन्हें 'फ्लाइंग किस' दी, इसके बाद उसने छत के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### जम्मू-कश्मीर: रियासी में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को रियासी जिले में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के लिए काम करने वाले एक व्यक्ति की अचल संपत्ति कुर्क की। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी मोहम्मद कासिम के खिलाफ यूएपीए की धारा 25 के तहत कुर्की की यह कार्यवाही आतंकी समर्थक तंत्र को खत्म करने के अभियान का हिस्सा थी।

### छात्र को 'आतंकवादी' कहने पर प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बेंगलुरु।** यहां कक्षा में एक छात्र को आतंकवादी कहने और आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में शनिवार को एक निजी विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रोफेसर द्वारा छात्र को डांटते हुए कक्षा में बाधा डालने का आरोप लगाने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह घटना 24 मार्च को हुई।

# विकसित यूपी की उड़ान का प्रतीक है नोएडा एयरपोर्ट

## जेवर स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन अवसर पर बोले प्रधानमंत्री | कार्गो टर्मिनल का किया लोकार्पण, 40 एकड़ में बनने वाली एमआरओ सुविधा का शिलान्यास

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण व 40 एकड़ में विकसित होने वाली अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा का शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने इसे 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नई उड़ान का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जेवर स्थित यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, मेरठ, अलीगढ़, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत पूरे पश्चिम यूपी के जिलों के विकास को नई गति देगा। इससे किसानों, लघु उद्योगों और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने किसानों के योगदान को विशेष रूप से सराहते हुए कहा कि उनकी जमीन के सहयोग से यह परियोजना साकार हो पाई है, जिससे कृषि उत्पाद वैश्विक बाजार तक आसानी से पहुंच सकेंगे। कहा, उप्र देश का प्रमुख एविएशन हब बन रहा है। एयरपोर्ट नेटवर्क के विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है।



नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी।

### मोदी बोले- कार्गो हब और कनेक्टिविटी से बढ़ेगा निर्यात

पीएम मोदी ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट एक मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी हब के रूप में विकसित किया गया है। जहां सड़क, रेल और हवाई सेवाओं का बेहतर समन्वय होगा। एयरपोर्ट का कार्गो हब शुरुआती चरण में 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

### एमआरओ सुविधा से आत्मनिर्भर बनेगा भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक देश के अधिकांश विमान मेंटेनेंस के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे भारी खर्च होता है। जेवर में बनने वाली एमआरओ सुविधा इस स्थिति को बदलेगी और भारत को एविएशन सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाएगी। इससे हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

### देशवासियों के भरोसे हम पश्चिम एशिया संकट का कर रहे मुकाबला : मोदी

पीएम मोदी ने कहा पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है, भारत इस संकट का पूरी शक्ति से सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण कई देशों में खाने-पीने के सामान, डीजल और खाद का संकट उत्पन्न हुआ है। लेकिन भारत अपनी जनता की ताकत के भरोसे इसे पूरी शक्ति से संभाल रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और गैस प्रभावित देशों से मंगाता है। सरकार हर संभव कदम उठा रही है ताकि आम परिवारों और किसानों पर इसका बोझ न पड़े। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे धैर्य और एकजुटता के साथ इस चुनौती का सामना करें।

### हवाई अड्डे का नया प्रतीक चिह्न बना 'सारस'

**नोएडा।** नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अपनी ब्रांड पहचान के लिए सारस-प्रेरित नया प्रतीक चिह्न अपनाया है, जो उप्र की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक, सतत विकास की सोच को दर्शाता है। प्रदेश के राजकीय पक्षी 'सारस' को प्रतीक चिह्न में शामिल कर इसे विशिष्ट और वैश्विक स्तर पर प्रभावी पहचान देने का प्रयास किया है।

### हर दो मिनट में उड़ान की क्षमता

प्रधानमंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, जहां भविष्य में हर दो मिनट में एक विमान के उड़ान भरने की क्षमता विकसित की जा रही है। यह पूरे उत्तर भारत को वैश्विक स्तर पर जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

## यूपी के उज्ज्वल भविष्य का लांचपैड बनेगा हवाईअड्डा

- मुख्यमंत्री बोले-निवेश, रोजगार व कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई प्रदान करेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए इसे उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का 'लांचपैड' बताया। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य की अर्थव्यवस्था, निवेश और रोजगार को नई ऊंचाई देगा।

सीएम योगी ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन मानचित्र पर स्थापित करेगी। आगामी वर्षों में पांच रनवे के साथ यह एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान बनाएगा।

यह एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे और हाईस्पीड रेल जैसे नेटवर्क से जुड़कर प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान करेगा। इससे निवेश, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई केंद्रीय व राज्यमंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### एक्साइज ड्यूटी कटौती पर जताया आभार

मुख्यमंत्री योगी ने पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी घटाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। अमेरिका जैसे विकसित देश में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छूते दिख रहे रहे हैं, लेकिन भारत में दाम नियंत्रित है। इनकी आपूर्ति सुगम बनाई गई है।

### किसानों के योगदान को सराहा

मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट निर्माण के लिए भूमि देने वाले किसानों का आभार जताया और कहा कि किसानों ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 13 हजार एकड़ जमीन दिया। किसानों ने पूरी प्रक्रिया में सकारात्मक योगदान दिया, जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास के कार्यक्रम को बढ़ाया। उन्हें समयबद्ध मुआवजा व पुनर्वास के साथ जोड़ा गया।

## नेपाल में नई सरकार के शपथ लेते ही पूर्व पीएम ओली और पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में पिछले साल सितंबर में हुए 'जेन जेड' विरोध-प्रदर्शनों की जांच करने वाले उच्चस्तरीय आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने के नवगठित सरकार के फैसले के एक दिन बाद शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को गिरफ्तार कर लिया गया। नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 'बालेन' की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई नवगठित मंत्रिमंडल की बैठक में आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने का फैसला किया गया था।

पुलिस ने बताया कि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली को शनिवार तड़के काठमांडू से 12 किलोमीटर पूर्व भक्तपुर जिले के गुंडू इलाके से गिरफ्तार किया गया। पूर्व गृह मंत्री एवं नेपाली कांग्रेस के नेता रमेश लेखक को भी भक्तपुर जिले की सूर्यविनायक नगरपालिका के कटुंजे स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया है। ओली और लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए 'जेन जेड' आंदोलन को दबाने में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस आंदोलन में कई युवाओं सहित 76 लोग मारे गए थे। 'जेन जेड' आंदोलन से जुड़े घटनाक्रम की जांच के लिए गठित आयोग ने ओली और लेखक सहित अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले में कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की है। बालेंद्र के नेतृत्व वाली नेपाल की नवगठित सरकार ने शुक्रवार को अपनी पहली मंत्रिमंडल बैठक में जांच आयोग की सिफारिशों को तत्काल लागू करने का निर्णय लिया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन किया।



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार।

- जेन जेड के विरोध-प्रदर्शनों पर कार्रवाई के सिलसिले में की गई कार्रवाई
- जांच करने वाले उच्चस्तरीय आयोग की रिपोर्ट के आधार पर हुई गिरफ्तार

### 10 साल तक की जेल की सजा की सिफारिश

गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने ओली की गिरफ्तारी के बाद एक पोस्ट में लिखा, कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि अब देश को एक नई दिशा मिलेगी। ओली और लेखक को भद्रकाली स्थित काठमांडू जिला पुलिस सर्किल में हिरासत में रखा गया है। जांच आयोग ने इस अपराध के लिए तीन से 10 साल तक की जेल की सजा की सिफारिश की है। काठमांडू के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शनिवार को अवकाश होने के कारण उन्हें रविवार को काठमांडू जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

## डीआईजी पर जानलेवा हमला करने वाले 16 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**मैनाठेर प्रकरण**

**अमृत विचार:** मुरादाबाद के मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र में 6 जुलाई 2011 को बलवा, लूटपाट, आगजनी व डीआइजी पर जानलेवा हमले में शनिवार को अदालत ने 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर 55 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। मामले में 25 अपराधियों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल गई थी, जबकि 33 लोग नामजद थे। 25 आरोपियों के खिलाफ अदालत में दाखिल की गई चार्जशीट में में छह बाल अपचारी भी शामिल थे, जिनमें से तीन की मौत हो चुकी है।

चार जुलाई 2011 को मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ और अश्लील की गई थी। युवती ने पांच जुलाई को असालतनगर बघा के मुस्लिम के विरुद्ध मैनाठेर कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर 6 जुलाई को सुबह सात बजे आरोपी को पकड़ने उसके घर पहुंची थी। इस दौरान पुलिस की गिरफ्त से मुस्लिम को छुड़ाने के लिए महिलाओं और ग्रामीणों ने पुलिस के साथ हाथापाई की थी। लेकिन, पुलिस टीम उसे गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई थी। इस दौरान घर की महिलाओं और कुछ असामाजिक तत्वों ने धार्मिक ग्रंथ फेंकने की झूठी अफवाह उड़ाकर फैला दी। अफवाह फैलाने और धार्मिक उन्माद फैलाने में तत्कालीन ग्राम प्रधान कामिल का अहम रोल था, जिसे पुलिस ने अपनी जांच में मुख्य आरोपी बनाया। आस-पास के गांवों के सैकड़ों लोगों ने मैनाठेर कोतवाली को घेरकर पथराव कर लूटपाट कर आगजनी की।

## 47000 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा 'जग वसंत'




**अहमदाबाद।** पश्चिमी एशिया संकट के बीच होर्मुज को पार करते हुए भारतीय ध्वज वाला पोत 'जग वसंत' 47,000 टन द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर गुजरात के जामनगर स्थित वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण के अनुसार, कुवैत के मीना अल अहमदी बंदरगाह से सामान लेकर एमटी जग वसंत शुक्रवार रात 8:30 बजे वडीनार बंदरगाह पर पहुंचा। बंदरगाह पर पहुंचने के बाद पोत से पोत में एलपीजी का स्थानांतरण किया जा रहा है। बंदरगाह के एक अधिकारी ने बताया, 230 मीटर लंबा यह पोत वर्तमान में 17,600 टन एलपीजी को अपने सहायक पोत एमटी रोज गैस में स्थानांतरित कर रहा है, जिसमें लगभग 15 घंटे लगने की उम्मीद है। स्थानांतरण के बाद, सहायक पोत आगे एलपीजी उतारने के लिए कांडला के लिए रवाना होगा। मुख्य पोत 'जग वसंत' पर लदे 20,000 टन माल को मुंबई में उतारा जाएगा और लगभग 9,000 टन माल को बाद में मंगलुरु में उतारा जाएगा।

## रेमंड समूह के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का मुंबई में निधन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** रेमंड समूह के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया(87) का शनिवार शाम मुंबई में निधन हो गया। उनके पुत्र गौतम सिंघानिया ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उनके निधन की जानकारी दी। विजयपत का जन्म 1938 में कानपुर में हुआ था। बाद में उनका परिवार मुंबई में बस गया था। उन्होंने 1980 से 2000 तक रेमंड समूह के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया। 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम ने उन्हें पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया था। उड़ान के क्षेत्र में, उन्होंने गर्म हवा के गुब्बारे में सबसे अधिक ऊंचाई प्राप्त करने का विश्व रिकार्ड भी बनाया था और 1988 में लंदन से दिल्ली तक 23 दिनों में उड़ान भरकर माइक्रोलाइट उड़ान का सहनशक्ति रिकॉर्ड भी स्थापित किया था। उन्होंने अपनी माइक्रोलाइट उड़ान की कहानी पर आधारित एक संस्मरण और आत्मकथा भी लिखी थी।

उन्होंने अपने पिता लाला कैलाशपत (एलके) सिंघानिया के कहने पर ही व्यवसाय में कदम रखा था। सिंघानिया के पिता एलके सिंघानिया ने शुरुआत में रेमंड समूह का संचालन किया, जब सिंघानिया परिवार ने इसे 1944 में ईडी ससून एंड कंपनी से खरीदा था। तब यह कंपनी केवल कपड़ा मिल थी। 1980 में विजयपत रेमंड समूह के अध्यक्ष बने। भारत सरकार ने उन्हें दो पुरस्कार दिए। भारतीय वायुसेना ने उन्हें 1994 में मानद वायु कमोडोर बनाया था। 2015 में उन्होंने रेमंड ग्रुप में 37% हिस्सेदारी छोटे बेटे और तत्कालीन अध्यक्ष गौतम सिंघानिया को दे दी थी।



2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम से पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्त करते डॉ. विजयपत सिंघानिया। – फाइल फोटो

**सुप्रीम आदेश** | रेप पीड़िताओं के नाम उजागर करने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सभी हाईकोर्ट को निर्देश जारी

## कोर्ट के आदेशों में दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान उजागर न हो

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने रेप मामले में एक लड़की की पहचान उजागर किए जाने की कड़ी भर्त्सना की है और सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि अदालत के आदेशों में पीड़िताओं और उनके परिवार के सदस्यों के नाम का उल्लेख न हो।

शीर्ष अदालत ने 2018 में 'निपुण सक्सेना' मामले में अपने फैसले में कहा था, कोई भी व्यक्ति प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया आदि में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता और न ही किसी भी रूप में ऐसे तथ्य उजागर कर सकता है जिससे पीड़िता की पहचान सामने आए या आम जनता को उसकी पहचान पता चल सके।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस फैसले का पालन न होने के पीछे अदालतों की सामान्य उदासीनता और संभवता ऐसे अपराधों से जुड़े गहरे सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार ठहराया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि विधायिका ने 1983 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में एक प्रावधान जोड़ा था, जिसका उद्देश्य धारा 376 के तहत अपराध की पीड़िता की पहचान सुरक्षित रखना था। इसने कहा कि यह संशोधन मुख्य रूप से उस गंभीर समस्या से निपटने के लिए किया गया था, जो यौन अपराध के मामलों के निपटारे के तरीके से स्पष्ट रूप से सामने आई थी, खासकर पीड़िता की पहचान का सार्वजनिक खुलासा करने जैसी समस्या। इसलिए पीठ ने निर्देश दिया कि इस फैसले की एक प्रति सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को भेजी जाए। अदालत ने भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 228ए का भी उल्लेख किया, जो रेप सहित यौन अपराधों की पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक लगाती है, ताकि उन्हें सामाजिक कलंक से बचाया जा सके। ये टिप्पणियां हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को रद्द करते समय की गईं, जिसमें नौ-वर्षीय लड़की के रेप के मामले में एक व्यक्ति की सजा को उलट दिया गया था, और कहा गया था कि अदालतों को छोटे मतभेदों को अत्यधिक महत्व नहीं देना चाहिए।

- कोई भी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता



### पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया

शीर्ष अदालत ने कहा कि 1983 से पहले, महिला यौन उत्पीड़न की पीड़िता का नाम या विवरण प्रकाशित करने पर कोई कानूनी रोक नहीं थी, और अदालत की रिपोर्टिंग एवं मीडिया कवरेज से पीड़िताओं को सामाजिक कलंक एवं बहिष्कार का दंश झेलने के साथ आजीवन प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता था। पीठ ने कहा, स्पष्ट रूप से, इन कार्यवाहियों में इस धारा के उद्देश्य को नजरअंदाज किया गया है। पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया है और पूरे रिकॉर्ड में स्वतंत्र रूप से इसका उपयोग किया गया है। इसकी कड़ी भर्त्सना होनी चाहिए। वास्तव में, इस अदालत ने पहले भी देखा है कि इस प्रावधान का पालन नहीं किया जा रहा है।

# आठ वर्षों में साकार हुआ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का सपना

## एविएशन इंडस्ट्री के फलक पर चमकेगा 'जेवर', आगे के विकास मॉडल भी तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/जेवर

**अमृत विचार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) आठ वर्षों के सतत प्रयास, समन्वय और समयबद्ध क्रियान्वयन के बाद अब हकीकत बन चुका है। मार्च 2026 में एयरोड्रम लाइसेंस मिलने और फेज-1 के लोकार्पण के साथ यह एयरपोर्ट संचालन के लिए तैयार है, जो उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की नींव वर्ष 2017 में पड़ी, जब साइट क्लीयरेंस और आवश्यक एनओसी प्राप्त हुईं। वर्ष 2018 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड का गठन हुआ और 2020 में ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी को कंसेशनायर चुना गया। अगस्त 2021 में फाइनेंशियल क्लोजर और मास्टर प्लान की मंजूरी के बाद अक्टूबर 2021 में 'अपॉइंटेड डेट (तिथिवार कार्ययोजना)' घोषित हुई, जिसके बाद मार्च 2022 से निर्माण कार्य शुरू हुआ और टाटा प्रोजेक्ट्स को ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोकरमेंट एंड कन्सट्रक्शन) कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त किया गया। जिसे तय समयसीमा 2022 से 2024 के बीच पूरा किया गया। अक्टूबर 2025 में कैलिब्रेशन फ्लाइट सफल रही और मार्च 2026 में एयरपोर्ट संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हो गया।

पूरे प्रोजेक्ट में योगी आदित्यनाथ की सक्रिय निगरानी और नियमित समीक्षा अहम रही। भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण और समन्वय तक हर स्तर पर तेजी से फैसले लिए गए। यह एयरपोर्ट केवल परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि औद्योगिक, लॉजिस्टिक्स और निवेश का बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। इससे रोजगार, निर्यात, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। आठ वर्षों का यह सफर अब उत्तर प्रदेश के लिए नई उड़ान की शुरुआत साबित होगा।

### जेवर रनवे से वायुयान ने भरी उड़ान, राज्यपाल और सीएम योगी ने किया लखनऊ का सफर

- राज्य ब्यूरो,लखनऊ /नोएडा : नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के उद्घाटन के मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार का राजकीय वायुयान जेवर रनवे से पहली उड़ान भरते हुए प्रदेश के उड्डयन इतिहास में नया अध्याय जोड़ गया। इस विशेष उड़ान में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा से लखनऊ तक का सफर तय किया। शनिवार को राजकीय वायुयान की पहली उड़ान ने न केवल एयरपोर्ट के संचालन की औपचारिक शुरुआत की, बल्कि प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी और तेज़ी से विकास के नए द्वार भी खोल दिए। यह पहली उड़ान उत्तर प्रदेश के उड्डयन इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में दर्ज हुई है। जेवर से लखनऊ तक का सफर अब और अधिक सुविधाजनक और तेज हो गया है, जिससे व्यापार, निवेश और प्रशासनिक कार्यों में गति बढ़ेगी।

### पश्चिमी यूपी को मिलेगा सीधा लाभ

- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के खुलने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजधानी लखनऊ के बीच प्रत्यक्ष हवाई संपर्क स्थापित हुआ है। इससे न सिर्फ यात्रियों को समय की बचत होगी, बल्कि प्रदेश के औद्योगिक और व्यापारिक क्षेत्रों को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

**2017**

**में क्लीयरेंस से 2026 के उद्घाटन तक त्वरित फैसले**

# तलाक बिना लिव-इन संबंध अमान्य : कोर्ट

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा है कि यदि कोई व्यक्ति पहले से विवाहित है और उसका जीवनसाथी जीवित है तो वह विधिक रूप से तलाक लिए बिना किसी तीसरे व्यक्ति के साथ लिव-इन संबंध में रहने का अधिकार नहीं रखता। ऐसे संबंध को कोर्ट संरक्षण प्रदान नहीं दे सकता।

न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने आगरा निवासी अंजू एवं अन्य की संरक्षण याचिका खारिज करते हुए पारित किया। याचिका में दंपति ने आरोप लगाया था कि वे पति-पत्नी की तरह साथ रह रहे हैं। उन्हें खतरा है, इसलिए प्रशासन को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए।

# मंत्री के महायज्ञ में भड़की आग

अयोध्या कार्यालय

- रामनगरी के राजघाट में चल रहा था श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ
- मंत्री और वीवीआईपी वहीं मौजूद थे गौशाला तक पहुंची आग की लपटें

**अमृत विचार :** अयोध्या के कैंट क्षेत्र में सरयू तट के राजघाट में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा कराए जा रहे श्रीलक्ष्मी नारायन महायज्ञ के समापन के दिन शनिवार दोपहर यज्ञशाला में भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि आग लगने से कुछ ही मिनट पहले करीब 4500 लोग आहुति देकर बाहर निकल गए थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मुख्य पांडाल के पूर्वी ओर स्थित गोशाला में भी आग लग गई।

परिवहन मंत्री के नेतृत्व व बक्सर बिहार के श्रीजीयर स्वामी जी महाराज की मौजूदगी में 20 मार्च को महायज्ञ शुरू हुआ था। यज्ञशाला के 1251 कुंड में प्रतिदिन करीब 5 हजार श्रद्धालु हवन कर रहे थे। शनिवार को समापन पर करीब 4500 लोगों ने हवन कुंड में पूर्णाहुति डाली। करीब 12 बजे यज्ञ समाप्त होने के बाद जैसे ही लोग बाहर निकले, एक कुंड में पड़ा नारियल अचानक फटा और उसकी चिंगारी से घास-फूंस व बांस-बल्लियों के यज्ञशाला में आग लग गई। खुला मैदान और तेज हवा से कुछ ही मिनटों में भीषण रूप धारण कर लिया। करीब 10 मिनट में ही पूरी यज्ञशाला जलकर राख हो गई। दमकल के 10 छोटे-बड़े वाहन आग पर काबू करने का प्रयास कर रहे थे, तभी मुख्य पांडाल के पूर्वी छोर पर बनी गोशाला में भी आग लग गई। लोगों ने किसी तरह गोवंशों को निकालकर उनकी जान बचाई। इस दौरान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत कई विधायक व वीआईपी मुख्य पांडाल में मौजूद थे। सूचना पर मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। डीएम ने बताया कि पहले से ही एक-एक दमकल वाहन व एंबुलेंस तैनात थी। आग लगने से पूर्व ही यज्ञ समाप्त हो चुका था। यज्ञशाला में कोई मौजूद नहीं था।

## कार्यालय अपर नगर मजिस्ट्रेट (सप्तम) / वन बन्दोबस्त अधिकारी, कानपुर नगर

पत्रांक 177 / व0ब0अधि0/2026 कानपुर दिनांक 25/03/2026

**भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–6 के अन्तर्गत की गयी घोषणा–**

भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा–4 के अधीन उत्तर प्रदेश सरकार ने विज्ञप्ति संख्या 7749/14 दिनांक 06.01.1956 द्वारा घोषित किया गया कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित भूमि को आरक्षित वन के रूप में गठित करने का विनिश्चित किया गया है।

अतः भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–6 की आवश्यकता को पूरा. करने के लिये यह घोषित किया जाता है कि नीचे लिखी भूमि के आरक्षित वन बन जाने से यह परिणाम होगा कि वन विभाग की आज्ञा या अनुमति बिना नीचे लिखे को इस क्षेत्र में नहीं किये जा सकते :–

1– किसी भूमि पर अधिकार करना।
2– आग लगाना, ले जाना या जलाना।
3– पशुओं को उन पर छोड़ना या चराना।
4– वृक्ष पातन (काटना) वृक्षों के पत्ते काटना, वृक्षों का चिरान करना, जलाना आदि उनकी छाल उतारना।
5– पत्थर खोदना, चूना या कोयला जलाना आदि
6– भूमि तोड़ना या सफाई करके खेती योग्य बनाना ।
7– अवैध शिकार करना, मछली मारना, पानी में जहर डालना।
8– हाथी मारना या पकड़ना आदि ।

इन कार्यों के करने वाले व्यक्ति को भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–26 (1)(ए) (जे) के अधीन दण्डित किया जा सकता है।

सर्व साधारण को यह भी सूचना दी जाती है कि जो व्यक्ति भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–8 और 5 में वर्णित किसी अधिकार पर अपना दावा समझता है तो वन बन्दोबस्त अधिकारी कानपुर जिला कानपुर के सामने इस विज्ञप्ति की तारीख से 03 माह के अन्दर उपस्थित हो और अपना दावा प्रस्तुत करें या अपना दावा लिखित रूप में भेजें।

**अनुसूची**

| क्र. सं. | जिला | तहसील | ग्राम | गाटा संख्या | क्षेत्रफल हे0 में) | सीमा विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | ब्लाक –1 | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कानपुर नगर | बिल्हौर | कटरी गौरी | 1क | 14.2100 | उत्तर–मौजा महिंगवों पूरब गाटा संख्या–40, 48, 39. 38, 37, 36 एवं 22/124<br>दक्षिण – कटरी मुहीद्दीनपुर |
| | | | | 2ख | 83,00 | |
| | | | | 2ग | 0,8300 | |
| | | | | 3क | 7.5500 | |
| | | | | 4ख | 7.4000 | पश्चिम मौजा गौरी बांगर |
| | | | | 5ख | 0.2000 | |
| | | | | 6 | 1.7500 | |
| | | | | 7 | 1.0000 | |
| | | | | 8 | 1,0200 | |
| | | | | 9ख | 0.5000 | |
| | | | | 10ख | 0.5000 | |
| | | | | 11ख | 0.6400 | |
| | | | | 12 | 0.6100 | |
| | | | | 13 ख | 0.1500 | |
| | | | | 14 | 0.1000 | |
| | | | | 15 | 0.6600 | |
| | | | | 16 | 0.3000 | |
| | | | | 17 | 0.9000 | |
| | | | | 18 | 1.0000 | |
| | | | | 19 | 2.3900 | |
| | | | | 20 | 33.0000 | |
| | | | | **योग** | 157.7100 | |

वन बन्दोबस्त अधिकारी/
अपर नगर मजिस्ट्रेट (सप्तम)
कानपुर

## कार्यालय अपर नगर मजिस्ट्रेट (सप्तम) / वन बन्दोबस्त अधिकारी, कानपुर नगर

पत्रांक 179 / व0ब0अधि0/2026 कानपुर दिनांक 25/03/2026

**भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–6 के अन्तर्गत की गयी घोषणा–**

भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा–4 के अधीन उत्तर प्रदेश सरकार ने विज्ञप्ति संख्या 7749/14 दिनांक 06.01.1956 द्वारा घोषित किया गया कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित भूमि को आरक्षित वन के रूप में गठित करने का विनिश्चित किया गया है।

अतः भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–6 की आवश्यकता को पूरा. करने के लिये यह घोषित किया जाता है कि नीचे लिखी भूमि के आरक्षित वन बन जाने से यह परिणाम होगा कि वन विभाग की आज्ञा या अनुमति बिना नीचे लिखे को इस क्षेत्र में नहीं किये जा सकते :–

1– किसी भूमि पर अधिकार करना।
2– आग लगाना, ले जाना या जलाना।
3– पशुओं को उन पर छोड़ना या चराना।
4– वृक्ष पातन (काटना) वृक्षों के पत्ते काटना, वृक्षों का चिरान करना, जलाना आदि उनकी छाल उतारना।
5– पत्थर खोदना, चूना या कोयला जलाना आदि
6– भूमि तोड़ना या सफाई करके खेती योग्य बनाना ।
7– अवैध शिकार करना, मछली मारना, पानी में जहर डालना।
8– हाथी मारना या पकड़ना आदि ।

इन कार्यों के करने वाले व्यक्ति को भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–26 (1)(ए) (जे) के अधीन दण्डित किया जा सकता है।

सर्व साधारण को यह भी सूचना दी जाती है कि जो व्यक्ति भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–8 और 5 में वर्णित किसी अधिकार पर अपना दावा समझता है तो वन बन्दोबस्त अधिकारी कानपुर जिला कानपुर के सामने इस विज्ञप्ति की तारीख से 03 माह के अन्दर उपस्थित हो और अपना दावा प्रस्तुत करें या अपना दावा लिखित रूप में भेजें।

**अनुसूची**

| क्र. सं. | जिला | तहसील | ग्राम | गाटा संख्या | क्षेत्रफल हे0 में) | सीमा विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | ब्लाक –1 | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कानपुर नगर | बिल्हौर | हरनू | 16 | 1.2290 | उत्तर–सीमा ग्राम मदाराराय गुमान<br>पूरब–गाटा संख्या–17<br>दक्षिण– गाटा संख्या– 82<br>पश्चिम – गाटा संख्या –15 |
| | | | ब्लाक नं0–2 | | | |
| 1 | कानपुर नगर | बिल्हौर | हरनू | 25 | 0.9730 | उत्तर–सीमा ग्राम मदाराय गुमान<br>पूरब–गाटा संख्या–613<br>दक्षिण – गाटा संख्या–26, 27<br>पश्चिम– गाटा संख्या–24 |
| | | | ब्लाक नं0–3 | | | |
| 1 | कानपुर नगर | बिल्हौर | हरनू | 60 मि0 | 0.9830 | उत्तर–52, 53, 54<br>पूरब 55, 56, 58<br>दक्षिण – 82<br>पश्चिम– 51, 52 |
| | | | ब्लाक न0–4 | | | |
| | कानपुर नगर | बिल्हौर | हरनू | 108 | 2.4590 | उत्तर–103, 104, 83, 82<br>पूरब 162, 163, 160<br>दक्षिण – 154, 184, 159<br>पश्चिम 152, 117, 113, 114, 116, 112 |
| | | | | 155 | 2.6850 | |
| | | | | 157 | 4.3530 | |
| | | | | | 9.497 | |
| | | | ब्लाक नं0–5 | | | |
| | कानपुर नगर | बिल्हौर | हरनू | 132 | 2.5400 | उत्तर–131, 128, 129<br>पूरब–गाटा संख्या–125, 126, 141, 142, 143<br>दक्षिण – गाटा संख्या–138, 139, 140<br>पश्चिम– सीमा ग्राम नदिहा खुर्द<br>व गाटा 133 |
| | | | ब्लाक नं0–6 | | | |
| | कानपुर नगर | बिल्हौर | हरनू | 177 मि | 1.6390 | उत्तर– गाटा संख्या–82, 163<br>पूरब–गाटा संख्या– 178, 179<br>दक्षिण– गाटा संख्या– 176, 175<br>पश्चिम – गाटा संख्या – 164, 165, 171 |
| | | | ब्लाक नं0–7 | | | |
| | कानपुर नगर | बिल्हौर | हरनू | 182 | 2.9400 | उत्तर– गाटा संख्या– 183, 159, 160, 168, 169. 174 पूरब–गाटा संख्या–181, 234, 235<br>दक्षिण– गाटा संख्या–236, 252. 247, 260. 262, 259<br>पश्चिम– गाटा संख्या–232, 231. 229, 228, 255, 258 |
| | | | | 233 | 4.0250 | |
| | | | | 253 | 0,1020 | |
| | | | | 254 | 2,0590 | |
| | | | | 261क | 1.5360 | |
| | | | | | 10.662 | |
| | | | ब्लाक नं0–8 | | | |
| | कानपुर नगर | बिल्हौर | हरनू | 635 | 0,2050 | उत्तर– गाटा संख्या–628 व सीमा मदारा रायगुमान<br>पूरब–गाटा संख्या– 670, 671, 669 का भाग<br>दक्षिण– गाटा संख्या–700/1426, 700, 701, 702, 665<br>पश्चिम – गाटा संख्या– |
| | | | | 668 | 4.6600 | |
| | | | | 669 ख | 5.5820 | |
| | | | | | 10.447 | |
| | | | ब्लाक नं0–9 | | | |
| | कानपुर नगर | बिल्हौर | हरनू | 672 घ | 1.0750 | |
| | | | ब्लाक नं0–10 | | | |
| | कानपुर नगर | बिल्हौर | हरनू | 1067 क | 0.1020 | उत्तर – गाटा संख्या–1131, 1130, 1146, 1147, 1148, 1159, 1160, 1106<br>पूरब–गाटा संख्या –1117, 1118, 1122, 1063, 1066, 1070<br>दक्षिण – गाटा संख्या–1400, 1407 सीमा ग्राम बीरामऊ<br>पश्चिम– गाटा संख्या– 1333, 1332, 1369 का भाग |
| | | | | 1071 | 6.3820 | |
| | | | | 1119क | 0.0510 | |
| | | | | 1124 | 3.1750 | |
| | | | | 1126 | 0.1440 | |
| | | | | 1127 ख | 6.0630 | |
| | | | | 1126/1422 | 0.0510 | |
| | | | | 1379 ग | 20.7840 | |
| | | | | 1380 | 0.0410 | |
| | | | | 1382 | 0.1120 | |
| | | | | 1383 | 0.1640 | |
| | | | | 1384 | 2.0590 | |
| | | | | 1409 | 0.0200 | |
| | | | | 1410 | 0.8910 | |
| | | | | 1411 ख | 0.6450 | |
| | | | | | 40.684 | |
| | | | ब्लाक न0–11 | | | |
| | कानपुर नगर | बिल्हौर | हरनू | 1274 ख | 1.5690 | उत्तर गाटा संख्या–1273. 1269, 1254<br>पूरब–गाटा संख्या–1279<br>दक्षिण – गाटा संख्या–1310, 1311, 1309<br>पश्चिम – सीमा ग्राम नदिहा बुजुर्ग |
| | | | ब्लाक न0–12 | | | |
| | | | | 1308 | 3.3800 | उत्तर– गाटा संख्या– 1269, 1292, 1293, 1294, 1295<br>पूरब–गाटा संख्या– 1296, 1297, 84,678 1306, 1352<br>दक्षिण– गाटा संख्या– 1348, 1347. 1317<br>पश्चिम– 1316, 1313, 1312, 1310, 1309 |
| | | | | | 84.678 | |

वन बन्दोबस्त अधिकारी/
अपर नगर मजिस्ट्रेट (सप्तम)
कानपुर

## न्यूज ब्रीफ

### आज रनियां में पांच घंटे गुल रहेगी बिजली

**रनियां।** 33/11 उपकेंद्र रनियां में बिजनेस प्लान योजना में लाइन शुद्धिकरण का कार्य किया जाएगा। इसके चलते 11 केवी फीडरों में आज रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक शट-डाउन रहेगा। इस दौरान औद्योगिक इकाइयों सहित रनियां टाउन, गजनेर रोड, व चिराना में 5 घंटे आपूर्ति बंद रहेगी। जानकारी एसडीओ विकास सोनी ने दी।

### फर्श पर गिरी वृद्धा की थम गई सांस

**राजपुर।** नगर पंचायत के पटेल नगर में एक वृद्ध महिला अचानक फिसलकर गिर गई, जिससे मौके पर मौत हो गई। परिजन सांस की आस में अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। श्यामलाल की पत्नी जमुना देवी (90) घर की फर्स के पास रखी सीमेंट की पटिया पर गिर गई थीं। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बेटे सुनील वर्मा ने बताया कि वह चारपाई से किसी काम के लिए उठी थीं, अचानक सीमेंट की पटिया से सिर टकरा गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### ऑटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**कानपुर देहात।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर निवासी गोपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 मार्च की शाम 8 बजे उसके भाई गोविंद अपने मित्र नितिन के साथ डेरापुर से परौख की तरफ आ रहे थे। परौख गेट के सामने ऑटो चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज चल रहा है। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

### सड़क हादसे का दर्ज कराया गया मुकदमा

**कानपुर देहात।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के खितारी गांव निवासी गया प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 मार्च की शाम उनके भाई मथुरा प्रसाद (55) पड़ोस के ही हेतराम (40) के साथ परजनी पुल से होकर पैदल भंडारे में जा रहे थे। इसी दौरान परजनी पुल के पास में स्विफ्ट कार के चालक ने दोनों के टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज अभी चल रहा है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

### मंदिर में अखंड-पाठ के बाद हुआ भंडारा

**कानपुर देहात।** चैत्र नवरात्र की रामनवमी पर मझपटिया गांव के मां गमा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर में अखंड-पाठ का हुआ। आचार्य राजकुमार अग्निहोत्री ने हवन पूजन कराया। भक्तों ने मातारानी की आराधना की। नव युवक कमेटी ने भंडारा कराया। श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के बाद व्रत का परायण किया। घरों में कन्या पूजन हुआ। बच्चियों को देवी स्वरूप मानकर भोजन कराया गया और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया।

### लंबित प्रकरणों के निस्तारण पर जोर

**कानपुर देहात।** अभियोजन कार्यों की प्रगति एवं लंबित प्रकरणों को लेकर कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक हुई। डीएम कपिल सिंह ने निर्देश दिए कि अभियोजन कार्यों में शिथिलता अथवा विलंब स्वीकार नहीं होगा। लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। डीएम ने पुलिस एवं अभियोजन अधिकारियों के मध्य बेहतर समन्वय पर बल देते हुए कहा कि साक्ष्य संकलन, केस डायरी की समय से उपलब्धता, गवाहों की उपस्थिति एवं अन्य न्यायिक औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए, जिससे अभियोजन कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों की समीक्षा की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय भी रहीं।

### डीएम ने वेयर हाउस पहुंच लिया जायजा

**कानपुर देहात।** शनिवार को डीएम कपिल सिंह ने पार्टी प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। सीसीटीवी व्यवस्था, सफाई, रखरखाव देखकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि नियमित अंतराल में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार भी रहे।

# विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की हुई समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जिले के प्रभारी मंत्री ने विधायकों की मौजूदगी में की समीक्षा
- गर्मी को देखते हुए जर्जर बिजली के तार दुरुस्त करने के निर्देश

**अमृत विचारः** शनिवार को जिले के प्रभारी मंत्री डा. संजय कुमार निषाद ने कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। मंत्री राकेश सचान, अजीत सिंह पाल और प्रतिभा शुक्ला भी इस मौके पर मौजूद रहीं। प्रभारी मंत्री का फोकस बिजली विभाग पर रहा। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से कहा कि विद्युत बिल राहत योजना की जानकारी जनप्रतिनिधियों उपलब्ध कराएं। जर्जर तारों की मरम्मत भी समय पर सुनिश्चित हो।

समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। विद्युत से संबन्धित समस्याओं का तय समय-सीमा में निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ, कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिलाने, खाद व बीज की उपलब्धता केन्द्रों पर सुनिश्चित करने तथा विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने केसीसी, फसल बीमा आदि से संबन्धित कैंप आयोजित कराने, सभी सचिवालयों पर कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं के पोस्टर बैनर लगाने के भी निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को जिला चिकित्सालय में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने एवं आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थित शौचालयों की साफ-सफाई कराने व सभी व्यवस्थाऐं दुरूस्त रखने डेरापुर रसूलाबाद सीएससी की अल्ट्रासाउंड मशीनों को संचालित करानें के निर्देश दिए गए।

मंत्री ने नगरीय क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराने, सार्वजनिक शौचालयों एवं मलिन बस्तियों में नियमित स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों, सार्वजनिक भवनों, स्कूलों आदि में रोस्टर के अनुसार नियमित साफ-सफाई कराने की जरूरत पर जोर दिया। सभी विभागों को अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं का प्रचार-प्रसार पंचायत घरों पर कराने, ग्राम पंचायतों में योजनाओं के पोस्टर लगाने तथा प्रत्येक योजना की पात्रता का स्पष्ट उल्लेख करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ, वन विभाग को लगाए गए वृक्षों की समुचित देख-रेख, वन क्षेत्र पर अवैध कब्जे संबंधी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने, जल जीवन मिशन के अंतर्गत शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रभारी मंत्री संजय निषाद। अमृत विचार

### लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र और टूल किट

**कानपुर देहात।** बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक एवं टूल किट वितरित किए गए। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है तथा योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बीते 9 वर्षों में प्रदेश ने विकास, सुशासन एवं पारदर्शिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद पत्रकारों से भी बात की।

# तेज रफ्तार लोडर ने छीनी युवक की जान

संवाददाता, मंगलपुर

- हादसे में बाइक पर सवार दूसरा युवक भी गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचारः** मंगलपुर थाना क्षेत्र के प्रयागपुर गांव के सामने लोडर की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार हेतु ले जाया गया है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के हवासपुर निवासी रामचन्द्र (26) पुत्र बलदेव और विमल (32) पुत्र शिवराम मोटरसाइकिल से मड़नापुर डेरापुर में आयोजित मुंडन संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे प्रयागपुर गांव के सामने से आ रहे तेज रफ्तार लोडर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीर रिंकू, इमरान और अभिषेक समेत अन्य लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झींझक पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. शिरोमणि सिंह ने परीक्षण के बाद रामचन्द्र को मृत घोषित कर दिया।


रामचंद्र।

वहीं गंभीर रूप से घायल विमल का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। परिजनों की सूचना पर मंगलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। उपनिरीक्षक सूरजपाल ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# युवती से रेप, फिर पिता की हत्या में हुई उम्रकैद

## गजनेर थाना क्षेत्र में करीब 12 साल पहले हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पीड़िता युवती की मां ने थाने में दर्ज कराया था मुकदमा
- एडीजे कोर्ट ने अभियुक्त पर 80 हजार अर्थदंड लगाया

**अमृत विचारः** जिले के थाना गजनेर क्षेत्र के एक गांव में करीब 12 साल पहले युवती के साथ दुष्कर्म और फिर उसके पिता की हत्या के मामले में कोर्ट का फैसला आ गया है। शनिवार को एडीजे-एफटीसी-एक ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख 80 हजार का अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड अदा नहीं किए जाने की स्थिति में दुष्कर्मी को दस माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

घटना के संबन्ध में 26 दिसंबर 2014 को मुकदमा कायम हुआ था। पीड़िता की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में छविनाथ सिंह उर्फ छुन्ना सिंह पुत्र शिवरतन निवासी ग्राम रामदास का पुरवा थाना बिधूना जनपद औरैया को नामजद कराया गया था। आरोप था कि छविनाथ सिंह द्वारा वादिनी के पति को जान से मार दिया गया। इसके बाद वादिनी की बेटी का शारीरिक शोषण किया। इस पर गजनेर थाने में धारा 304,376,504,506 व 406 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद मुकदमे के विवेचक ने पूरे मामले की गहराई से विवेचना करते हुए वादी और गवाहों के वास्तविक तथ्यों के आधार पर व गवाही देने के आधार पर 15 अप्रैल 2015 को न्यायालय में चार्ज शीट दाखिल कर दी थी। न्यायालय में पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त छविनाथ सिंह उर्फ छुन्ना सिंह उपरोक्त को दोषी ठहराया। कोर्ट ने छविनाथ सिंह उर्फ छुन्ना सिंह को दोष सिद्ध करार दिया। इसके बाद उसे आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही एक लाख 80हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड अदा न करने पर दुष्कर्मी को 10 माह का सश्रम कारावास की सजा' भुगतनी होगी।



### एक्सपायरी डेट की बियर की जांच शुरू

**रसूलाबाद।** एक्सपायरी डेट की शराब और बियर बेचे जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। वीडियो सही पाए जाने पर दोषियों पर कार्रवाई होगी।

वीडियो में एक व्यक्ति बियर की बोतल पर अंकित एक्सपायरी डेट दिखाते हुए सेल्समैन से बिक्री पर सवाल उठा रहा है। सेल्समैन एक्सपायर न होने का दावा कर रहा है। गोपालपुर निवासी वीर सिंह ने बताया कि उसने बुधवार को बियर की दो कैन खरीदी थीं। बियर में अलग गंध आ रही थी। बियर एक्सपायर हो चुकी थी। उसके पास एक बंद बियर कैन रखी है। लोगों ने इसे गंभीर बताया और कहा कि एक्सपायरी शराब की बिक्री से स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। आबकारी इंस्पेक्टर रणविजय ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अपमान से आहत होकर युवक ने पेड़ में फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** गजनेर थाना क्षेत्र के खनपना गांव में एक युवक ने आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंची पुलिस व फील्ड यूनिट ने आवश्यक जांच पड़ताल व साक्ष्य संकलित कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया।


मान सिंह।

खनपना गांव निवासी मान सिंह यादव (22) पुत्र फूल सिंह घर में पिता के साथ खेती-बाड़ी में हाथ बंटाता था। दिन में थोड़ा समय निकालकर सरवनखेड़ा स्थित एक मेडिकल स्टोर में नौकरी करता था। मान सिंह के चाचा राजा सिंह की मानें तो मान सिंह का गांव में ही एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार की सुबह किशोरी की मां व उसका भाई युवक के दरवाजे पहुंचे और उसे काफी भला बुरा कहा, लेकिन मान सिंह चुपचाप सुनता रहा और उसने पलट कर कोई जवाब नही दिया। थोड़ी देर बाद वह घर से निकला और गांव के बाहर खुद के बगीचे में एक आम के पेड़ में रस्सी के सहारे लटक गया। ग्रामीणों ने देखा तो जानकारी घरवालों को हुई। मां सुनैना सहित घरवालों का रो रोकर बुरा हाल था। इधर, सूचना पर चौकी इंचार्ज पामा शोभित कटियार घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भिजवाया। गजनेर थानाध्यक्ष शिवप्रताप सिंह ने बताया कि फौती सूचना पर शव को पीएम के लिए भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बंसी निवादा में युवक ने फांसी लगा खुदकुशी की

**रसूलाबाद।** बंसी निवादा निवासी महेंद्र पाल प्रजापति का पुत्र अमित (22) सुबह घर से निकला और गांव के बाहर बबूल के पेड़ में अंगौछे व एक छीटदार कपड़े का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने परिवार को सूचना दी, जिससे घर में कोहराम मच गया। बताते हैं कि अमित की मां सरला देवी ने पहले पति बेचेलाल के फांसी लगाने के बाद महेंद्र पाल से दोबारा शादी की थी। महेंद्र पाल से दो पुत्र धीरज व अमित थे। इसमें अमित ने शनिवार को फांसी लगा ली। पहले पति से उसके एक पुत्र नीरज एवं एक पुत्री कल्पना है। अमित की मौत से मां सरला देवी, पिता महेंद्र पाल, भाई धीरज, नीरज, बहन कल्पना का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया कि मौके पर उपनिरीक्षक उदयभान सिंह को पुलिस के साथ भेजा गया। एसआई उदयभान सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।

### मां भगवती की विदाई


रसूलाबाद तहसील क्षेत्र में विस्थापित शरणार्थी बंगालियों की बस्ती महेंद्रनगर में मां दुर्गा की शोभा यात्रा निकाली गई। 'जय माता दी' और 'दुर्गा मैया की जय' के जयकारों के साथ शोभायात्रा रसूलाबाद आई और प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करने के बाद सियारी नाले पहुंची, वहां प्रतिमा का विसर्जन किया गया। ● अमृत विचार

# टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने संतोष सक्सेना, कमल महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जनपद में पहली बार टैक्स बार एसोसिएशन का गठन हुआ। शनिवार को चुनाव में अधिवक्ता संतोष कुमार सक्सेना को अध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों का भी चुनाव हुआ। साथियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं के लिए हर संभव लड़ाई लड़ी जाएगी।

जनपद में सिविल, लॉयर्स, जिला बार और अधिवक्ता समिति के निर्वाचन नियत समय पर होते आए हैं। पहली बार टैक्स बार एसोएसिशन का गठन हुआ है। अध्यक्ष तथा महत्वपूर्ण पदों के लिए नाम रखे गए। सदस्यों ने मनपसंद प्रत्याशी के पक्ष में हामी भरी और हाथ उठा कर समर्थन किया। संतोष कुमार सक्सेना निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुन लिए गए।

उपाध्यक्ष पद के लिए संदीप यादव, महामंत्री-कोषाध्यक्ष पद के लिए कमल सिंह गौर, संयुक्त मंत्री (प्रशासन) विमलेश कुमार पांडेय, संयुक्त मंत्री पुष्पेन्द्र प्रजापति व आडीटर पद के लिए प्रभात मिश्रा का निर्वाचन हुआ। शुभम सक्सेना, आशीष शुक्ला, प्रशांत त्रिपाठी व शुभम् ओमर कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार बाजपेई, दीप कांत श्रीवास्तव दीपू, आदेश कुमार गुप्ता, हरिकृष्ण गुप्ता की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी हुई। एसोसिएशन में 40 सदस्य हैं।


निर्वाचन के बाद पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अमृत विचार

# मित्र के साथ छल को ईश्वर नहीं करते क्षमा

संवाददाता, शिवली

- ईश्वरीय देवी मंदिर में कथा के दौरान सच्ची मित्रता का संदेश

**अमृत विचारः** बुरे वक्त में मित्र का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। मित्र के साथ धोखा करने वाले को भगवान भी माफ नहीं करते हैं। यह विचार सूतनपुरवा गांव स्थित ईश्वरीय मां मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन भगवान कृष्ण एवं सुदामा के चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाते हुए कथा व्यास त्रिभुवन त्रिवेदी ने उपस्थित श्रोतागणों के बीच व्यक्त किए।

ईश्वरीय देवी मंदिर में पिछले एक सप्ताह से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के विराम दिवस के अवसर पर कथा व्यास भागवत व्यास त्रिभुवन त्रिवेदी ने श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन उपस्थित श्रोतागणों को रुक्मणी विवाह के साथ-साथ सुदामा चरित्र की कथा का रसपान करवाया। उन्होंने कहा थोड़े से लालच में दोस्ती को दरकिनार करने वाले लोगों को भगवान कृष्ण एवं उनके बाल सखा सुदामा की दोस्ती से सीख लेनी चाहिए। कृष्ण एवं सुदामा की मित्रता भक्त और भगवान के सच्चे प्रेम की भी पहचान करवाती है। सुदामा एक मित्र के साथ-साथ ईश्वर की अविरल भक्ति भी है जिसमें श्री कृष्ण को नंगे पैरों दौड़कर गले लगाने को मजबूर कर दिया। आज कल की मित्रता तो केवल स्वार्थ की मित्रता रह गई है मित्रता में निस्वार्थ प्रेम कहीं नहीं देखने को मिलता है। मित्रता हो तो कृष्ण और सुदामा जैसी।

**आस्था का केंद्र** | शिवली के लंका मैदान के करीब बियाबान जंगल में बही भक्ति की बयार

# पंथा माई मंदिर में हवन से महका दरबार

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** नवरात्र के समापन पर रामनवमी की रात कस्बा शिवली स्थित पंथा देवी मंदिर पर मंदिर के पुजारी व भक्तों द्वारा विशाल हवन का आयोजन किया गया। रात के समय माता रानी के दरबार में हुए हवन में काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

नवरात्र के दिनों में कस्बा शिवली के लंका मैदान के करीब बियाबान जंगल में स्थित पंथा देवी मंदिर भक्तों के लिए आस्था का केंद्र बना रहा। कस्बा ही नहीं वरन आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में भक्त यहां पर मां के दर्शन करने आते है। मंदिर के पुजारी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि करीब आठ दशक पूर्व शिवली कस्बे में प्लेग नामक जानलेवा बीमारी फैली थी। इसकी वजह से कस्बे के लोगों ने डर की वजह से कस्बे के दक्षिणी कोने पर स्थित टीले पर जो बियाबान जंगल में था वहीं पर अपना अपना डेरा जमाया था। प्लेग की चपेट में आकर तमाम लोगों की मौत हो जाने से भयभीत कस्बा वासियों ने वहीं पर आदिशक्ति का अनुष्ठान किया था।

महामारी से निजात मिलते ही यहां पर मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया था। बीमारी का प्रकोप शांत होने के बाद यहां पर कस्बा वासियों, भक्तजनों के सहयोग से मंदिर का निर्माण करवाया गया था। कस्बा वासियों का मानना है कि मंदिर में पूजन करने के बाद स्थित गुरुकूप से पानी ग्रहण करने पर तमाम बीमारियों से निजात मिल जाती हैं। बीमारी ठीक हो जाने पर भक्तजन यहां पर झंडा चढ़ाते हैं। हवन-पूजन के समय पुजारी मनोज तिवारी, विपिन गुप्ता, सौरभ सोनी, अक्षय सोनी, दिव्यांश अग्निहोत्री, गुंजन पांडेय आदि मौजूद रहे।


पंथा माई मंदिर में कुंड में हवन की आहुतियां डालते भक्त। अमृत विचार

# संगसियापुर बवाल में कथावाचक समेत 33 लोगों पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- बौद्ध कथा के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर हुआ था बवाल
- मारपीट, पथराव के बाद खंडित हुई थी डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के संगसियापुर में बौद्ध कथा के दौरान बवाल के बाद एक पक्ष का मुकदमा कायम हुआ था। इसे लेकर पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई सवालों के घेरे में थी। शनिवार को गांव के ही युवक ने दूसरे पक्ष के खिलाफ तहरीर दी, जिस पर कथा वाचक सहित 33 लोगों के विरुद्ध नामजद और 15-20 अज्ञात लोगों पर मुकदमा कायम किया गया है।

संगसियापुर में 18 मार्च से बौद्ध कथा प्रारंभ हुई थी। बुधवार को समापन हुआ। कथा के दौरान हिंदू देवी-देवताओं और सामान्य जाति के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर माहौल खराब हुआ। 23 मार्च को गांव के लोगों ने अधिकारियों से शिकायत की। प्रशासन ने संजीदगी नहीं दिखाई। बुधवार को कथा समापन के बाद गांव का माहौल खराब हो गया। जमकर मारपीट हुई। कुछ घरों पर पथराव भी हुआ। इसके बाद गांव में लगी डा अंबेडकर की प्रतिमा किसी ने खंडित कर दी। गांव के देवेंद्र कुमार ने तहरीर देकर गांव के 9 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी। करीब दो दर्जन अज्ञात लोगों पर भी रिपोर्ट हुई।

घटना के बाद तनाव को देखते हुए पुलिस ने नामित लोगों में से दो को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद गांव में सुरक्षा बढ़ा दी गई। प्रशासन के इस रवैए पर सवाल खड़े हुए। दूसरे पक्ष ने एक तरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। इसके बीच गांव के ही नागेंद्र पुत्र सुरेंद्र सिंह ने तहरीर देकर तीन दर्जन से अधिक लोगों को नामजद कराते हुए मुकदमा कायम कराया। नागेंद्र के मुताबिक 23 मार्च को की गई शिकायत से खफा नामजद लोगों ने घरों पर पथराव किया। धारदार हथियारों के साथ घरों में घुसे लोगों ने महिलाओं के साथ अभद्रता की। कथा वाचक मिलन बौद्ध सहित सभी आरोपियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। पुलिस ने बताया कि जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### समाधान दिवस पर एक भी फरियादी नहीं पहुंचा

**हमीरपुर।** थाने में आयोजित समाधान दिवस में एक भी फरियादी शिकायत दर्ज कराने नहीं पहुंचे। अधिकारियों ने लेखपालों को क्षेत्र में रहकर कार्य करने का आदेश दिया है। माह के चौथे शनिवार पर थाना परिसर में सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मौदहा एसडीएम करनवीर सिंह, सीओ राजकुमार पांडेय मौजूद रहे। दोनों अधिकारी करीब एक घंटा तक समाधान दिवस में बैठकर फरियादियों की आने की प्रतीक्षा करते रहे हैं। लेकिन एक भी फरियादी नहीं पहुंचा। सन्नाटा पसरा रहा।

### परिवार के लोगों पर अभद्रता का आरोप

**हमीरपुर।** कस्बे पुरवा मोहाल निवासी आरती पत्नी राजेश कुशवाहा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि तीन साल पहले उसने लव मैरिज की थी। परिवार के राकेश विनोद पुत्रगण गोपाल, गेंदा पुत्र कल्लू रंजिश मानते हुए आए दिन अभद्रता कर परेशान कर रहे हैं। पति की रिक्शा को लेकर आने-जाने पर रास्ते में रोक कर अभद्रता कर मारपीट करने के लिए आमादा हो जाते हैं। वहीं घर के दरवाजा में आकर अभद्रता करते हुए हंगामा करते है। परिजनों से आहत आकर महिला ने थाने में तहरीर दी है। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पुरैनी में युवक ने जहर खाकर दे दी जान

**हमीरपुर।** जलालपुर थाने के पुरैनी गांव में एक युवक ने जहर खा लिया। हालत खराब होने पर परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुरैनी गांव निवासी राकेश (25) पुत्र भूरा ने शनिवार की दोपहर पारिवारिक विवाद के चलते अपने घर में जहर खा लिया। परिजनों ने जब युवक की हालत खराब देखी तो आनन फानन सीएचसी सरीला ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि राकेश ईंट भट्ठों पर मजदूरी करता था। इसके अलावा वह खेती बाडी भी करता था। परिजनों ने बताया कि राकेश आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और डिप्रेशन में था। परिजनों के अनुसार, इसी तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। जलालपुर थानाध्यक्ष ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### माता-पिता ने पुत्र के खिलाफ दी तहरीर

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव निवासी भीकम पुत्र नाथूराम दुबे ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि एकलौता पुत्र मनीष आए दिन शराब पीकर घर में हंगामा करते हुए अभद्रता कर उत्पात मचाता चला आ रहा है। शुक्रवार की रात शराब के नशे में पुत्र आकर अपनी पत्नी काजल के साथ अभद्रता कर मारपीट करने लगा। शोर सुनकर बीच बचाव करने गई उसकी मां को मारापीटा। पिता से पूरी जमीन अपने नाम किए जाने का दबाव बना रहा है। जमीन नाम न किए जाने पर माता पिता को जान से मारने की धमकी दे रहा है। माता पिता पुत्र की धमकी से भयभीत व परेशान होकर थाने में तहरीर दी है। एसआई राजेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर उसके पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी स्कीम के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## फर्जी आधार कार्ड व सिम बरामद, निवेश में भारी लाभ का देते थे लालच

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह फर्जी निवेश योजनाओं के जरिए लोगों को रातों-रात अमीर बनने का सपना दिखाकर ठगी का शिकार बनाता था।

थाना प्रभारी सुधीर कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए गौरी गांव निवासी वीरेंद्र, लवकुश उर्फ ठाकुर और अरुण कुमार उर्फ छोटू को दबोच लिया। पुलिस ने इनके पास से 3 मोबाइल फोन, 3 फर्जी आधार कार्ड, 4 बैंक पासबुक और 5 सिम कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने कुबूला कि वे कूटरचित आधार कार्ड के जरिए सिम हासिल करते थे और विभिन्न बैंकों व जनसेवा केंद्रों पर फर्जी खाते खुलवाते थे। पुलिस से बचने के लिए वे इन्हीं फर्जी खातों में ठगी की रकम मंगवाते थे। एसीपी मंजय सिंह ने बताया कि यह एक संगठित गिरोह है और इसके नेटवर्क में अन्य लोगों के शामिल होने की भी संभावना है। आरोपियों को आईटी एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है। सफलता पाने वाली टीम में कोतवाल सुधीर कुमार, साइबर सेल प्रभारी शुभम यादव (पश्चिम जोन), उनि. मोहित यादव, शुभम देशवाल, अजय कुमार रहे।

### पुलिस ने जारी की 8 टॉप हिस्ट्रीशीटरों की सूची

■ **बिल्हौर।** कोतवाली क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौकी पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए क्षेत्र के 8 टॉप हिस्ट्रीशीटरों की सूची जारी की है। पुलिस ने इन अपराधियों के नाम और विवरण चौकी, थानों सहित सार्वजनिक स्थानों पर भी चस्पा कर दिए हैं, ताकि जनता इनके प्रति सतर्क रहे और पुलिस की निगरानी मजबूत हो सके। उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज अमित कुमार ने बताया कि चिह्नित किए गए अपराधियों में मोहम्मद रफ़ी उर्फ जावेद, अरुण कोरी, गौरव उर्फ बाबू मिश्रा, विनय कोरी, राजेंद्र उर्फ पालू (सभी निवासी उत्तरी/उत्तरीपुरा), पिंटू बहेलिया, देव सिंह उर्फ दीपसिंह (निवासी रामबक्स पूर्वा) और राजेश बेरिया (निवासी बदननिवादा) शामिल हैं। कोतवाली पुलिस के अनुसार, इन सभी हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र के दरोगा और बीट आरक्षियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस का उद्देश्य इन अपराधियों की वर्तमान सक्रियता की जांच करना और किसी भी संदिग्ध गतिविधि होने पर तत्काल कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करना है। साथ ही उन्होंने बताया कि सभी हिस्ट्रीशीटरों की सूची सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा की गई है।

### डंपर चालक पर किया फायर बाल-बाल बचा

**बिठूर।** क्षेत्र में मिट्टी खनन को लेकर आये दिन विवाद हो रहा है। शनिवार करीब एक बजे खनन के मामले में रंगदारी और वर्चस्व को लेकर सुक्खानिवादा चौबेपुर निवासी राजेश यादव, विशेष यादव गुनऊपुरवा और गंभीरपुर बिठूर निवासी शुभम यादव और करीब 4 से 5 लोगों पर डंपर चालक लुधौरी नई बस्ती निवासी शानू पर फायर करने का आरोप लगा है। मुकदमा दर्ज कराने वाले सिंहपुर निवासी अभिषेक चतुर्वेदी ने आरोपितों के खिलाफ जान से मारने का प्रयास और गालीगलौज करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि उसके पास जय श्री राम कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम मिट्टी खनन का परमिट है। आरोप है कि शनिवार देर रात सभी आरोपियों ने उससे क्षेत्र में खनन करने के नाम रंगदारी मांगी और इसके बाद जब उसकी कंपनी का डंपर चालक डंपर लेकर जा रहा था तभी सभी आरोपियों ने गंभीरपुर के पास डंपर रोकने का प्रयास किया, जब डंपर चालक ने डंपर नही रोका तो आरोपियों ने उस पर फायर झोंक दिया। वह बाल बाल बच गया।

# टीचर की डांट से क्षुब्ध होकर 11 साल की छात्रा ने की खुदकुशी

संवाददाता, सौरिख (कन्नौज)

**अमृत विचार।** टीचर की डांट से 11 साल की मासूम इतनी दुखी हुई कि घर जाकर फंदा लगाकर जान दे दी। इस हृदयविदारक घटना से दुःखी व गुस्साए परिजनों ने शव विद्यालय में रखकर कई घंटे हंगामा काटा। मां की तहरीर पर पुलिस ने दो शिक्षिकाओं, प्रधानाध्यापक समेत चार शिक्षकों के विरुद्ध आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

विकास खण्ड सौरिख के गांव निवारी निवासी निधि (11) पुत्री अजय कुमार बाथम कम्पोजिट विद्यालय वेहटा रामपुर में कक्षा 5 में पढ़ती थी। शनिवार सुबह रोज की तरह वह साइकिल से विद्यालय गई। प्रार्थना के दौरान सभी बच्चों के नाखून, बाल एवं कपड़े आदि चेक किए गए। इस दौरान निधि को विद्यालय के स्टाफ ने रोक लिया और उसको डांटकर बिना नहाये विद्यालय न आने की हिदायत दी। इससे बच्ची आहत हो गई और बस्ता विद्यालय में छोड़कर साइकिल उठाकर रोती हुई घर चली गई। घर के बाहर मां आरती देवी बैठी थी। उसने रोने का कारण पूछा तो कोई जवाब नहीं दिया और अंदर चली गई। काफी देर बाद जब वह बाहर नहीं निकली तो मां ने अंदर जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। वह छत के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटकी थी।

तुरंत गांव व परिवार के लोगों को बुलाकर उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इससे परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजन शव लेकर विद्यालय पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी तो विद्यालय स्टाफ ने खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ पाठक को दी।



निधि की फाइल फोटो।

### बच्चों के तनाव को समझें अभिभावक

**कानपुर।** 8 से 14 साल के बच्चों के भीतर संवेदनशीलता अधिक होती है। ऐसे में सबसे पहले घर में अभिभावकों को बच्चों के स्वभाव में होने वाले परिवर्तन को समझना चाहिए। मनोवैज्ञानिक डॉ. नरेश चंद्र ने बताया कि घर में यदि बच्चों के स्वभाव में परिवर्तन आ रहा है। मसलन यदि वह अकेला रहना अधिक पसंद कर रहा है। खेलने में भी रुचि नहीं दिखा रहा है। खान-पान व बातचीत में परिवर्तन या फिर कमी कर दी है। इस स्थिति में अभिभावकों को तुरंत ही सतर्क रहने की जरूरत है। इसके अलावा दूसरा दायित्व शिक्षकों का भी बनता है कि यदि वे बच्चों में इस तरह के परिवर्तन को भांपते हैं तो इसकी सूचना उन्हें अभिभावकों को देनी चाहिए। बच्चों में अनिद्रा व तनाव जैसे लक्षण अब कम उम्र में सामने आने लगे हैं। जिसे लेकर बच्चों के आस-पास रहने वालों को सतर्क रहने की जरूरत है।

# प्रताड़ना से तंग होकर युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जालौन जनपद के एक रिश्तेदार की लड़की के घर से गायब होने के मामले में आरोपी बनाए जाने और रिश्तेदारों व पुलिस की प्रताड़ना से तंग एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सदर कोतवाली क्षेत्र रमेड़ी मोहल्ला निवासी राजेंद्र वर्मा के पुत्र अभिषेक (20) ने शुक्रवार की देर रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह अभिषेक का शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता राजेंद्र वर्मा ने बताया कि उनका एक्सीडेंट हो गया था, जिस पर अभिषेक ने 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वह घर के काम में हाथ बंटाता था। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी नीलम की शादी जालौन जनपद के उरई कस्बे में हुई थी। पड़ोस में ही नीलम की चचेरी ननद रहती है, जिससे अभिषेक की फोन पर बातचीत होती थी। लगभग तीन साल पहले चचेरी ननद अपना घर छोड़कर उनके घर आ गई थी, जिस पर उसके घरवालों को सूचना दी गई। लड़की के घरवालों ने उल्टे अभिषेक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज कराकर जेल भिजवा दिया था। पांच माह तक वह जेल में रहने के बाद पिछले दिनों जमानत पर घर आया था। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले बेटी की चचेरी ननद फिर घर छोड़कर से किसी के साथ चली गई। अभिषेक घर में ही था, मगर लड़की के घरवालों ने कोंच चौकी में अभिषेक के विरुद्ध पुनः तहरीर दे दी।

# सरकारी स्कूल की छत का गिरा प्लास्टर, हादसा टला

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के जहांगीराबाद स्थित मॉडल प्राइमरी स्कूल का भवन बेहद जर्जर स्थित में है। यहां पर शनिवार सुबह बच्चों के ऊपर स्कूल की जर्जर छत का प्लास्टर का टुकड़ा गिर गया, जिससे स्कूल के बच्चे बाल बाल बच गये। जानकारी होने पर अभिभावकों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने अधिकारियों को सूचना दी। लेकिन मौके पर कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा। लगभग दो घंटे बाद ग्रामीण माने और तब स्कूल में परीक्षा शुरू हो सकी।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव स्थित मॉडल प्राइमरी स्कूल के भवन की छत का प्लास्टर टूट कर गिर गया। इससे विद्यालय में परीक्षा दे रहे छात्र एवं छात्राओं में हड़कंप मच गया। प्रधानाचार्य पुष्पा ने बताया कि वह सन् 2025 से लगातार अधिकारियों को पत्र लिखकर भवन के जर्जर होने की जानकारी दे रही हैं। लेकिन अभी तक भवन की मरम्मत नहीं कराई गई है। शनिवार सुबह रोज की तरह स्कूल खुला और बच्चे स्कूल पहुंचे तभी अचानक तीसरी कक्षा की छत से कुछ टुकड़े गिरने लगे। इस दौरान छत के नीचे बैठे छात्र व छात्राएं बाल बाल बच गए। मामले की जानकारी होने पर अभिभावक स्कूल पर पहुंचे, और बच्चों को स्कूल के अंदर जाने से मना कर दिया। अभिभावकों का कहना है, कि स्कूल का पूरा भवन जर्जर है, अगर हमारे बच्चे को कुछ हो गया तो जिम्मेदार कौन होगा, लगभग दो घंटे तक स्कूल के बाहर हंगामा चलता रहा, प्रधानाचार्य पुष्पा के समझाने पर अभिभावक माने। इसके बाद परीक्षा हुई।



छत का उखड़ा हुआ प्लास्टर दिखातीं प्रधानाचार्य।



स्कूल के बाहर दहशत में खड़े बच्चे। अमृत विचार

● **बाल-बाल बचे छात्र, एसडीएम व एसीपी ने पहुंचकर की जांच**

**एसडीएम व एसीपी ने पहुंचकर की जांच :** घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव और एसडीएम अविचल प्रताप सिंह जहांगीराबाद पहुंचे और मॉडल प्राइमरी की स्थित की जांच करने के बाद स्कूल को बगल में स्थित आरती मैरिज लॉन में शिफ्ट कराया है। वहीं आंगनबाड़ी को एनम सेंटर में शिफ्ट कराया गया है। उन्होंने यहां पर तैनात पंचायत सचिव और एडीओ पंचायत को स्कूल की छत जल्द से जल्द बनवाने के निर्देश दिए।

### विस्फोट की जांच में हलाकान रही पुलिस

**हमीरपुर।** पटाखे की जोरदार आवाज और कंकरों के उछलने के साथ बच्चे के घायल होने की पहेली पुलिस सुलझाने में जुट गई है जबकि परिजन छज्जे से गिरकर घायल होने की बात कर रहे हैं। दो घंटे की गहन जांच के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

शनिवार दोपहर मलीकुआं चौराहे के निकट जोरदार धमाके के साथ धूल का गुबार छा गया और कंकर पत्थर काफी दूर घरों में जाकर गिरे। लोगों का आरोप है कि मोहल्ले में पटाखा बनाने वाले शफीक और कासिम के घर में विस्फोटक रखा था, जिसमें धमाका हुआ है। लोगों की इस बात को उस समय और बल मिल गया जब उसी घर का एक मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन आनन फानन में पहले प्राइवेट अस्पताल और फिर बाहर इलाज के लिए ले गए। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ब्लॉक प्रमुख ने सीसी रोड का फीता काटकर किया लोकार्पण

**बिठूर।** विकास खंड कल्याणपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत ख्योरा कटरी के मजरा दुर्गा पूर्वा में सीसी सड़क का विधिवत लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश अवस्थी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने फीता काटकर नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण किया और कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस सीसी सड़क के लिये ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे थे। इस सड़क के बन जाने से लोगों को आने जाने में काफी सहूलियत होगी और कीचड़ व जलभराव जैसी समस्याओं से भी निजात मिलेगी। वहीं स्थानीय लोगों ने ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी का आभार जताते हुए कहा कि बरसात के दिनों में यहां चलना बेहद कठिन हो जाता था, लेकिन अब इस सड़क के निर्माण से आवागमन आसान हो जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी विकास कार्यों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और क्षेत्र में आगे भी इसी तरह के कार्य कराने का भरोसा दिलाया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पूर्व प्रधान अशोक निषाद, जमुना देवी निषाद, जीतू निषाद, राहुल निषाद ,गुड्डू निषाद, रमेश निषाद, गंगा दीन निषाद सहित भारी संख्या मे क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।




सीसी सड़क का लोकार्पण करतीं ब्लाक प्रमुख अनुराधा अवस्थी। अमृत विचार

### रोडवेज कंडक्टर के साथ मारपीट

**हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव के पास टिकट को लेकर एक यात्री ने रोडवेज बस के परिचालक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

औरैया जनपद के बिधूना थाना क्षेत्र के ग्राम खान जहांपुर निवासी सौरभ ने बताया कि वह राठ रोडवेज डिपो में परिचालक के पद पर तैनात है। गुरुवार को वह दिल्ली से राठ रोडवेज डिपो की बस लेकर वापस राठ आ रहा था। रास्ते में मुस्करा से बस में बैठे एक यात्री ने टिकट को लेकर उसके साथ विवाद करते हुए गाली गलौज कर उसे पीट दिया। आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी यात्री ने उसके बैग से 28 हजार रुपये भी छीन लिए तथा उसका मोबाइल फोन भी पटक कर तोड़ डाला।

### कार पर ईंट से हमला कर तोड़े शीशे

**बिठूर।** सूबेदारनगर निवासी प्रबल प्रताप सिंह ने थाने में प्रियांशु उर्फ राजा ठाकुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार, वह परिवार के साथ बाजार से सामान लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में नशे की हालत में आरोपी प्रियांशु उर्फ राजा ठाकुर ने उनकी गाड़ी रोक ली और गाली-गलौज करने लगा। उनके विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बाद में उसने घर के बाहर खड़ी कार पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे वाहन के शीशे टूट गए और काफी नुकसान हो गय। इंस्पेक्टर बिठूर अशोक कुमार सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। साथ ही पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है।



वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ। अमृत विचार

# वैज्ञानिक व्याख्यान के लिए जनपद से 100 बच्चे रवाना

**हमीरपुर।** जिला विज्ञान के तत्वावधान में जनपद के मेधावी विद्यार्थियों के लिए वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं /संस्थाओं के भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान के अंतर्गत जनपद के 100 मेधावी बच्चों का बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा का भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम कराया गया।

शनिवार को कलेक्ट्रेट गेट पर बस से 50 बच्चे रवाना हुए। जिसको मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता, जिला विज्ञान के सचिव एवं राजकीय इंटर कॉलेज हमीरपुर के वरिष्ठ अध्यापक अध्यापक बाबूराम कनौजिया उपस्थित रहे।

**दिशा-निर्देश** | अब बिना रजिस्ट्रेशन नहीं मिलेगी सरकारी समितियों से खाद

# खाद के लिए अनिवार्य हुई फार्मर आईडी

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

**अमृत विचार।** रबी के सीजन में खाद की किल्लत से बचने और सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए किसानों के पास 'फार्मर आईडी' (किसान रजिस्ट्री) होना अब अनिवार्य कर दिया गया है। शासन द्वारा जारी नए निर्देशों के अनुसार, आगामी दो महीनों के भीतर जिन किसानों ने अपनी फार्मर आईडी नहीं बनवाई है, उन्हें साधन सहकारी समितियों से उर्वरक (खाद) नहीं मिलेगी।

प्रशासन इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने में जुटा हुआ है। उपनिदेशक कृषि, डॉ. आर. एस. वर्मा ने बताया कि शासन की मंशा है कि खाद और अन्य कृषि योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक किसानों को ही मिले। इसके लिए कृषि विभाग और तहसील की राजस्व टीमें प्रत्येक गांव में विशेष अभियान चलाकर कैंप लगा रही हैं। जो किसान कैंप में नहीं पहुंच पा रहे हैं, वे अपने नजदीकी जन सेवा केंद्रों पर जाकर भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं।



### सम्मान निधि के लिए भी जरूरी है 'फार्मर रजिस्ट्री'

- यह आईडी न केवल खाद के लिए, बल्कि पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किस्तों के लिए भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। शासन की योजना है कि भविष्य में सभी कृषि संबंधी लाभ इसी आईडी के माध्यम से सीधे किसानों तक पहुंचाए जाएं। यदि कोई किसान इस प्रक्रिया से छूट जाता है, तो उसे सरकारी खाद के साथ-साथ अन्य अनुदानों से भी वंचित रहना पड़ सकता है।

### बिल्हौर तहसील में अभी पूरा नहीं हुआ लक्ष्य

- बिल्हौर तहसील में 80 फीसद किसानों की रजिस्ट्री का कार्य पूरा हो चुका है।
- शेष 20 प्रतिशत किसान अभी भी इस प्रक्रिया से बाहर हैं।
- नामांतरण (दाखिल-खारिज) में देरी या कागजों में त्रुटियों के कारण इन किसानों का पंजीकरण अटका हुआ है।
- उपनिदेशक कृषि ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते अपनी फार्मर आईडी बनवा लें, ताकि रबी की फसल के दौरान उन्हें खाद के लिए परेशान न होना पड़े।
- तहसीलदार अनुभव चंद्रा ने बताया कि बिल्हौर तहसील क्षेत्र के लगभग 80 फ़ीसदी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो गई है। 20 फ़ीसदी किसान छूट गए हैं। सभी किसानों से अपील है कि वे जल्द से जल्द अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा लें ताकि उन्हें सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके और खाद भी मिल सके।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पॉलिसी संख्या 219174867 में मेरा नाम माया देवी पत्नी निरहू दर्ज है। अन्य सारे कागजात में शीला पत्नी निराहू के नाम से है। यह दोनों नाम एक ही महिला के हैं। मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है। **शीला पत्नी निराहू, ग्राम पैगापुर मटियारिया, पोस्ट खजुरिया, जिला-बलरामपुर**

**NOTICE**
I, TIMME SAHNI W/O MR. HARSH KUMAR SAHNI, R/O-B 203, SHRI RAM APARTMENT, NEW BERRY ROAD, HAZRATGANJ, LUCKNOW, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO TIMMI SAHNI, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS TIMMI SAHNI.

**सूचना**
मेरे पुत्र का नाम भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिलेखों में त्रुटिवश शिवा व जन्मतिथि 28-03-2008 दर्ज है। जबकि आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में हर्ष साहू व जन्मतिथि 24-03-2009 दर्ज है, जो सही है। दोनों नाम मेरे पुत्र के है। अतः अब मेरे पुत्र को हर्ष साहू तथा जन्मतिथि 24-03-2009 के नाम से जाना पहचाना व भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी में दर्ज किया जाए। **राजकपूर पुत्र स्व. राजाराम निवासी ग्राम व पोस्ट खीरो, थाना खीरो, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली**

**सूचना**
सूचना हो कि पहले मेरा नाम MAHAJBEEN था से बदलकर KM MAHAZABEEN रख लिया है। अब मुझे KM MAHAZABEEN के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O- MAIFUZAHAMAD ADD-VILLA- KUMBHI AIMA POST-KUMBHI AIMA PS-UDAYPUR DIST-PRATAPGARH-230125 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD IMARAN से बदलकर MOHAMMAD IMRAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- ISARAR AHAMAD ADD-115 KATRA BANSA NAWABGANJ DIST-BARABANKI-225204 (U.P.)

**सूचना**
मै **सुन्दर लाल पुत्र सूरज लाल निवासी बरियारपुर थाना-रामनगर, जिला-बाराबंकी**, मेरे पुत्र अमन कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है वह आये दिन मुझे मारता पीटता है और दारू शराब पीकर मोहल्ले वालों को गाली गुप्तारी देता है। मेरा छोटा लड़का हमारी बड़ी बहू कोमल देवी पत्नी राम प्रसाद को दिनाक 26-03-2026 को अपने साथ जबरदस्ती भगा ले गया है उसके इन कृत्यों से परेशान होकर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा है। मेरे पुत्र द्वारा किये गये कृत्यों से कोई लेना देना नही है।

**सूचना**
अनीता सिंह पत्नी बाल कृष्ण सिंह निवासी 7/344 EWS आवास एवं विकास योजना संख्या 03 हंसपुरम कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल आवंटन पत्र(2621 स/प्र/कानपुर/12.05.2016) और मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। 8299538210

सुविचार



मनुष्य अपनी दुर्बलता से भली-भांति परिचित रहता है, पर उसे अपने बल से भी अवगत होना चाहिये।

-जयशंकर प्रसाद

# अमृत विचार

www.amritvichar.com

## कानपुर महानगर

कानपुर, रविवार, 29 मार्च 2026


**कानपुर के प्रमुख समाचार**


- गैस एजेंसियों के बाहर नहीं टूट रहीं लाइनें-II
- 1 अप्रैल से स्कूल चलो अभियान -III
- जैन धर्म के संदेश लेकर निकलेंगी झांकियां -IV



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


### शहर में आज



- **सभा** : न्यू लाइफ चर्च में मसीह समाज के 40 रोजों के दौरान आराधना सभा सुबह 10 बजे।
- **शिविर** : कैंट स्थित कानपुर क्लब के विक्रमादित्य लॉन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर दोपहर 12:30 बजे।
- **जन्मोत्सव** : भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव पर शास्त्री नगर सिंधी कॉलोनी से वाहन जुलूस सुबह नौ बजे।
- **ईद मिलन** : परेड स्थित आईएमए भवन में ईद मिलन समारोह शाम को पांच बजे।
- **बैठक** : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा सद्भावना बैठक एमरल्ड गुलिस्तां, जाजमऊ में शाम छह बजे।

### सिटी ब्रीफ

#### स्टेशन पर 124 बोतल विदेशी शराब संग गिरफ्तार

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर चेकिंग के दौरान जीआरपी ने दो तस्करों को 124 विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि शनिवार को दोपहर 1.40 बजे हैरिसगंज पुल से झकरकटी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था में दो युवकों को रोककर उनके पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई तो उसमें 124 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम हरीचंद्र कुमार निवासी मसूदपुर पटना बिहार और दूसरा अभियुक्त बृजेश कुमार है जो पटना के गौरीचक का रहने वाला है।

#### बिजली चोरी पकड़ी

**कानपुर।** केस्को की विजिलेंस टीम ने शनिवार को कर्नलगंज के गम्मू खां के हाते में तीन परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी। मो.सलीम, खैरून निशा व शहनवाज के मीटरों पर बिजली चोरी पकड़ी। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक बिजली चोरी करने वाले तीनों लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई।

#### आज नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** मीता सराय उपकेंद्र के एलपीजी दो व तीन, मीतासराय, पानी की टंकी व रामजनकी में बिजली रविवार को सुबह करीब 10 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक नहीं रहेगी। फजलगंज, गुरुनानक मार्केट में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक, कोयला नगर, सनिगवां, स्वर्ण जयंती विहार व सतबरी में बिजली दोपहर दो बजे से शाम को चार बजे तक नहीं रहेगी।

**एसडीएम ने पकड़ी अंधेरगर्दी, साढ़ में बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहा गौरव मेडिकल सेंटर सील**

# अवैध मेडिकल स्टोर के अंदर अवैध अस्पताल

**अराजकता**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नर्वल तहसील क्षेत्र के साढ़ में अवैध मेडिकल स्टोर में गौरव मेडिकल सेंटर बिना पंजीकरण के संचालित मिला। यहां पर कोई डॉक्टर भी मौजूद नहीं था। न ही प्रशिक्षित स्टाफ मिला। नर्वल एसडीएम विवेक कुमार मिश्रा ने मेडिकल सेंटर में मिली गंभीर अनियमितताओं के कारण उन्होंने इसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।

नर्वल एसडीएम विवेक कुमार मिश्रा के मुताबिक निरीक्षण के दौरान मेडिकल सेंटर पर संचालनकर्ता गौरव मौजूद मिले, जबकि अस्पताल में कोई डॉक्टर या अन्य स्टाफ मौजूद नहीं था। पूछताछ में गौरव ने स्वयं को फार्मासिस्ट बताया, लेकिन अस्पताल के संचालन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज वह प्रस्तुत नहीं कर सके।

जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि यह मेडिकल सेंटर न तो अस्पताल के रूप में पंजीकृत था और न ही मेडिकल स्टोर का लाइसेंस लिया गया था। जबकि मौके पर मरीजों को भर्ती कर इलाज करने और मेडिकल स्टोर संचालन के पुष्ट साक्ष्य मिले हैं। जांच के दौरान अस्पताल में किसी भी पंजीकृत डॉक्टर की तैनाती नहीं पाई गई। प्रशासनिक टीम ने मौके पर अभिलेखों और व्यवस्थाओं की जांच की, जिसमें बिना वैध अनुमति के चिकित्सा गतिविधियां संचालित किए जाने की आशंका सामने आई। मरीजों की सुरक्षा को देखते हुए इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए तत्काल सील की कार्रवाई की गई।

कहा कि बिना पंजीकरण के किसी भी अस्पताल या चिकित्सा संस्थान का संचालन नियमों के विरुद्ध है और इससे आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होता है। सख्त कदम उठाए जाएंगे।



बिना पंजीकरण के मेडिकल स्टोर में संचालित होता अवैध अस्पताल। अमृत विचार

### आज लगेगा निशुल्क जांच शिविर

**कानपुर।** कैंट स्थित कानपुर क्लब के विक्रमादित्य लॉन में रविवार यानी आज आर केदेवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट व पारस हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शामिल होंगे। शिविर में आने वाले लोगों को नौ प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए परामर्श दिया जाएगा और निशुल्क जांच की जाएगी।



निरीक्षण में रजिस्टर चेक करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

# डॉक्टर समेत पांच स्वास्थ्यकर्मी गायब मिले, वेतन काटा गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किदवईनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल

**अमृत विचार।** शनिवार को जब जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने किदवई नगर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) और क्षयरोग केंद्र का औचक निरीक्षण किया तो डॉक्टर समेत पांच स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित मिले।

जिलाधिकारी को किदवई नगर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) में निरीक्षण के समय डॉ. विवेक सोनकर उपस्थित मिले, जबकि प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.स्मिता सिंह अनुपस्थित और विकास यादव, अमित कुमार, डॉ.श्रेया सचान और अमन शुक्ला अनुपस्थित मिले। ओपीडी रजिस्टर की जांच की। 27 मार्च की प्रविष्टियों में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.स्मिता सिंह के हस्ताक्षर दर्ज मिले, जबकि जानकारी दी गई कि वह उस दिन वह प्रशिक्षण में थीं। पता चला कि मरीजों का विवरण डॉ.विवेक सोनकर द्वारा अंकित किया गया था। जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए पूरे मामले की जांच कर एक सप्ताह के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को दिए। वहीं, सभी अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई व एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश भी जारी किया। इसके बाद जिलाधिकारी परिसर में संचालित क्षयरोग केंद्र पहुंचे, यहां कुल 11 कर्मचारियों में से पांच के अन्य जगह संबद्ध होने की जानकारी पर गंभीर नाराजगी जताई। इसपर जिलाधिकारी ने सीएमओ से दो दिन में स्पष्टीकरण तलब किया।

# संवासिनी गृह से युवतियों के भागने में दो कर्मचारी बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक निलंबित, अधीक्षिका से किया गया जवाब-तलब

**अमृत विचार।** बीते गुरुवार को संवासिनी गृह यूनिट-2 की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। नवाबगंज स्थित संवासिनी गृह की छत से कूदकर दो युवतियां फरार हो गईं। दोनों युवतियां का अभी तक कुछ अता पता नहीं है, जिलाधिकारी ने एक महिला कर्मी को निलंबित कर दिया है जबकि दो अन्य संविदा महिला कर्मी को बर्खास्त कर दिया गया है। संवासिनी गृह की अधीक्षिका से भी जवाब तलब किया गया है।

शनिवार को संवासिनी गृह की कर्मचारी वंदना और हेमलता को लापरवाही के आरोप में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बर्खास्त कर दिया जबकि रत्ना को निलंबित कर दिया गया है। तीन होमगार्डों के खिलाफ भी कार्रवाई के लिए कमांडेंट को पत्र लिखा गया है।

बताते चलें कि लगभग एक वर्ष पहले मथुरा और प्रयागराज में दोनों युवतियों को पकड़ा गया था। दोनों युवतियां कानपुर के ख्योरा की थीं, इसलिए दोनों को कानपुर के संवासिनी गृह में रखा गया था लेकिन बीते गुरुवार को ड्यूटी पर तैनात महिला कर्मी सोती रहीं और दो युवतियां छत से कूदकर फरार हो गयीं। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# विवि में अब आम लोग भी ले सकेंगे खेल सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू की खेल सुविधाओं का अब आम लोग भी लाभ ले सकेंगे। उन्हें शुल्क देना होगा। खेल सुविधाओं में विश्वविद्यालय का स्वीमिंग पूल भी शामिल है।

विश्वविद्यालय परिसर में स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स बना है। इस स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में इनडोर व आउटडोर दोनों ही तरह की खेल सुविधाएं मौजूद हैं। इनमें लगभग 13 तरह के इनडोर व आउटडोर गेम शामिल हैं। विश्वविद्यालय की ओर से फैकेल्टी, उनके परिवारजन, छात्र-छात्राओं के अलावा आम लोगों के लिए यह सुविधा के लिए पंजीकरण अप्रैल से शुरू हो जाएगा। आम लोगों को खेल सुविधाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। 13 तरह के इनडोर व आउटडोर खेलों के लिए अलग से खेल के अनुसार स्लॉट में शुल्क भी देना होगा। विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करना होगा। खेलों में स्वीमिंग पूल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कराटे, जूडो, फुटबॉल, ट्रेक एंड फील्ड जैसे खेल शामिल हैं। क्रिकेट मैदान को अभी तक आम लोगों के लिए शुरू नहीं किया गया है।

# फिर जाम में फंसने से मरीज की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेटे के ससुरालियों ने पिता को जमकर पीटा था
- सीने पर लात-घूंसे मारने से बिगड़ गई थी हालत

**अमृत विचार।** गोविंदनगर में बेटे के ससुरालियों ने मिलकर वृद्ध की पिटाई कर दी। पिटाई से वृद्ध की हालत बिगड़ी गई। वह बेहोश होकर जमीन पर गिरे, इस पर परिजन कार्डियोलॉजी अस्पताल लेकर भागे। लेकिन जवारा जुलूस के कारण गाड़ी जाम में फंस गई। लंबा जाम होने के कारण एक घंटे तक फंसे रहे। जाम से निकलकर किसी तरह कार्डियोलाजी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे ने पत्नी और ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी है। बता दें कि पिछले छह-सात महीने में जाम में फंसने से यह तीसरी मौत है।

कच्ची बस्ती गोविंदनगर निवासी 65 वर्षीय वृद्ध राजाराम के परिवार में पत्नी रामदेवी, बेटे रोशन, रंजीत, प्रेम व बेटी पूनम हैं। रंजीत ने बताया कि रोशन शराब का लती है। शुक्रवार रात नशे में होने के कारण उसका पत्नी पूजा से विवाद हो गया। उसकी पत्नी ने फोन करके अपने मायकेवालों को बुला लिया। पूजा के घरवाले पहुंच गए और भाई व मां व पिता को चूल्हे की जलती लकड़ी, ईंट से जमकर पीटा। पिता के सीने में लात व घूंसे मारे। जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़े। वह लोग कार्डियोलॉजी के लिए निकले, लेकिन जवारा जुलूस के कारण के कारण जाम में फंस गए। उनका ई-रिक्शा करीब एक घंटे तक जाम में फंसा रहा। जुलूस निकल जाने के बाद जब कार्डियोलॉजी पहुंचे तो डॉक्टर ने देर हो जाने की बात कहकर मृत घोषित कर दिया।



गोविंदपुरी में रात में लगा जाम। अमृत विचार

**चिंता**

**लव जिहाद, अवैध धर्मांतरण व सांस्कृतिक विघटन के खिलाफ हिंदू समाज से एकजुट होने का आह्वान**

# जनसंख्या असंतुलन देश के लिए गंभीर चुनौती





दीप प्रज्जवलित करते मुख्य अतिथि मिलिंद परांडे, गजेंद्र जी व अन्य। कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं व लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने बेनाझाबर स्थित बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में प्रेस वार्ता में कहा कि देश के सामने जनसंख्या असंतुलन एक गंभीर और दूरगामी प्रभाव वाला विषय है। यह केवल आंकड़ों का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक सुरक्षा और राष्ट्र के भविष्य से जुड़ा अहम प्रश्न है। यदि समय रहते राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर विमर्श और जागरूकता नहीं बढ़ाई गई, तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं।

जनसंख्या असंतुलन समाज की संरचना, संसाधनों के संतुलन और सामाजिक शांति को प्रभावित करता है। परांडे ने लव जिहाद, अवैध धर्मांतरण और सांस्कृतिक हस्तक्षेप जैसे मुद्दों को भी गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि ये प्रवृत्तियां समाज की जड़ों को कमजोर करने का प्रयास हैं। उन्होंने हिंदू समाज से सजग, संगठित और एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया। कहा कि इन समस्याओं का समाधान केवल प्रतिक्रिया में नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, परिवार जागरण, नारी सुरक्षा और सांस्कृतिक आत्मविश्वास को मजबूत करने में है। जब समाज अपनी सांस्कृतिक अस्मिता और मूल्यों के प्रति जागरूक होगा, तभी वह ऐसी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकेगा। प्रेस वार्ता में विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र, विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना, विहिप प्रान्त कार्याध्यक्ष डॉ.उमेश पालीवाल, विहिप प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल, विहिप प्रान्त प्रचार प्रसार प्रमुख ओमेंद्र अवस्थी रहे।




सिटी ब्रीफ

### तीन अपराधी जिलाबदर किए गए

**कानपुर।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बाबूपुरवा पुलिस ने तौहीद अजीज उर्फ रूमी, घाटमपुर पुलिस ने मनीष उर्फ छोटू और भूपेंद्र सिंह को छह माह के लिए जिलाबदर किया है।आरोपी जिले की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। अगर अपराधी निर्धारित समय के अंदर जिले में प्रवेश करता है तो उस पर कार्रवाई होगी।

### किशोरी लापता अपहरण की रिपोर्ट

**कानपुर।** रेलबाजार में एक युवती ने अपनी 16 वर्षीय बहन के संदिग्ध हालात में घर से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने एक युवक पर अपहरण का आरोप लगाया है। रेलबाजार निवासी युवती के अनुसार बीती 23 मार्च की दोपहर करीब एक बजे उनकी 16 वर्षीय छोटी बहन घर से संदिग्ध हालात में लापता हो गई। किशोरी के न मिलने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों को जानकारी हुई उनकी बहन को प्रेम प्राजापति नामक युवक अपने साथ ले गया है। जिसके बाद किशोरी की बड़ी बहन ने रेलबाजार थाने में शिकायत की।

### सड़क बनाई कम बिगाड़ी ज्यादा

**कानपुर।** विजयनगर चौराहे से डबल पुलिया की ओर आगे बढ़ने पर सड़क बनाई कम, बिगाड़ी ज्यादा है। आधी ही सड़क बनाई गई है। जिससे लेन ऊंची-नीची हो गई है। इस कारण दोपहिया वाहन फिसल जाते हैं।

# गैस एजेंसियों के बाहर नहीं टूट रहीं लंबी लाइनें

## दो तीन दिनों से दौड़ रहे कई उपभोक्ताओं को मिला सिलेंडर, पर्ची के लिए अलग लाइन, सिलेंडर लेने के लिए अलग



लाजपत नगर भागवत गैस एजेंसी के बाहर लगी भीड़। अमृत विचार



जेके मंदिर के पास सिलेंडर के लिए लगी कतार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरकार भले ही दावे कर रही है कि गैस, डीजल पेट्रोल की कोई कमी नहीं है लेकिन अफवाहों के चलते लोग परेशान हैं और सारा सारा दिन गैस एजेंसियों के बाहर लाइन में लगने के बाद शाम को खाली हाथ घर वापस जाना पड़ता है।

शनिवार को जेके मंदिर के पास गैस एजेंसी पर सुबह से ही सैकड़ों लोगों की लाइन लगी रही। इसी प्रकार कौशलपुरी गैस एजेंसी पर भी उपभोक्ताओं की लाइन लगी रही। सबसे ज्यादा महिलाओं की भीड़ रही जो दिनभर कड़ाके की धूप में लाइन में लगी रहीं। उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले पर्ची बनवाने के लिए सुबह से दोपहर तक लाइन में लगना पड़ रहा है और फिर सिलेंडर के लिए ट्रक के पास लाइन लगाना पड़ रही है। शाम चार बजे तक गैस एजेंसी में पर्ची बनवाने का नंबर आ गया तो ठीक वरना खाली हाथ लौटना पड़ता है। दूसरे दिन भी लाइन में लगने के लिए सुबह ही पहुंच जाते हैं।

### पेट्रोल पंपों पर घटी भीड़, टैंक फुल कराए

- ईरान युद्ध के कारण एक ओर एलपीजी और दूसरी ओर पेट्रोलियम पदार्थों की कमी की अफवाह उड़ने से दोपहिया और चौपहिया वाहन सवारों ने अपने-अपने वाहनों के टैंक फुल करा लिए। हालांकि शनिवार को पेट्रोल पंपों पर भीड़ और मारामारी नहीं दिखी।

### बोले पीड़ित उपभोक्ता




गैस बुक कराई थी जिसपर डीएसी नंबर नहीं आ रहा है, एजेंसी गये तो डीएसी नंबर आ गया। शुक्रवार को गैस सिलेंडर लेने आये तो सिलेंडर नहीं मिला। शनिवार को तमाम प्रयास के बाद सिलेंडर मिल गया।

**-मुन्ना दर्शनपुरवा**



गैस एजेंसी के बाहर पहले पर्ची बनवाने के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है और फिर जहां सिलेंडर लदे ट्रक खड़े हैं, वहां भी लाइन में लगना पड़ता है। सारा दिन काम छोड़कर सिलेंडर के लिए परेशान हैं।

**-हरीश मिश्रा, कौशलपुरी**



सुबह सात बजे से लाइन में लगे हैं, बताया गया था कि घर पर सिलेंडर आ जाएगा लेकिन जब सिलेंडर नहीं आया तो गैस एजेंसी से संपर्क किया तो एजेंसी पर अभद्रता की गई। शनिवार को सिलेंडर मिला।

**-अबू उबैदा, जरीब चौकी**



पहले ऑन लाइन गैस बुक कराते थे तो दूसरे या तीसरे दिन गैस मिल जाती थी लेकिन अब तो ऑन लाइन बुकिंग ही नहीं हो रही है, गैस एजेंसी पर पता करने आए तो यहां लंबी लाइन देखकर नहीं लगता कि जल्दी सिलेंडर मिलेगा।

**-पुनीत**

# जालसाजों की गिरफ्तारी को एसआईटी अलीगढ़ रवाना

- चमनगंज के बिचौलिये ने दो नामों का किया खुलासा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फर्जी डिग्रियां व मार्कशीट बांटने वाले सिंडिकेट के दो नाम सामने आने के बाद गिरफ्तारी के लिए एसआईटी अलीगढ़ के लिए रवाना हुई है। दसवीं व बारहवीं की मार्कशीट बनवाने वाला चमनगंज का शेखू उर्फ मो. अजहरूद्दीन खान ने एसआईटी की पूछताछ में दोनों नामों का खुलासा किया था। सिंडिकेट से जुड़े सरगना समेत अब तक कई लोग जेल भेजे जा रहे हैं। पुलिस ने शुक्रवार को चमनगंज के शेखू उर्फ मो. अजहरूद्दीन खान को जेल भेजा था। उसी ने पूछताछ में अलीगढ़ निवासी शोएब के नाम का खुलासा किया था।

नौ राज्यों के 14 विश्वविद्यालयों की फर्जी मार्कशीट व डिग्रियां बनाने वाले गिरोह से जुड़े बिचौलिए के नाम अब एक-एक करके सामने आ रहे हैं। अब तक एसआईटी सरगना समेत छह को जेल भेज चुकी है। शुक्रवार को जेल भेजा गया शेखू अलीगढ़ के जामिया उर्दू कालेज से दसवीं और बारहवीं की मार्कशीट बनवाता था। वह 12 हजार रुपये लेकर मार्कशीट उपलब्ध कराता था। शनिवार को उससे मिली जानकारी के अनुसार एसआईटी अलीगढ़ रवाना हुई हैं। एसआईटी प्रभारी का कहना है कि शोएब की गिरफ्तारी के बाद सिंडिकेट से जुड़े कॉलेज स्टाफ के चेहरे बेनकाब हो सकेंगे। किदवईनगर पुलिस ने 18 फरवरी को जूही गौशाला स्थित शैल ग्रुप ऑफ एजुकेशन के कार्यालय में छापा मारकर नौ राज्यों के 14 विश्वविद्यालयों, यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद और अलीगढ़ के जामिया उर्दू कॉलेज की एक हजार से ज्यादा मार्कशीट व डिग्रियां बरामद की थीं। जिनमें बीटेक, एमटेक, बीफार्मा, डीफार्मा, एलएलबी आदि की डिग्री के साथ हाईस्कूल व इंटर की मार्कशीट भी मिली थीं। पुलिस ने सरगना शैलेंद्र कुमार ओझा, नागेश मणि त्रिपाठी, जोगेंद्र, अश्वनी कुमार सिंह, नोएडा के विनीत और चमनगंज निवासी शेखू उर्फ मो. अजहरूद्दीन खान को अब तक जेल भेज चुकी है। विनीत और शेखू गिरोह के लिए बिचौलिए का काम करते थे। शेखू ने जेल जाने से पहले पूछताछ में जामिया उर्दू कॉलेज के संविदा कर्मी शोएब का नाम बताया था। उसने बताया कि शोएब ही 10 हजार रुपये लेकर उसे मार्कशीट उपलब्ध कराता था। उसके जरिए वह अब तक 5-6 मार्कशीट बनवा चुका है। एसआईटी प्रभारी व एडीसीपी साउथ योगेश कुमार ने बताया कि शोएब की गिरफ्तारी के बाद गिरोह से जुड़े और खुलासे होंगे। कॉलेज कर्मचारियों के नाम सामने आ सकते हैं।

# पत्नी के छोड़ जाने के गम में दी जान

- शराब का लती हो गया था युवक परिजनों में मचा कोहराम
- शुक्रवार रात भी शराब पीकर आया फिर मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी में पत्नी के छोड़ जाने के गम में युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम भेजा।

शिवपुरी एकलव्य द्वार निवासी राज बहादुर उर्फ रहमानी का 30 वर्षीय बेटा सूरज मेहनत-मजदूरी करता था। परिवार में मां सुनीता, बड़ा भाई कमलेश, बेटी दितांशी है। पत्नी मनीषा ढाई साल पहले छोड़कर चली गई थी। भाई ने बताया कि मनीषा के जाने के बाद से सूरज शराब का लती हो गया था। शुक्रवार रात को भी शराब पीकर आया था। खाना खाए बिना ही कमरे में जाकर सो गया था। सुबह भी देर तक नहीं उठा। इस पर मां ने उसे जगाने को कहा। कमरे में छोटा भाई गया तो उसे फंदे से लटका पाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### अधेड़ ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

- **कानपुर।** रावतपुर में 55 वर्षीय अधेड़ नवल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रावतपुर गांव के केशवनगर निवासी नवल के परिवार में पत्नी प्रीति, बेटा वासू व विशाल हैं। दोनों बेटे सैलून की दुकान किए हैं। मौजूदा समय में टिकरा में उनका मकान बन रहा है। जिसकी देखरेख के लिए शुक्रवार को दोनों बेटे व पत्नी टिकरा गए थे। इधर घर पर नवल अकेले थे। तभी पंखे के कुंडे से दुपट्टा बांधकर आत्महत्या कर ली। शाम को तीनों लोग वापस लौटे तो नवल को आवाज दी। दूसरे कमरे में पहुंचे तो शव फंदे से लटका पाया। चींख-पुकार सुनकर पड़ोसी एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# सब्जी विक्रेता युवक ने किया सुसाइड

**कानपुर।** नर्वल में संदिग्ध हालात में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। शव फंदे से लटका देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पाली नर्वल के भोगनीपुर निवासी जगदीश का 24 वर्षीय बेटा आकाश सब्जी बेचता था। परिवार मे मां प्रेमा व छोटा भाई सुभाष है। परिजनों ने बताया कि आकाश काम के साथ सरकारी नौकरी की तैयारी भी कर रहा था। शुक्रवार शाम को वह घर पर ही था। कई घंटे से कमरे में ही बैठा रहा। इस पर उसकी मां ने छोटे भाई सुभाष से कहा कि उसे बुलाकर लाओ। छोटा भाई कमरे में गया तो शव फंदे से लटका देखा।

# स्क्रैप व्यापारी बनकर पांच लाख रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी में एक स्क्रैप कारोबारी से पांच लाख की ठगी हुई। आरोप है कि ठग ने खुद को स्क्रैप व्यापारी बताकर फोन किया और सस्ते दाम में स्क्रैप बेचने का झांसा दिया। शातिर ने उनसे पांच लाख रुपये एडवांस ले लिए और फोन उठाना ही बंद कर दिया। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

लाल बंगला के चंद्रनगर निवासी संजय जायसवाल के अनुसार वह स्क्रैप कारोबारी हैं। चंद्रनगर में उनका गोदाम है। पीड़ित ने बताया कि बीते अक्टूबर में उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को स्क्रैप कारोबारी व नाम गाजीपुर निवासी एस धन्ना बताया। उसने कहा कि बाबा इंटरप्राइजेज के नाम से उनकी फर्म है जो स्क्रैप बेचती है। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने कम दाम में भारी मात्रा में स्क्रैप बेचने का झांसा दिया। जिसके बाद उनके बेटे रजत के व्हाट्सएप नंबर पर स्क्रैप की कुछ फोटो डाली। आरोपी से आठ लाख में सौदा हुआ। इसके बाद आरोपी पांच लाख रुपये एडवांस देने की मांग करते हुए माल वाहन में लदवाकर भेजने की बात कही। पीड़ित ने दिए खाते में पांच लाख रुपये भेज दिए। कई दिनों तक माल का इंतजार किया, फिर आरोपी को फोन किया तो उसने सौदा रद कर देने की बात कहते हुए रुपये लौटाने की बात पर धमकाया। इसके बाद से आरोपी फोन उठाना भी बंद कर दिया।

# ईपीएफओ ने लगाया स्टॉल

**कानपुर।** सीएसए विवि मैदान में उद्यमिता कॉनक्लेव में ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें विभाग की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस प्रदर्शनी में ईपीएफओ की ओर से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना सहित कर्मचारी भविष्य निधि से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्यमियों, छात्रों एवं आमजन ने भाग लिया और योजनाओं के प्रति विशेष रुचि दिखाई। लोगों ने न केवल योजनाओं की जानकारी प्राप्त की, बल्कि उनके लाभ एवं प्रक्रियाओं को भी विस्तार से समझा। सम्मेलन में सहभागिता के लिए विभाग द्वारा लेखाधिकारी महेश कुमार चौधरी, अनुभाव पर्यवेक्षक राजीव झा को नामित किया गया, जिन्होंने प्रदर्शनी के दौरान लोगों का मार्गदर्शन प्रदान किया एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।




स्टॉल में योजनाओं की जानकारी दी गई। अमृत विचार

सुविधा

प्रयागराज, सतना होते हुए मुंबई जाएगी ट्रेन

# सेंट्रल से लोकमान्य टर्मिनल तक ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन से लोक मान्य टर्मिनल (मुंबई) के लिए वाया प्रयागराज, सतना होते हुए विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है।

गाड़ी संख्या 04151 कानपुर सेंट्रल स्टेशन प्रत्येक शुक्रवार को 2 अप्रैल से 13 जुलाई तक चलेगी। ये गाड़ी सेंट्रल स्टेशन से दोपहर 1 बजे रवाना होगी। फतेहपुर 2 बजे, प्रयागराज सायं 4.40 बजे, सतना रात 9.05 बजे, कटनी रात 10.20 बजे जबलपुर रात 11.30 बजे, इटारसी रात 3.25 बजे, भुसावल प्रातः 8 बजे और लोकमान्य टर्मिनल दोपहर 2.55 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 04152 प्रत्येक शनिवार को 4 अप्रैल से 11 जुलाई तक चलेगी। ये गाड़ी लोकमान्य टर्मिनल सायं 5.15 बजे रवाना होगी। भुसावल रात 11 बजे, इटारसी रात 2.55 बजे, कटनी प्रातः 7.25 बजे, सतना 8.40 बजे, प्रयागराज दोपहर 12.40 बजे, भरवारी 1.15 बजे, सिराथू 1.33 बजे, फतेहपुर दोपहर 2.15 बजे एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन दोपहर 3.45 बजे आएगी।

### सूबेदारगंज से वाया गोविंदपुरी शकूरबस्ती ट्रेन

- **कानपुर।** यात्रियों को राहत देने के लिए रेलवे ने सूबेदारगंज (प्रयागराज) से गोविंदपुरी (कानपुर) होते हुए शकूरबस्ती (दिल्ली) के लिए ट्रेन चलाने की घोषणा की है। गाड़ी संख्या 02275 सूबेदारगंज से प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार 5 अप्रैल से 28 अप्रैल तक चलेगी। गाड़ी संख्या 02276 प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 6 अप्रैल से 29 अप्रैल तक संचालित होगी। गाड़ी संख्या 02275 सूबेदारगंज से रात 9.35 बजे रवाना होगी। फतेहपुर 10.45 बजे, गोविंदपुरी रात 00.15 बजे, इटावा रात 2 बजे, टूंडला रात 3.33 बजे, अलीगढ़ रात 4.45 बजे, गाजियाबाद प्रात: 8.05 बजे, दिल्ली 9 बजे एवं शकूरबस्ती प्रात: 10.15 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02276 शकूरबस्ती से दोपहर 1 बजे रवाना होगी। दिल्ली दोपहर 1.30 बजे, गाजियाबाद 2.33 बजे, अलीगढ़ सायं 4.05 बजे, टूंडला सायं 5.30 बजे, गोविंदपुरी रात 10 बजे, फतेहपुर रात 11.40 बजे, सूबेदारगंज भोर 4 बजे पहुंचेगी।



### ब्रिज तैयार

- कानपुर। कानपुर-झांसी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) फीडर रूट पर 4 घंटे मालगाड़ियों का संचालन रोककर 23वां ब्रिज अपग्रेड कर दिया गया। रेलवे अभियंताओं ने इस कार्य को समय सीमा में पूरा करके कीर्तिमान स्थापित किया है। शनिवार को आटा–उसरगांव डाउन लाइन पर स्थित आर्च ब्रिज को आधुनिक आरसीसी बॉक्स (2.2x2.2 मीटर) संरचना से सफलतापूर्वक प्रतिस्थापित किया गया। यह कार्य मात्र 4 घंटे के निर्धारित ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक दोपहर 1.10 बजे से 5.10 बजे तक के भीतर सुरक्षित एवं कुशलतापूर्वक पूर्ण किया गया। ये ब्रिज इस महत्वपूर्ण रेल मार्ग की संरचनात्मक मजबूती और परिचालन विश्वसनीयता को और बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।


## इटावा अर्बन को आपरेटिव बैंक लि0

प्रधान कार्यालय –28 कृष्णानगर, भर्थना रोड इटावा

कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटीज इन्टरेस्ट एक्ट 2002 के नियम 9 के साथ सेक्शन 13 (12) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नांकित खाते के सामने उल्लिखित तिथि को बैंक द्वारा डिमाण्ड नोटिस जारी किया गया जिसमें आगे यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर बकाये को चुकता कर दें। ऋणी द्वारा बकाया ऋण के चुकता न कर सकने पर एतद्वारा ऋणी उसके जमानत कर्ताओं व आम जनता को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी द्वारा उक्त खाते के सामने उल्लिखित तिथि से उक्त अधिनियम के सेक्शन 13 (4) के साथ नियम 9 अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नांकित भू–सम्पत्ति पर कब्जा किया जाता है। खासकर ऋणी एवं आम जनता को एतद्वारा सचेत किया जाता है कि वह सम्पत्ति का किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें। सम्पत्ति के सम्बंध में किया गया कोई भी व्यवहार इटावा अर्बन को आपरेटिब बैंक लि0, इटावा को देय राशि व उस पर व्याज तथा अन्य हर्जे–खर्चे के प्रभार की शर्तो के अनुसार होगा। :–

**सम्पत्ति का विवरण जिस पर प्रतीकात्मक कब्जा किया गया है।**

| क्र. सं. | शाखा का नाम | खाते का नाम | सम्पत्ति का मालिक | बन्धक सम्पत्ति का विवरण | मॉग नोटिस की तिथि | कब्जा नोटिस की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य शाखा इटावा | श्रीमती मन्जू यादव पत्नी श्री दीपक कुमार निवासी विवेक बिहार कालीनी गली नं0 1 फर्रुखाबाद रोड इटावा खाता संख्या 001100217301 | श्रीमती मन्जू यादव पत्नी श्री दीपक कुमार निवासी विवेक विहार कालोनी गली नं0 1 फार्रुखाबाद रोड इटावा | एक किता मकान 30X55= 1650 वर्गफीट मुहल्ला विवेक विहार कालौनी गली नं0 1 फर्रुखाबाद रोड इटावा जिसकी सीमा पूरब–रास्ता समित 25 फीट पश्चिम आराजी विक्रेता, उत्तर–प्लाट संख्या. दक्षिण– प्लाट संख्या–8 | 03.09.2024 (13.2) 11.11. 2024 (134) | 23.03.2026 | 8,56,994,00 (28. 02.2026 पर) + उक्त तिथि के बाद के ब्याज व अन्य खर्च अतिरिक्त) |
| 2 | मुख्य शाखा इटावा | श्री उमेशचन्द्र पुत्र रामचन्द्र निवासी मित्रपुरम कालोनी भर्थना रोड जिला इटावा खाता संख्या 001100214701 | श्री उमेशचन्द्र पुत्र श्री रामचन्द्र एवं श्रीमती रानी देवी पत्नी श्री उमेशचन्द्र निवासी मित्रपुरस कालोनी भर्थना रोड जिला इटावा | एक किता प्लाट 24X 60=1440 वर्गफीट मुहल्ला मित्रपुरम मौजा सिराजमऊ इटावा जिसकी पूरब भूखण्ड सीमा नं0 181 बी पश्चिम रास्ता कम्पनी उत्तर–प्लाट प्रभा यादव दक्षिण– दिनेश कुमार | 15.12.2025 (13.2) 20.02. 2026 (13.4) | 23.03.2026 | 1,16,706.00 (28.02.2026 पर) + उक्त तिथि के वाद के व्याज व अन्य खर्च अतिरिक्त |
| 3 | मुख्य शाखा इटावा | रामकुमारी पत्नी तलवार सिंह एवं श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री मनोज कुमार निवासी 40 भरथना चौराहा अशोक नगर इटावा। खाता संख्या 001100222101 | रामकुमारी पत्नी तलवार सिंह एवं श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री मनोज कुमार निवासी 40 भरथना चौराहा अशोक नगर इटावा। | एक किता मकान 2405.38 वर्गफीट (223.55 वर्गमीटर) मौजा भरथना तुलसीनगर तहसील व जिला इटावा। जिसकी सीमा पूरव जायदाद खरीदारान पश्चिन मकान मुलायम सिंह भदौरिया में मकान दुलारे वाला, उत्तर जायदाद भगवान सिंह व गैलरी दक्षिण जायदाद खरीदारान | 15.12.2025 (13.2) 20.02.2026 (13.4) | 23.03.2026 | 403343.00 (28.02.202647 पर ) + उक्त तिथि के बाद के ब्याज व अन्य खर्चे अतिरिक्त) |
| 4 | मुख्य शाखा इटावा | श्री सलमान खान पुत्र श्री नफीस अहमद निवासी टीला आजाद नगर सुन्दरपुर इटावा खाता संख्या 001100227501 | श्री सती बानो पत्नी श्री नफीस अहमद निवासी टीला आजाद नगर सुन्दरपुर इटावा | एक किता मकान 540.00 वर्गफीट (50. 79 वर्गमीटर) मौजा आजाद नगर तहसील व जिला इटावा। जिसकी सीमा पूरब रास्ता 6 फीट पश्चिम–मकान मोती, उत्तर बूंद खां दक्षिण– प्लाट नूर मोहम्मद | 15.12.2025 (13.2) 20.02.2026 (13.4) | 23.03.2026 | 211256.00 (28.02. 2026 पर) उक्त तिथि के बाद के व्याज व अन्य खर्च अतिरिक्त) |
| 5 | शाखा स्टेशन रोड इटावा | श्री सुभाष चन्द्र यादव पुत्र श्री तुकमान सिंह निवासी 1031 नईमण्डी के सामने शकुन्तला नगर इटावा खाता संख्या 021100060201 | श्रीमती ममता यादव पत्नी श्री सुभाष चन्द्र यादव निवासी 1031 नईमण्डी के सामने शकुन्तला नगर इटावा | एक किता मकान 2115 वर्गफीट स्थित मुहल्ला शकुन्तलानगर मौजा कस्बा इटावा , जिसकी सीमा पूरब–बादहू खुली आराजी विक्रेता पश्चिम– प्लाट श्रीकृष्ण यादव उत्तर–प्लाट रतिभान सिहं व मकान रामस्वरुप, रामरतन, रामवीर दक्षिण– गली 10 फीट | 03.09.2024 (13.2) 11.11.2024 (13.4) | 23.03.2026 | 1,59,033.00 (28.02.2026 पर) + उक्त तिथि के वाद के ब्याज व अन्य खर्चे अतिरिक्त) |
| 6 | शाखा भर्थना | श्री सुरेश चन्द्र यादव पुत्र श्री राधेश्याम निवासी महावीर नगर भर्थना जिला इटावा खाता संख्या 051100017801 | श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री सुरेश चन्द्र यादव निवासी महावीर नगर भर्थना जिला इटावा | एक किता प्लाट 22X 50= 1100 वर्गफीट महावीर नगर भर्थना जिला इटावा, जिसकी सीमा पूरब–मकान रामभरोसे पश्चिम गली 15 फीट उत्तर–घेरा रामभरोसे दक्षिण– मकान ऊषा देवी | 03.09.2024 (13.2) 11.11.2024 (13.4) | 25.03.2026 | 2.92.286.00 (28.02.2026 पर) + उक्त तिथि के वाद के ब्याज व अन्य खर्चे अतिरिक्त |

**प्राधिकृत अधिकारी**
**इटावा अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि०**
**मुख्यालय इटावा।**

## सिटी ब्रीफ

### विवि में कार्यशाला आयोजित हुई

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ़ बेसिक साइंसेज़ के रसायन विज्ञान विभाग ने विश्व जल दिवस के अवसर पर कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत रसायन विज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. रश्मि दुबे के स्वागत भाषण से हुई। विशेषज्ञ डॉ. अंचल मित्तल ने जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किए, जिनमें उन्होंने जल की कमी को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंता और जल संसाधनों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम मे उप-निदेशक डॉ. अंजू दीक्षित और रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. बीपी सिंह, डॉ. रत्ना शुक्ला, डॉ. मोहम्मद मेराज जाफ़री, डॉ. पीएस निरंजन, डॉ. इंद्रेश कुमार रहे।

### नए बच्चों का हुआ स्वागत

**कानपुर।** प्राथमिक विद्यालय बंसथी प्रथम में नवारंभ उत्सव मनाया गया। वाल वाटिका एवं स्कूल अभिनंदन समारोह में नव प्रवेशी बच्चों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया गया। शिक्षक राजन लाल ने अभिभावकों को सरकार के द्वारा चल रही सभी योजनाओं के विषय में बताया और नवीन प्रवेश के लिए प्रेरित किया। 25 मार्च से विद्यालय में नए सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है अधिक से अधिक बच्चों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# 1 अप्रैल से स्कूल चलो अभियान एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए

## गांवों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को स्कूलों से जोड़ेंगे

**पढ़ो-बढ़ो**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूरे प्रदेश को शत प्रतिशत शिक्षित करने के उद्देश्य से सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से स्कूल चलो अभियान चलाने की घोषणा की है जिसमें प्रतिदिन शासन-प्रशासन को रिपोर्ट भेजना होगा कि कितने बच्चों ने प्रवेश लिया। इस अभियान के तहत गांवों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को स्कूल से जोड़ा जाएगा।

शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें सभी संबंधित विभागों को गांव-गांव विशेष अभियान चलाकर हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि प्रतिदिन होने वाले नामांकन की रिपोर्ट जनपद स्तर पर अनिवार्य रूप से साझा की जाए, जिससे अभियान की नियमित समीक्षा की जा सके। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, पंचायती राज और श्रम विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम स्तर पर घर-घर संपर्क स्थापित कर ऐसे बच्चों की पहचान की जाए जो अभी तक विद्यालय से बाहर हैं। छह वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश सुनिश्चित कराया जाए और इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए।



शिक्षा अभियान को लेकर बैठक हुई। अमृत विचार

- कितने बच्चों ने प्रवेश लिया प्रतिदिन रिपोर्ट भेजना अनिवार्य
- मुख्य विकास अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने कहा कि यदि किसी को अपने आसपास कोई बच्चा स्कूली शिक्षा से वंचित दिखे तो उसका दाखिला निकटवर्ती प्राथमिक विद्यालय में अवश्य कराएं। इस अभियान की सफलता के लिए जन भागीदारी आवश्यक है। स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य है कि जनपद का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

**गांवों में परिवार सर्वेक्षण कराकर बच्चों की सूची बनाएं :** कक्षा पांच उत्तीर्ण बच्चों का कक्षा छह तथा कक्षा आठ उत्तीर्ण बच्चों का कक्षा नौ में नामांकन सुनिश्चित कराया जाए। गांवों में परिवार सर्वेक्षण कर ऐसे बच्चों की सूची तैयार की जाएगी जो विद्यालय से बाहर हैं। झुग्गी-झोपड़ियों, ईंट भट्ठों और श्रमिक परिवारों के बच्चों को विशेष अभियान चलाकर विद्यालय से जोड़ा जाएगा। श्रम विभाग को दस हजार बच्चों के नामांकन का लक्ष्य दिया गया है।

### विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच होगी

- मुख्य चिकित्साधिकारी हरिदत्त नेमी ने कहा कि विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और पोषण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों पर समान रूप से ध्यान दिया जाना आवश्यक है। प्रवेश के समय जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड न होने की स्थिति में किसी भी बच्चे को प्रवेश से वंचित नहीं किया जाएगा। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय और विकासखंड स्तर पर रैलियां, एसएमसी बैठकें और जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## उर्सला की डेंटल लैब के लिए उपकरण आए

**कानपुर।** उर्सला अस्पताल में डेंटल लैब स्थापित की जाएगी। लैब से संबंधित कुछ उपकरण सीएमओ कार्यालय आ गए हैं। शासन की अनुमति मिलने पर उपकरणों को उर्सला में लगाया जाएगा। डेंटल टेक्नीशियन की डिमांड उर्सला प्रशासन ने शासन कोभेज दी है।

उर्सला अस्पताल के दंत रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन 50 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते है, लेकिन यहां पर कृत्रिम दांत, कॉस्मेटिक व आदि की सुविधा न होने से मरीजों को अन्य अस्पतालों की तरफ रुख करना पड़ जाता है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकि अब उर्सला में ही आधुनिक डेंटल लैब की स्थापना की जाएगी, जिसकी मंजूरी मिल गई और लैब से संबंधित उपकरण सीएमओ कार्यालय आ गए हैं। कार्यवाहक निदेशक डॉ.बीसी पाल ने बताया कि शासन की अनुमति मिलते ही लैब की स्थापना की जाएगी। वर्तमान में यहां पर तीन दंत रोग विशेषज्ञ हैं, और एक डेंटल टेक्नीशियन आना भी है। लैब की मदद से प्रत्येक मरीज के दांतों के आकार, रंग और संरचना के अनुसार व्यक्तिगत उपकरण तैयार किए जा सकते हैं। डेंटल आर्टिकुलेटर, माइक्रोमोटर और पॉलिशिंग उपकरणों के उपयोग से बने हुए डेंटल रेस्टोरेशन (जैसे क्राउन) सही फिट होंगे।



राहुल चंद्रा और शाश्वत गुप्ता। अमृत विचार

# राहुल चंद्रा कंवीनर व शाश्वत डिप्टी बने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केसीएएस सीपीई स्टडी सर्कल की हुई वार्षिक आम सभा

**अमृत विचार।** केसीएएस सीपीई स्टडी सर्कल की वार्षिक आम सभा का आयोजन शास्त्री भवन, खलासी लाइन में हुआ। सभा में सदस्यों की उपस्थिति में चुनाव भी हुए। इनमें राहुल चंद्रा कंवीनर व डिप्टी कंवीनर शाश्वत गुप्ता को बनाया गया।

चुनाव प्रक्रिया में सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव परिणामों में सीए राहुल चंद्रा ने सीए संजय गुप्ता को पराजित कर विजय प्राप्त की। वहीं सीए शाश्वत गुप्ता ने सीए अंकित अग्रवाल को हराकर जीत हासिल की। विजयी प्रत्याशियों को उपस्थित सदस्यों द्वारा बधाई दी गई। सभा का संचालन सीए प्रशांत रस्तोगी (कन्वीनर) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसे सीए नितिन सिंह (डिप्टी कन्वीनर) द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस आम सभा में प्रमुख रूप से सीए डीसी शुक्ला, सीए दीपक कपूर, सीए दीप मिश्रा, सीए राजेश गुप्ता, सीए राज कुमार गुप्ता, सीए आयुष गुप्ता, सीए अभिनम ओमर, सीए अनुष्का सैनी, सीए मलय गुप्ता, सीए श्रीश तिवारी, सीए संतोष गुप्ता, सीए अंशुल श्रीवास्तव एवं सीए अमन मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।



**जवारा जुलूस**

रामनवमी के एक दिन बाद शनिवार को भी शहर में देवी भक्तों ने जवारा जुलूस निकाले। जुलूसों में देवी भक्त सांग लगाकर जयकारे लगाते चले। गोविंदनगर में सैकड़ों भक्तों से सड़क भरी रही। सांग लगाए भक्त बारादेवी, जंगली देवी, काली मंदिर आदि परिसरों में पहुंचे। ● एजेंसी

# प्रदेश सरकार कर रही बजट में लूट-शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र की विधायक नसीम सोलंकी एवं पूर्व विधायक हाजी इरफान सोलंकी के होली-ईद मिलन समारोह में आए सपा के कद्दावर नेता शिवपाल सिंह यादव प्रदेश सरकार पर जमकर बरसे। आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार बजट में सीधे सीधे लूट कर रही है। जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा सरकार उड़ा रही है इसलिए संकल्प लें कि 2027 विस चुनाव में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेंगे और यूपी में अखिलेश यादव की सरकार बनाएंगे।

शनिवार को जीआईसी ग्राउंड पर आयोजित होली ईद मिलन समारोह में सपा के प्रदेश अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय एवं विधायक रागिनी सोनकर भी शामिल हुए। शिवपाल सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार जनता को लूट रही है। उत्तर प्रदेश में सीधे सीधे बजट में लूट की जा रही है। जीएसटी और टैक्स के नाम पर जनता को लूटा जा रहा है। निर्दोष लोगों को जेल भेजा जा रहा है। इरफान सोलंकी और उनके साथियों को तो जेल में डाला ही, साथ ही 10 बार के विधायक एवं 2 बार सांसद रहे सपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां, उनकी पत्नी और 2 बार विधायक रहे बेटे को भी जेल भेज दिया। सपा के प्रदेश अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश की सरकार केवल आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का काम कर रही है। मछली शहर की विधायक रागिनी सोनकर ने कहा कि सरकार के पास बेरोजगारों के लिए ठोस योजना नहीं है। इस अवसर पर आर्य नगर विस क्षेत्र के विधायक अमिताभ वाजपेयी, कैंट के विधायक रुमी हसन आदि ने विचार रखे। संचालन सिराज हुसैन ने किया।



सपाइयों को संबोधित करते शिवपाल सिंह। अमृत विचार

### जिसने गड्ढा खोदा उसी में औंधे मुंह गिरा

- विधायक अमिताभ वाजपेयी ने कहा कि जीआईसी के पोलिंग स्टेशन पर गड्ढा खोदने वालों को मात्र 26 वोट मिले। गड्ढा खोदने वाले खुद गड्ढे में गिर गए। सीसामऊ विधायक नसीम सोलंकी हाजी इरफान सोलंकी के जेल में बंद दिनों को याद करके फफक पड़ीं। उन्होंने कहा कि इरफान को आप लोग पूर्व विधायक नहीं कहें। कैंट विस क्षेत्र के विधायक रुमी हसन, महानगर अध्यक्ष फजल महमूद, कांग्रेस के कैंट के पूर्व विधायक सोहेल अंसारी, पूर्व नगर अध्यक्ष मोईन खान, कल्लू यादव, ग्वालटोली के पार्षद मोहम्मद उमर बब्बू, हाजी सरताज अनवर, मोहम्मद मुरसलीन भोलू, नसीम रजा, शैलेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट की अध्यक्ष बनीं समता




निर्वाचित अध्यक्ष समता वर्मा व मंत्री संजय सिंह भदौरिया के साथ मौजूद सम्मानित फार्मासिस्ट।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उर्सला में हुआ डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन

**अमृत विचार।** परेड स्थित उर्सला अस्पताल में शनिवार को फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का शनिवार को द्विवार्षिक अधिवेशन हुआ। प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र वर्मा व चुनाव अधिकारी सर्वेश कुमार वर्मा, प्रभारी अधिकारी पर्यवेक्षक अनिल कुमार पटेल व एसीएमओ डॉ.आरएन सिंह के निर्देश पर पदाधिकारियों का चुनाव हुआ।

चुनाव में उर्सला अस्पताल की फार्मेसिस्ट समता वर्मा को अध्यक्ष, चीफ फार्मेसिस्ट झल्लर प्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पनकी पीएचसी के फार्मेसिस्ट राहुल शुक्ला को उपाध्यक्ष और पुलिस अस्पताल में फार्मेसिस्ट संजय सिंह भदौरिया को मंत्री पद के लिए निर्वाचित किया गया। जबकि उर्सला के फार्मेसिस्ट संजय संखवार को संगठन मंत्री, कल्यानपुर सीएचसी के फार्मेसिस्ट राघवेंद्र शर्मा को संयुक्त मंत्री, पीएसी अस्पताल के फार्मेसिस्ट प्रवीन कुमार को कोषाध्यक्ष मंत्री, केपीएम अस्पताल के फार्मेसिस्ट आलोक कुमार सोनकर को सम्प्रेक्षक व पुलिस अस्पताल के चीफ फार्मेसिस्ट सुरेश चंद्र वर्मा को प्रवक्ता के पद पर निर्वाचित किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया और मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी। वहीं, जिले के सभी अस्पतालों से 2026 में सेवानिवृत्त हुए प्रभारी अधिकारी फार्मेसी, चीफ फार्मेसिस्ट व फार्मेसिस्टों को सम्मानित किया गया। निर्वाचित अध्यक्ष व मंत्री ने कहा कि फार्मेसिस्टों की समस्याओं को उजागर कर उनका निदान कराया जाएगा, ताकि फार्मेसिस्टों को परेशानी न हो सके।

# पूर्व पार्षद ने प्लाट निर्माण के बदले मांगी रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक माह में हिस्ट्रीशीटर पंगु यादव के खिलाफ रंगदारी की दूसरी रिपोर्ट दर्ज
- प्लाट पर पड़ी निर्माण सामग्री 36 बोरी सीमेंट, 240 किलो सरिया भी ले गए

**अमृत विचार।** बर्रा में हिस्ट्रीशीटर व पूर्व पार्षद विष्णु कुमार यादव उर्फ पंगु यादव के खिलाफ 10 लाख की रंगदारी मांगने का एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर के आदेश पर हुई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि आरोपियों ने प्लाट पर निर्माण कराने के लिए रंगदारी मांगी थी और सीमेंट व सरिया आदि सामान भी गायब कर दिया। इससे पूर्व 14 मार्च को रतनलाल नगर निवासी अभिषेक उर्फ राहुल सक्सेना ने हिस्ट्रीशीटर समेत 11 लोगों के खिलाफ रंगदारी मांगने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

गुजैनी के आई ब्लाक निवासी चंद्रपाल पांडेय ने बताया कि उन्होंने बेटे आनंद के नाम पर बर्रा-छह में केडीए से एक प्लाट खरीदा था। केडीए ने 12 मार्च को प्लाट पर कब्जा दिया। इसके बाद उन्होंने बाउंड्री बनवाने और गेट लगवाने का काम शुरू कराया। चंद्रपाल का आरोप है कि प्लाट पर निर्माण शुरू होते ही विष्णु कुमार यादव उर्फ पंगु यादव, शिवा और सुरेश यादव अपने साथियों को लेकर प्लाट पर पहुंचे और निर्माण रुकवा दिया। गाली-गलौज कर धमकी दी। आरोपियों ने प्लाट पर निर्माण कराने के बदले में 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। जबकि पहले ही एक लाख रुपये ले चुके हैं। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उनके प्लाट से हटते ही आरोपियों ने वहां पड़ी निर्माण सामग्री 36 बोरी सीमेंट, 240 किलोग्राम सरिया, चार ड्रम और तीन तसला भी उठा ले गए। इसके बाद उन्होंने पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई। बर्रा थाना प्रभारी रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रंगदारी मांगने, धमकाने और चोरी की धाराओं में मुकदमा किया गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# 450 लाभार्थियों को टूल किट का वितरण किया गया

**कानपुर।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से टूलकिट वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत होजरी एवं टेक्सटाइल क्षेत्र के 450 लाभार्थी रहे, जिन्हें आधुनिक टूलकिट वितरित की गई। इसके साथ ही, 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' के अंतर्गत आने वाले 10 प्रमुख ट्रेडों (दर्जी, हलवाई, राजमिस्त्री, बढ़ई, नाई, कुम्हार, धोबी, मोची, लोहार और सुनार) में से 50 राजमिस्त्री लाभार्थियों को उन्नत टूलकिट प्रदान की गई। मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र मैथानी ने लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया। उपायुक्त उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह ने बताया कि 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष का निर्धारित लक्ष्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने 'पंचायत पापड़' ब्रांड लॉन्च करने वाली महिला उद्यमी की कहानी भी साझा की, जिन्होंने 6 महीने के भीतर गांव की महिलाओं को रोजगार दिया।

## 140 युवा किए गए शॉर्टलिस्ट

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में मेगा इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक प्रो सुधांशु पांडया, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ अनुराग मेहरोत्रा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो अंशु यादव एवं प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ सिधांशु राय द्वारा किया गया। मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के लिए 15 कंपनियों ने इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट के लिए लगभग 400 विद्यार्थियों के इंटरव्यू लिया एवं 140 विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट एवं चयनित किया। जिसमें नायरा किचन वेयर, अमेजॉन डिजिटल, सिग्मा सॉल्यूशंस, डॉल्फिन डेवलपर्स, होटल प्रिसटीन प्राइम हायर, वी ड्रेस, यूनिवर्सल ट्रेड, आरके देवी, श्री लगन, स्टैक जैसी कंपनियां हैं।

**कारोबार** | केंद्र सरकार के निर्णय से शहर के उद्यमियों व निर्यातकों में खुशी

# निर्यातकों और उद्यमियों को मिली बड़ी 'रिलीफ'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका, ईरान और इजराइल युद्ध के बीच निर्यातकों को हो रही असुविधा पर केंद्र सरकार ने 'रिलीफ' कदम उठाया है। सरकार की ओर से रेसीलीएनस एंड लॉजिस्टिक इंटरवेंशन फिर एक्सपोट फैसिलिटेशन 'रिलीफ' निर्णय से निर्यातकों व उद्यमियों को सरकार की ओर से तीन तरह से सुविधा प्रदान की है। सरकार के इस निर्णय के बाद निर्यातकों व उद्यमियों ने इसे कारोबार के लिए संजीवनी बताया है।

युद्ध की वजह से शहर के निर्यात कारोबार सहित उद्योग व एमएसएमई सेक्टर बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। हालात यह है कि कई इकाइयों में प्रोडक्शन या तो आधा रह गया है या फिर रुक गया है। इस स्थिति में निर्यातकों व उद्यमियों को तीन तरह से सुविधा दी गई है। इनमें जिन निर्यातकों ने पहले से ही ईसीजीसी क्रेडिट बीमा कवर प्राप्त कर रखा है, उन्हें 14 फरवरी से 15 मार्च, तक सौ फीसदी तक अतिरिक्त जोखिम कवर प्रदान किया जाएगा। इसी तरह 16 मार्च से 15 जून तक निर्यातकों को ईसीजीसी कवर लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिसमें सरकार 95 फीसदी तक अतिरिक्त जोखिम कवर समर्थन प्रदान करेगी। उधर अन्य सहूलियत में कुछ एमएसएमई निर्यातक जिन्होंने क्रेडिट बीमा नहीं लिया है, उन्हें 14 फरवरी से 15 मार्च, तक भाड़े और बीमा सर्जचार्ज के लिए 50 फीसदी तक प्रतिपूर्ति दी जाएगी, अधिकतम 50 लाख रुपये प्रति निर्यातक। इस निर्णय से माना जा रहा है कि औद्योगिक क्षेत्र को कुछ राहत हासिल हो सकेगी। उद्यमियों का मानना है कि 'रिलीफ' का लक्ष्य लॉजिस्टिक्स व्यवधानों के तत्काल प्रभाव को कम करेगा, निर्यातक विश्वास की रक्षा करेगा, अंतरराष्ट्रीय क्रय आदेशो (ऑर्डर) कैंसिल नहीं होंगे और निर्यातक इकाइयों में रोजगार की सुरक्षा होगी। इससे गल्फ और पश्चिम एशिया समुद्री गलियारे में लॉजिस्टिक्स व्यवधान और लागत वृद्धि नियंत्रित होगी। इससे जोखिम कवरेज होगा जिससे निर्यातक आसानी से निर्यात कर पाएंगे। इसमें एमएसएमई इकाइयों की आर्थिक सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है।

> इस युद्ध की वजह से निर्यात और उद्योग दोनों ही बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। ऐसे में आज छोटे उद्योगों के साथ केंद्र सरकार खड़ी नजर आ रही है। जिससे देश में औद्योगिक सुरक्षा का माहौल बन गया है और अनिश्चितता खत्म हुई है। इस निर्णय से उद्योग बिना किसी संशय के आने वाले दिनों में उत्पादन जारी रखेंगे और निर्यात कर सकेंगे।
>
> -उमंग अग्रवाल, महासचिव फीटा



> अमेरिका की ओर से लगाए जाने वाले टैरिफ और उसके तुरंत ही बाद यह युद्ध निर्यात और उद्योग दोनो को ही बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। इस वक्त उद्योग की स्थिति को देखते हुए इस निर्णय को उद्यमियों व निर्यातकों के लिए संजीवनी ही माना जाएगा। मुझे उम्मींद है कि इन सुविधाओं के बाद थोड़ी बहुत राहत मिल सकेगी।
>
> -विनय अग्निहोत्री, नगर अध्यक्ष पीआईए



## सिटी ब्रीफ

### लापता वृद्ध का शव स्टेशन पर मिला

**कानपुर।** तीन दिन से लापता 91 वर्षीय बाल किशन शर्मा का शव कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर मिला। वह पंजाब में रहने वाले बेटे के घर से लौट रहे थे। परिजन ने उनका बैग, मोबाइल व जेवरात गायब होने का आरोप लगाकर जहरखुरानी की आशंका जताई। रतनलाल नगर निवासी बाल किशन शर्मा वैद्य थे। उनके बेटे कमल शर्मा ने बताया कि वे पंजाब के फगवाड़ा में रहने वाले बड़े भाई उमेश के घर गए थे। बीती 24 मार्च को वह अमृतसर एक्सप्रेस से कानपुर लौट रहे थे। जिसके बाद पिता घर नहीं लौटे। शनिवार को कानपुर सेंट्रल जाने पर जीआरपी ने बताया कि शुक्रवार शाम को प्लेटफार्म नंबर आठ पर उनका शव मिला था।

### सिपाही से ठगी

**कानपुर।** साइबर ठग ने निवेश कर अधिक मुनाफे का लालच देकर महिला सिपाही से 4.62 लाख रुपये की ठगी की। रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात महिला सिपाही सपना कुमार के अनुसार वाट्सएप नंबर को एक ग्रुप में जोड़ा गया। जिसमे शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने के मैसेज आते थे। ग्रुप के एडविन के झांसे में आकर उन्होंने एक लिंक के जरिए एप्लीकेशन डाउनलोड किया। जिसमें उनका अकाउंट बनाया गया।

# जैन धर्म के संदेश लेकर निकलेंगी झांकियां

## महावीर जयंती पर 30 मार्च को दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर जनरलगंज से निकाली जाएगी भव्य रथयात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्मदिवस पर 30 मार्च को शहर के जैन मंदिरों में भव्य आयोजन किया जाएगा। सभी जैन मंदिरों पर सुबह के समय प्रभात फेरी होगी और इसके बाद सभी लोग मोतीझील लॉन नंबर तीन में एकत्र होंगे। यहां पर भगवान जीवन दर्शन महोत्सव मेले की शुरुआत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा की जाएगी।

लाजपत नगर स्थित एक होटल में श्री दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर के सभापति हेम कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म के 2624 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि जैन धर्म विश्व के प्राचीनतम धर्मों में से एक है और इसका दर्शन अत्यंत प्राचीन व व्यापक है।

महावीर जयंती पर सोमवार को जनरलगंज स्थित दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से भव्य रथ यात्रा निकलेगी, जिसका शुभारंभ महापौर प्रमिला पांडेय हरी झंडी दिखाकर करेंगी। यह रथ यात्रा जनरलगंज से नयागंज, किराना बाजार, हालसी रोड, आहिसा चौक, मूलगंज, मेस्टन रोड, बड़ा चौराहा, फूलबाग व कराची खाना होकर मंदिर में पूर्ण विश्राम लेंगी। महामंत्री अमित जैन ने बताया कि रथ यात्रा में सात झांकियां निकलेगी, जो जैन धर्म के संदेश पर आधारित होगी। सभी जैन मंदिरों पर सुबह छह बजे से आठ बजे तक प्रभात फेरी होगी और इसके बाद दोपहर में हजारों की संख्या में लोग मोतीझील में आयोजित होने वाले भगवान जीवन दर्शन महोत्सव मेले में शामिल होंगे, मेले की शुरुआत जिलाधिकारी द्वारा ध्वजारोहण से किया जाएगा, जिसमे उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति मान कुंवर मानवेंद्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, सांसद रमेश अवस्थी, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विधायक व आदि प्रतिष्ठित लोग शामिल होंगे। इस दौरान उप सभापति अरविंद जैन, मंत्री अंकुर जैन, कोषाध्यक्ष अरूल जैन, सुनील कुमार, सुधींद्र जैन, अमित कुमार जैन, अखिलेश जैन, अभिषेक जैन गोल्डी, अनूप जैन समेत आदि रहे।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

### बच्चों और महिलाओं की होंगी प्रतियोगिताएं भी

- आयोजकों ने बताया कि इस महोत्सव में विशिष्ट विद्वान प्रोफेसर कमलेश, डॉ.आनंद कुमार व सुमित शास्त्री अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। मध्य प्रदेश से अहिंसा जैन श्रद्धालुओं को महत्वपूर्ण जानकारी देंगी। इसके अलावा मेले में बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस और विभिन्न महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी, जिनमें मुख्य रूप से नृत्य, डांडिया समेत अन्य प्रतियोगिताएं व भजन संध्या शामिल होंगी। इस मौके पर मध्य प्रदेश की भजन गायक अहिंसा जैन द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। लकी ड्रॉ होगा और सीएसजेएमयू से फाइन एंड आर्ट की टीम लाइव आर्ट गैलरी बनाएगी, जो लोगों को काफी आकर्षित करेगी।


पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने युवाओं को दी सीख। अमृत विचार

# बेहतर करियर विकल्प के लिए युवा उद्योग से जुड़ें

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** आज बदलती दुनिया के साथ ही देश का युवा भी बदल रहा है। युवा स्टार्टअप के माध्यम से अपनी पहचान बनाने में सफल हुए हैं। इस स्थिति में युवाओं को बेहतर करियर विकल्प के रूप में उद्यमिता को अपनाना चाहिए।

यह विचार शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने व्यक्त किए। वे सीएसए विवि में आयोजित उद्योग कॉनक्लेव में शिरकत करने आए हुए थे। इस दौरान उन्होंने कॉनक्लेव में लगे स्टॉल पर जाकर उत्पादों की खासियत भी पूछी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गोल्डन जुबली वर्ष के पर कृषि विश्वविद्यालय एवं एमएसएमई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित लघु,सूक्ष्म एव मध्यम उद्यम कॉनक्लेव और क्षेत्रीय ट्रेड शो में 150 स्टॉल लगे। मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे। पूर्व राष्ट्रपति ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प भी अर्पित किए। उन्होंने ओडीओपी, ओडीओसी, टेक्सटाइल, सीएम युवा,एग्रीटेक,मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस सेक्टर उत्पाद स्टॉल्स पर उद्यमियों से बातचीत की। सीएसए विवि के कुलपति के विजयेंद्र पांडियन ने बताया कि ट्रेड शो से युवाओं को उद्योगों के विकास के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा।

# खादी के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू में खादी पर हुआ सेमिनार

**अमृत विचार।** खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से शनिवार को सीएसजेएमयू में सेमिनार का आयोजन हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों ने खादी के उत्पादों के प्रोत्साहन पर विचार व्यक्त किए। सेमिनार के दौरान खादी की डिमांड को बढ़ाने के लिए युवाओं का रुझान इस ओर किए जाने का सुझाव दिया गया।

सेमिनार की शुरुआत मंत्री राकेश सचान की ओर से की गई। इस दौरान उन्होंने खादी वस्त्रों के उपयोग से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खादी एवं ग्रामोद्योग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रही है, जिससे पलायन रोकने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिल रही है। खादी क्षेत्र में स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं, जिनसे युवा न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा खादी वस्त्रों पर आधारित फैशन शो का भी आयोजन किया गया। जिसमें खादी के बने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामोद्योग महासंघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता सहित विभिन्न जनपदों से आए खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए। इसमें युवाओं को खादी उत्पादों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अशोक कुमार शर्मा, प्रो. सुरेश कुमार अवस्थी, राकेश मिश्रा, डॉ. प्रशांत कुमार, जीउत बली यादव सहित अन्य मौजूद रहे।



प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। अमृत विचार

# मेट्रो स्टोर में भड़के शोले धमाकों से फैली दहशत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पामेला ग्रीन लॉन के पास बने स्टोर में लगी आग
- दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

**अमृत विचार।** काकादेव स्थित पामेला ग्रीन लॉन के पास बने मेट्रो स्टेशन के स्टोर रूम में भीषण आग लगी और कई धमाके हुए जिससे हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया।

शनिवार सुबह लॉन के पास बने मेट्रो के स्टोर रूम में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। इस दौरान दो-तीन धमाके हो गये और आग ग्रीन लॉन तक पहुंच गई जिससे अफरातफरी मच गई।

मेट्रो स्टेशन पर कार्य कर रहे कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुए तो फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। आग के चलते स्टोरी में रखी टेलीकॉम कंपनियों की केबिलें जलकर राख गईं और एक एसी भी खाक हो गया। घटना के चलते कई घंटे इंटरनेट कनेक्शन बाधित रहा।

काकादेव निवासी महावीर प्रसाद पांडेय का पामेला गेस्ट हाउस है। गेस्ट हाउस के प्रबंधक नितिन अवस्थी ने बताया कि गेस्ट हाउस के बाहर तीन दुकानें हैं जिन्हें मेट्रो प्रोजेक्ट के स्टोर रूम के लिए किराये पर ले रखा है। शनिवार सुबह दुकान में शार्ट सर्किट से स्टोर में आग लगी जो थोड़ी ही देर में लॉन तक पहुंच गई।


हॉबी क्लासेस में बच्चों ने की मस्ती। अमृत विचार

# सेंट थॉमस स्कूल में हॉबी क्लासेज खत्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट थॉमस स्कूल में आयोजित हॉबी क्लासेज 2026 का समापन हो गया। छह मार्च से 28 मार्च तक चले इस कार्यक्रम में कक्षा पांच और उससे ऊपर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में व्यावहारिक कौशल, शारीरिक क्षमता और टीम भावना का विकास करना था। इस दौरान छात्रों ने बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, कबड्डी, वॉलीबॉल, स्केटिंग, डांस, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट, फुटबॉल व क्रिकेट जैसी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर थॉमस कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस पहल को अभिभावकों और शिक्षकों का भी भरपूर सहयोग मिला।


स्कूल के स्टाफ के साथ मौजूद बच्चे। अमृत विचार

### स्कूल के वार्षिक समारोह में पर्यावरण संरक्षण का संदेश


**कानपुर।** ऑलब्राइट ग्लोबल स्कूल में शनिवार को इकोज़ ऑफ एमराल्ड अर्थ थीम पर आधारित ग्रेजुएशन डे एवं वार्षिक रिपोर्ट कार्ड समारोह हुआ। मुख्य अतिथि जिला अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह थे और अध्यक्षता प्रबंधक शिवराम सिंह ने की। प्रधानाचार्य दिव्या मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह की मुख्य विशेषता किंडरगार्टन के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे, जिनमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# हमारी मांगें सुनो सरकार, आंदोलन की ललकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 21 सूत्रीय मांगों पर इंटक ने दी आंदोलन की चेतावनी
- बंद मिलों और कर्मचारियों के हितों की अनदेखी का आरोप

**अमृत विचार।** जिले में 21 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ (इंटक) ने शनिवार को किदवई नगर स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता की। इस दौरान वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री अनिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के नाम मुख्य लेबर कमिश्नर, दिल्ली को कर्मचारियों के हित में 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन पूर्व में सौंपा गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में गहरा रोष है।


प्रेस वार्ता करते इंटक के पदाधिकारी। अमृत विचार

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आगामी माह की 24 तारीख को दोबारा धरना-प्रदर्शन करने की योजना बनाई जाएगी। अग्रवाल ने बताया कि इससे पहले भी दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा चुका है, लेकिन सरकार की ओर से सकारात्मक पहल नहीं हुई। प्रेस वार्ता में कानपुर की बंद पड़ी मिलों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने कहा कि कभी मिलों की सायरन से गूंजने वाला शहर आज बेरोजगारी की मार झेल रहा है। मिल बंद होने से हजारों श्रमिकों का जीवन प्रभावित हुआ है और उन्हें रोजी-रोटी के लिए दूसरे शहरों की ओर पलायन करना पड़ रहा है। प्रेस वार्ता में कमलेश त्रिपाठी, अजय प्रताप सिंह, जेएन शर्मा, कोमल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



बच्चों ने डांस किया।

# विद्यार्थियों को मिला सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एनएलके एकेडमी मंधना में आयोजित हुआ समारोह

**अमृत विचार।** एन.एल.के. एकेडमी, मंधना में सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि सौम्या टंडन बंजारे, डॉ. मीना अवस्थी तथा नीलम श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें स्वागत नृत्य, बाल मजदूरी और शिक्षा के महत्व पर आधारित नाटिकाएं शामिल रहीं। विद्यालय के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. ऋषि सेठ ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उप प्रधानाचार्य श्याम लांगियानी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## जय-जयकार

### संत प्रवचन से गूंजा सभागार, सेवा व सत्य मार्ग पर चलने का आह्वान

# हनुमान विनम्रता, सेवा, समर्पण और भक्ति के आदर्श

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में चल रही हनुमान कथा के सातवें दिन पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के बीच कार्यक्रम अत्यंत भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। संत विजय कौशल महाराज ने अपने ओजपूर्ण प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता, नैतिकता और जीवन मूल्यों का दिव्य संदेश दिया।

कथा के दौरान मुख्य यजमान महेंद्र अग्रवाल (केटीएल), रमेश सिंह यादव (पूर्व ब्लॉक प्रमुख), दीपेश सिंह तथा विशिष्ट अतिथि ओमवीर सिंह , शिवराम सिंह (जिलाध्यक्ष भाजपा कानपुर दक्षिण) एवं राहुल दीक्षित (आयकर अधिकारी) की उपस्थिति रही। विजय महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि भगवान हनुमान केवल शक्ति और पराक्रम के प्रतीक ही नहीं, बल्कि विनम्रता, सेवा, समर्पण और सच्ची भक्ति के आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जीवन में सत्य और धर्म के मार्ग पर चलता है, उस पर सदैव ईश्वर की कृपा बनी रहती है। मनुष्य को अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी और निष्ठा से करना चाहिए।

अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। साथ ही उन्होंने समाज की उन्नति के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। विजय महाराज ने श्रीराम और हनुमान के आदर्शों का उल्लेख करते हुए बताया कि सच्चा धर्म मानव सेवा है। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित किया कि वे अपने जीवन में भजन, राम नाम और सत्संग को अपनाएं। धैर्य, संयम और विनम्रता को जीवन का आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखना ही व्यक्ति को आगे बढ़ाता है।

कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल, उपाध्यक्ष अनूप पचौरी, मंत्री उमेश निगम, संयोजक डॉ. विवेक द्विवेदी व रवीन्द्र पालीवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


हनुमान कथा का आनंद लेते श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। अमृत विचार



कथा वाचक विजय कौशल महाराज।

### हनुमान कथा के समय में परिवर्तन

- कई दिनों से चल रही हनुमान कथा का आज समापन है, जिसका आयोजक द्वारा समय परिवर्तित किया गया है। कथा हर रोज की तरह छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में चल में होगी। लेकिन अंतिम दिन होने के कारण कथा प्रात: 10 बजे से शुरू होगी।

### पेट्रोल पंप कर्मी-ग्राहक में जमकर मारपीट वीडियो वायरल

**कानपुर।** पेट्रोल की किल्लत के बीच रतनलाल नगर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर शनिवार रात कर्मी और ग्राहक के बीच विवाद इतना बढ़ा कि जमकर मारपीट हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें पंप कर्मी ग्राहक को बेल्ट से मारता दिख रहा है। हालांकि आपका अखबार 'अमृत विचार' वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो युवक पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे और ऑनलाइन भुगतान करने के बाद एक युवक ने भुगतान चेक करने को कहा। जिस पर कर्मी भड़क गया और गालीगलौज करते हुए बेल्ट निकालकर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि करीब 1 मिनट 15 सेकंड के वीडियो में कर्मी ने युवक पर एक के बाद एक छह बार बेल्ट से वार किया। जबकि बचाव में युवक और उसका साथी भी प्लास्टिक ट्रैफिक कोन से जवाब देते दिखे। मौजूद लोग ज्यादातर मूकदर्शक बने रहे और कुछ ही लोगों ने बीचबचाव किया।


## कानपुर नगर निगम

### निविदा सूचना

#### निविदा संख्या–84/मु0अभि0/2025–26

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2025–26 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2025–26 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित कार्यो की अति अल्पकालीन निविदायें संख्या–36 दिनांक 07.04.2026

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट **kmc.up.nic.in** पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

# कैंची प्वाइंट में खामी मिलने पर पीडब्ल्यूआई को लगाई फटकार

## मेगा ब्लाक को लेकर डीआरएम ने गंगाघाट रेलवे पुल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचारः** रेलवे पुल की डाउन लाइन पर प्रस्तावित मेगा ब्लॉक व ट्रफ बदलने के कार्य को लेकर शनिवार को लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील वर्मा विशेष शैलून से गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे। उनके साथ एडीआरएम सूर्यवीर सिंह चौहान, सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी, सीनियर डीओएम रजनीश श्रीवास्तव, सीपीएम गति शक्ति जयंत चौधरी व सीनियर डीएसटीई/सी अमित कुमार मीणा आदि मौजूद रहे।

दोपहर करीब 12:12 बजे पहुंचे डीआरएम ने पैदल ही गंगाघाट रेलवे पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान गंगाघाट केबिन के पास कैंची प्वाइंट में खामी मिलने पर उन्होंने संबंधित पीडब्ल्यूआई को फटकार लगाई। इसके बाद पूरे पुल का गहन निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीआरएम ने बताया कि गंगा ब्रिज की डाउन लाइन पर ट्रफ बदलने के लिए 2 अप्रैल से 42 दिनों का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इसमें रोज करीब 8 घंटे का ब्लॉक रहेगा। इस दौरान पुराने स्टील ट्रफ हटाकर नई तकनीक के एचबीम स्लीपर लगाए जाएंगे। वर्तमान में ट्रेनों की रफ्तार 30 किमी प्रति घंटा है। जिसे कार्य पूर्ण होने के बाद 75 से 110 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाया जाएगा। बताया कि कार्य के लिए मैनपावर, मैटेरियल व अन्य संसाधनों की तैयारियों का जायजा लिया गया है। मेगा ब्लॉक के दौरान डाउन लाइन पर पैसेंजर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इस पर यात्रियों ने उन्नाव से लखनऊ के बीच वैकल्पिक ट्रेन चलाने की मांग उठाई। डीआरएम ने कहा कि इस रूट पर पहले से ही क्षमता से अधिक ट्रेनें संचालित हो रही हैं, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद अन्य ट्रेनों के संचालन पर विचार किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधाओं की भी जांच की गई। टिकट काउंटर के पास लगे इमरजेंसी बटन को दबाकर उसकी कार्यप्रणाली का परीक्षण किया गया, जिस पर उन्नाव से तुरंत रिस्पॉन्स मिला और सिस्टम सही पाया गया। करीब दो घंटे तक निरीक्षण करने के बाद डीआरएम दोपहर करीब दो बजे लौट गए।


कैंची प्वाइंट की हकीकत देखते डीआरएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### डीआरएम ने कोच डिस्प्ले सक्रिय रखने के दिए निर्देश

**उन्नाव :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील वर्मा ने शनिवार को उन्नाव जंक्शन का निरीक्षण किया। इसमें यात्री सुविधाओं का मुआयना करने के साथ उन्होंने अमृत भारत स्टेशन के निर्माण कार्य की जानकारी ली। दोपहर 2 बजे उन्नाव जंक्शन पहुंचे डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। प्रस्तावित स्टेशन का नक्शा देख पार्किंग स्थल व रेलवे की उपलब्ध जमीन के संबंध में जानकारी ली और मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म, मुख्य द्वार, बैठने की व्यवस्था, बैरिकेटिंग के प्रस्तावित स्थानों की समीक्षा की। वंदे भारत ट्रेन के ठहराव को लेकर कहा कि यदि जनता से मांग आती है तो इस पर विचार किया जाएगा। दैनिक यात्री संघ के मुर्तजा हैदर ने पदाधिकारियों के साथ डीआरएम को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें सुपर फास्ट ट्रेनों के ठहराव की मांग के साथ गंगाघाट में स्लीपर बदलने के दौरान ब्लॉक अवधि में लखनऊ से गंगाघाट तक मेमू ट्रेन चलाने की मांग शामिल रही। इस दौरान सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी, एडीआरएम सूर्यवीर सिंह चौहान, जनसंपर्क अधिकारी सुशील जायसवाल आदि मंडलीय अधिकारी मौजूद रहे।


रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर-बी निवासी राम विलास शर्मा की 17 वर्षीय बेटी साक्षी दोपहर में घर के ऊपरी हिस्से में बने कमरे में गई और पंखे के कुंडे के सहारे फांसी लगा ली। कुछ देर बाद मां बीना शर्मा की नजर उस पर पड़ी तो वह चीख उठी। शोर सुन घर में मौजूद भतीजे अभिषेक ने किसी तरह उसे फंदे से नीचे उतारा। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर निकले लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पर गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची। बिंदा नगर चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने आत्महत्या का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

### किशोरी की जहर निगलने से हुई मौत

**उन्नाव , अमृत विचार :** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के सुईखेड़ा गांव निवासी सर्वेश कुमार की बेटी निधि (13) शुक्रवार शाम बकरी चराने खेत गई थी। जहां उसकी हालत बिगड़ गई थी। वह परिजनों को अचेत हालत में पड़ी मिली थी। उसे सीएचसी लाया गया था। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। परिजनों व ग्रामीणों ने जहरीला कीड़ा काटने की बात कही थी। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया जिसमें जहर निगलने से मौत होने की बात सामने आई है। बेटी की मौत से मां कुसमा, भाई अनमोल, बहन वैशाली बेहाल हैं। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि परिजनों ने जहरीला कीड़ा काटने का प्रार्थनापत्र दिया था। परिजनों का कोई आरोप भी नहीं है।

# पांच शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली पुलिस ने शातिर चोरों के गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 5 लोगों को पकड़ा है। इनके पास चोरी के जेवर व नगदी सहित अन्य कीमती उपकरण व एक ऑटो भी बरामद हुई है। जिसे पुलिस ने सीज किया है।

बता दें कि सदर कोतवाली के सिविल लाइन मोहल्ला निवासी अरुण रश्मि पत्नी श्याम किशोर वर्मा के घर बीती 6 अगस्त को चोरी हुई थी। जनवरी माह में गदन खेड़ा मोहल्ला निवासी संदीप कुमार पुत्र रामविलास व कुलदीप के घर को चोरों ने निशाना बनाया था। एसएसपी ने शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि मुखबिर की सूचना पर सदर कोतवाली प्रभारी ने फोर्स के साथ शैलेंद्र उर्फ दीपू सविता, रविंद्र सिंह उर्फ बऊवा पुत्र स्व. लल्लू निवासी डीह, जलेश उर्फ अयान पुत्र खुशामुद्दीन निवासी शांति नगर सदर कोतवाली, विशाल उर्फ अनुराग कुशवाहा पुत्र शिव शंकर निवासी देवगांव सफीपुर व अमन सोनी पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी दुर्गागंज नवाबगंज अजगैन को ललऊ खेड़ा नहरिया पर डीह मोड़ के पास एक मंदिर के बाहर से दबोच लिया। पूछताछ में सभी ने सदर व माखी थानाक्षेत्र में चोरिया करने की बात कबूल की। पुलिस को बताया कि चोरी का सामान ऑटो में लादकर कबाड़ियों व सुनार आदि के पास बेंचकर रुपये आपस मे बांट लेते थे। पुलिस ने ऑटो जब्त कर सीज किया है।

● **चोरी के जेवर और नकदी सहित अन्य कीमती सामान हुआ बरामद**


पुलिस की गिरफ्त में शातिर चोर। ● अमृत विचार

### घर के पीछे पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बीकामऊ गांव निवासी देशराज (47) पुत्र चंद्रिका प्रसाद खेती करता था। भाई शंकर लाल ने बताया कि वह घर पर अकेला रहता था। पत्नी श्यामा बच्चों ऋतिक, रवित व आर्यन को लेकर मायके वालों के साथ चंडीगढ़ में रहती है। भाई के मुताबिक शुक्रवार को देशराज रात 12 बजे अपने घर पर चारपाई में सोता देखा गया। शनिवार सुबह घर के पीछे 100 मीटर दूर उसका शव नीम के पेड़ पर फंदे से लटका देख भाइयों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर उसका पोस्टमार्टम कराया। वह 4 भाइयों में शंकर लाल, मोतीलाल व जितेंद्र में तीसरे नंबर पर था। भाई उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि भाई की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया है। अभी परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

# शव रखकर लगाया जाम, पति गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** ससुरालियों की प्रताड़ना से जहर निगलकर जान देने वाली विवाहिता का शव पोस्टमार्टम के बाद मायके पहुंचा तो आक्रोशित परिजनों ने उन्नाव-परियर मार्ग पर जाम लगा दिया। पति की गिरफ्तारी होने की जानकारी मिलने पर लोग सड़क से हटे। इस दौरान घंटों यातायात बाधित रहा।

बता दें कि बिहार थानाक्षेत्र के भदिहा गांव निवासी जया (26) पत्नी राहुल निर्मल ने पारिवारिक कलह से तंग आकर गुरुवार दोपहर कीटनाशक निगल लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे केजीएमयू भेजा गया था। वहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद शनिवार को मायके पक्ष के लोग शव लेकर सदर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव आए। जहां गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर शव रख ग्रामीणों के साथ जाम लगा दिया। इससे उन्नाव- परियर मार्ग पर आवागमन थम गया। बिहार थाना पुलिस से संपर्क कर पति राहुल की गिरफ्तारी की जानकारी दी गई। इस पर लोग उसे मौके पर लाने के लिए अड़ गए। हालांकि पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया। एसओ बिहार ने बताया कि पिता राजकुमार की तहरीर पर तुरंत रिपोर्ट दर्ज कर पति को पकड़ लिया गया है।

● **विवाहिता की जहर निगलने से मौत का मामला**


परिजनों को समझाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

# शिया समुदाय की जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण की मांग, ज्ञापन

**उन्नाव, अमृत विचारः** मदीना सऊदी अरब स्थित ऐतिहासिक कब्रिस्तान जन्नतुल बकी में पैगम्बर हजरत मोहम्मद की पुत्री हजरत फातिमा जहरा व उनके परिजनों की पवित्र मजारों को ढहाए जाने के विरोध में शनिवार को शिया मुस्लिम समुदाय ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञान सौंपा।

समुदाय ने भारत सरकार से मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप करने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि वर्ष-1926 को सऊदी अरब की हुकूमत ने जन्नतुल बकी स्थित पवित्र मजारों को बुलडोजर से तहस-नहस कर दिया था। तब से आज तक दुनिया भर का शिया समुदाय इस दिन को 'यौम-ए-इंतकाम' व शोक के रूप में मनाता है। प्रदर्शन कारियों ने कहा कि इन मजारों से भारत के करीब 5 करोड़ शिया मुस्लिमों की भावनाएं जुड़ी हैं। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार के समक्ष मांगें रखीं कि सऊदी अरब अविलंब हजरत फातिमा व उनके नवासे की मजारों का सम्मान पूर्वक पुनर्निर्माण कराए। भारत इस विषय को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रमुखता से उठाए। जब तक मजारों का पुनर्निर्माण नहीं होता तब तक भारत सऊदी अरब के साथ संबंधों पर पुनर्विचार करे। इस दौरान जहीर अब्बास, अस्करी रजा, मो. जैदी, साहिल रजा, अबीद अब्बास मौजूद रहे।

# कलयुगी बेटे ने घोंटा मां का गला, मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** पैतृक संपत्ति अकेले हथियाने के लिए 75 वर्षीय मां की गला घोंट कर हत्या करने के आरोपी बेटे को पुलिस ने दबोच लिया है। कागजी कार्रवाई पूरी कर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से वह जेल भेजा जा रहा है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव निवासी शशि कला (75) पत्नी स्व. जय राम सिंह शहर के बंधुहार मोहल्ला में बेटे योगेंद्र के घर में रहती थी। गुरुवार को उसकी हालत बिगड़ने पर वही अस्पताल लाया था। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पीछे से अन्य भाई बहन भी इमरजेंसी पहुंचे थे। उन्होंने संपत्ति के लालच में भाई योगेंद्र पर मां को बंधक बनाने व हत्या करने का आरोप लगाया था। भाई ज्ञानेंद्र ने कोतवाली में इसकी तहरीर भी दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने दो डॉक्टर के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया तो आरोप सही निकले। शशिकला की गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। शनिवार को सदर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा व दरोगा अंजनी सिंह ने मुखबिर की सूचना पर फोर्स के साथ दबिश देकर मां के कत्ल के आरोपी बेटे योगेंद्र को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कार्रवाई कर उसे जेल भेजा जा रहा है। संपत्ति के लालच में शिक्षित बेटे द्वारा किया गया कृत्य लोगों में चर्चा का विषय बना है।

● **संपति के लालच में दिया घटना को अंजाम**


पुलिस गिरफ्त में मां का हत्यारोपी बेटा। ● अमृत विचार

### पुरवा कोतवाल और एसओ बेहटा मुजावर हुए लाइन हाजिर

**उन्नाव, अमृत विचार :** एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने कई निरीक्षक व दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले हैं। एसएसपी ने पुरवा कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव व बेहटा मुजावर एसओ मुन्ना कुमार को लाइन भेज दिया है। अमरनाथ की जगह एंटी भूमाफिया सेल प्रभारी निरीक्षक भुवन सिंह मौर्य को पुरवा कोतवाली की जिम्मेदारी दी है। वहीं प्रभारी वीआईपी सेल रहे निरीक्षक राज कुमार को बेहटा मुजावर थाना प्रभारी बनाया है। निरीक्षक अवधेश यादव को चुनाव सेल से एएचटी थाना प्रभारी बनाया है। एसएसपी ने दारोगाओं के भी कार्यक्षेत्र बदले। सदर चौकी इंचार्ज अतुल वर्मा को सर्विलांस सेल की जिम्मेदारी दी। वहीं गंजमुरादाबाद चौकी इंचार्ज अनिल साहू को सदर चौकी भेजा है। एसएसपी ने दरोगा संदीप मिश्रा को अनावरण व विवेचना शाखा से प्रभारी वीआईपी सेल बनाया है।

### 'मेरे वजूद की चौखट' काव्य संग्रह का किया गया विमोचन और लोकार्पण

**उन्नाव, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष व क्रीड़ा सचिव देवेंद्र शर्मा द्वारा रचित काव्य संग्रह 'मेरे वजूद की चौखट' का विमोचन व लोकार्पण शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल व सदर विधायक पंकज गुप्ता ने शनिवार को लोक नगर स्थित एक रिजॉर्ट में किया। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें शिक्षक विधायक ने इन कविताओं को सृजन का एक हिस्सा वह कवि के सद्भाव होने का नाम दिया। कहा कि यह संग्रह समाज को आईना दिखाते हुए उनकी कुरीतियों को दूर करने का अच्छा प्रयास है। विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में जीवन बिताने वाला व्यक्ति अचानक साहित्यिक संवेदना व समाज की वेदनाओं का इतनी सरल भाषा में प्रस्तुतीकरण करें ऐसा मैंने पहली बार देखा है। मुख्य वक्ता अशोक मिश्रा, दिनेश प्रियमन, नसीर अहमद, रमाशंकर मिश्रा मुन्ना, रमेश सिंह ने कविता संग्रह को आधुनिक कविता का नाम देते हुए कहा कि हर कविता का सार्थक व भावनाओं से पूर्ण है। संचालन डॉ. रामनरेश प्राचार्य ने किया। निशा शर्मा, अनुपमा शर्मा, अर्चना शर्मा, प्रेम शर्मा, देवांग शर्मा व उत्कर्ष शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।


पुस्तक का विमोचन व लोकार्पण करते अतिथि।

# बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** जिले के प्राथमिक विद्यालयों में हमारा आंगन, हमारे बच्चे पहल के अंतर्गत बच्चों के समग्र विकास के लिए अभिनव गतिविधियों का आयोजन कराने वाली सुपर वाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, नोडल शिक्षक, नोडल संकुल शिक्षक व बाल वाटिका में कार्य कर रहे शिक्षामित्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निराला प्रेक्षाग्रह में सम्मानित किया गया।

बाल वाटिका में विद्यालय को शिक्षण सामग्री, रंग बिरंगे चित्रों, खेल आधारित गतिविधियों व कोनों से सजाया गया है। जिससे बच्चे खेल-खेल में सीख सकें। शिक्षकों द्वारा बच्चों की सहभागिता बढ़ाने के लिए समूह गतिविधियां, कहानी कथन, गीत संगीत व कक्षा को कोनों से सजाया जाता है। जिससे बच्चे खेल-खेल में सीख सकें। इससे विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है और उनमें सीखने के प्रति रुचि भी बढ़ी है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बीएसए शैलेश पाण्डेय व खंड शिक्षाधिकारी जिला मुख्यालय संजय यादव ने सभी विकासखंड के सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, नोडल शिक्षक, नोडल संकुल शिक्षक, शिक्षक व शिक्षामित्रों को सम्मानित किया गया।

● **हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम से बच्चों में सीखने का उत्साह बढ़ा**


सम्मानित शिक्षकों के साथ बीएसए व खंड शिक्षाधिकारी मुख्यालय संजय यादव।

# पटरी दुकानदारों पर कार्रवाई का विरोध

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली के पास एबीनगर में बीते 3 दिनों से पुलिस व प्रशासन द्वारा पटरी दुकानदारें की दुकानें बंद कराने के विरोध में उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। व्यापारियों का आरोप है कि वेंडिंग जोन घोषित होने व वैध परिचय पत्र होने के बावजूद गरीब दुकानदारों को उजाड़ा जा रहा है।

जिलाध्यक्ष रजनी कांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पहुंचे आधा सैकड़ा से अधिक दुकानदारों ने अपनी व्यथा सुनाई। उनका कहना था यह क्षेत्र पहले से ही वेंडिंग जोन घोषित है। नगर पालिका व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा चिन्हित 2,804 पटरी दकनदारों में ये दुकानदार शामिल हैं और इनके पास वैध परिचय पत्र भी हैं। व्यापार मंडल ने डीएम की अनुपस्थिति में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह को 6-सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर अध्यक्ष संजय शुक्ला, नगर महामंत्री मनोज गुप्ता, जिला वरिष्ठ महामंत्री राजेश सिंह, जिला महामंत्री शैलेंद्र गुप्ता, जिला युवा प्रभारी जितेंद्र क्षेत्र, महेश गुप्ता, कमलेश गुप्ता, नवीन तिवारी, देवकांत जौहरी आदि मौजूद रहे।


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

● **व्यापार मंडल ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

### कार्यशाला में नामांकन बढ़ाने के दिए गए गुरु मंत्र

कार्यालय संवाददाता

**उन्नाव, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) बीघापुर में शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें विद्यालयों में गठित प्रबंध समितियों के अध्यक्ष, सचिव, प्रधान/इंचार्ज शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उद्देश्य था कि आगामी शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का नामांकन सुनिश्चित करना था। खंड शिक्षाधिकारी शुचि गुप्ता ने समिति के सदस्यों को विद्यालय प्रबंध समिति के गठन व कार्यवृत्त को बताते हुए विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार, नामांकन वृद्धि व सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। इसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय पिथई खेड़ा की एसएमसी उपाध्यक्ष नीता देवी, शिवगंज से आकांक्षा सिंह, रत्ना पांडे ने भी संबोधित किया। संचालन एआरपी दुर्गेश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में एआरपी मनीषा, योगेश कुमार के अलावा शिक्षक विश्वनाथ सिंह, राज किशोर, धीरज सिंह, विजय सिंह, गणेश शंकर गुप्ता, जितेंद्र सिंह चंदेल, शिव प्रसाद मिश्र, पवन सिंह, संजय पांडेय, संदीप शुक्ल व रजनीश सिंह आदि उपस्थित रहे।


कार्यशाला में उपस्थित प्रबंध समिति के सदस्य व प्रधान।

### सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत, साथी गंभीर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम मटुकरी निवासी कमल किशोर (50) राजमिस्त्री थे और उनके साथ गांव का ही प्रदीप (25) मजदूरी करता है। शनिवार को दोनों पड़ोसी गांव गोशा कुतुब निर्माण कार्य करने गए थे। देर शाम काम खत्म होने के बाद कमल किशोर बाइक से प्रदीप को लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान शारदा नहर पुल के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे जा घुसी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने कमल किशोर को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्रदीप की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक के चार बेटियां नेहा, निकिता, अंशिका, अनामिका और एक बेटा कपिल है। पत्नी मुन्नी पति का शव देखते ही दहाड़े मारकर रोने लगी।

### फूड सेफ्टी टीम ने खाद्य पदार्थों के भरे सैंपल

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया नई दिल्ली के निर्देश पर चल रहे सर्विलांस ड्राइव अभियान के तहत शनिवार को शुक्लागंज में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई की। फूड इंस्पेक्टर पल्लवी टीम के साथ नगर पहुंचीं और विभिन्न दुकानों पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान पोनी रोड स्थित एक दुकान से अरहर दाल, धुली मूंग दाल व चायपत्ती के सैंपल लिए। वहीं, राजमार्ग स्थित एक शो-रूम से भी खाद्य सामग्री के नमूने लिये गए। सभी सैंपलों को सील कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करना व मिलावटखोरी पर रोक लगाना है। उन्होंने दुकानदारों को हिदायत दी कि वे केवल मानक के अनुरूप ही खाद्य सामग्री का विक्रय करें। कहा कि जांच रिपोर्ट में यदि किसी सैंपल में गड़बड़ी मिलती है तो संबंधित विक्रेता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान से व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

**आयोजन** | शिक्षा चौपाल में निपुण बच्चों और अभिभावकों को किया गया सम्मानित

# डीबीटी व सुकन्या समृद्धि योजना छात्र-छात्राओं के लिए लाभकारी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के ख्वाजगीपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय करोवन में ग्राम शिक्षा चौपाल का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के वरिष्ठ प्रवक्ता श्याम सिंह यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने शिक्षा के गिरते स्तर को सुधारने व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने निपुण भारत मिशन, डीबीटी व सुकन्या समृद्धि योजना को छात्र-छात्राओं के लिए लाभकारी बताया।

चौपाल में न्याय पंचायत स्तर पर सर्वश्रेष्ठ परिणाम लाने वाले बच्चों को 'निपुण लक्ष्य' हासिल करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। असे अन्य बच्चों का मनोबल बढ़ा। शिक्षिकाओं ने एसएमसी अध्यक्षों व महिला अभिभावकों को अंगवस्त्र देकर उनका सम्मान किया। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नोडल शिक्षण संकुल मनोज द्विवेदी संकुल शिक्षक शांभवी शुक्ला, प्रदीप पाल, निशांत बाजपेई, अनुभा सिंह, स्वर्णपाल सिंह, संजय पटेल, प्रिया, लवली, कल्पना, सुनीता चौरसिया और मिथिलेश आदि उपस्थित रहे।


चौपाल के दौरान होता बच्चों व अभिभावकों का सम्मान। ● अमृत विचार

### अंबिका पब्लिक स्कूल में भव्य सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**शुक्लागंज, उन्नाव :** राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 3 से 9 व 11 तक के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ गणेश पूजन से हुआ व अतिथियों का स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। इसमें मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षिक, सांस्कृतिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के अनुसार पुरस्कृत किया गया। 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का विकास जरूरी है। इस दौरान विधि बाजपेई (एमबीबीएस तृतीय वर्ष) व लेखनी शुक्ला (सीए फाउंडेशन) को उपलब्धि पुरस्कार मिला। कनिका त्रिवेदी, कार्तिकेय, दिनेश त्रिवेदी, अनुराज श्रीवास्तव, हरि राठौर, सौरभ जायसवाल, धीरेंद्र मिश्रा सहित शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।


उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करते प्रबंधक।



ख़ुसरो रैन सुहाग की,
जागी पी के संग
तन मेरो मन पीउ को,
दोउ भए एक रंग

अमीर ख़ुसरो कहते हैं, सौभाग्य की रात बहुत अच्छी रही। वह आनंद की अद्वैतमयी स्थिति ऐसी थी कि तन तो जीवात्मा का था और मन प्रियतम का था। इस सौभाग्यशाली रात में दोनों मिलकर एक हो गए।

# भारत की श्रुति में, बोली में और हर मंगलमुहूर्त में हैं राम

> हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।'

'इतिहास' पक्षपातपूर्ण नहीं होता। वह निष्पक्ष और निर्मम होता है। निर्मम का अर्थ है मेरा नहीं, इदं न मम। निष्पक्ष। जहां मम है, मेरा है, वहां पक्षपात है, लेकिन 'श्रद्धा' असंभव पर विश्वास है। श्रद्धा का विकास शून्य से नहीं होता। वह इतिहास से तथ्य लेती है। संस्कृति की कसौटी पर कसती है। 'लोक' समर्थन करता है, विश्वास की सीमाएं फैलती हैं। विश्वास 'अंधविश्वास' जैसा दिखाई पड़ सकता है, लेकिन तर्क और विज्ञान की कसौटी महत्वपूर्ण है। हिंदू-श्रद्धा का आधार दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।' (राम, कृष्ण और शिवः लोहिया, पृ. 4)। डॉ. लोहिया समाजवादी थे। डॉ. रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे।

महाभारत के संबंध में डॉ. शर्मा की टिप्पणी दिलचस्प है, 'महाभारत इतिहास है, आख्यान है... आधुनिक अर्थ में वह इतिहास नहीं है, लेकिन इतिहास से भिन्न भी नहीं है।' फिर आगे कहा, 'ऋग्वेद में जो समाज-व्यवस्था है, ऋग्वेद और रामायण के समाजों से महाभारत का समाज पिछड़ा हुआ है।' (भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश) यहां एक समाज ऋग्वेद का है, एक रामायण का और बाद का समाज महाभारत का है। श्रीराम और रामायण का समाज ऋग्वेद के बाद है, महाभारत के पहले है। राज्य-व्यवस्था भी विकसित है।

भारत के ज्ञात इतिहास, पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार वैवस्वत मनु पहले आर्य राजा थे। उनके बड़े पुत्र थे इक्ष्वाकु। मनु और इक्ष्वाकु ऋग्वेद में भी हैं। इक्ष्वाकु अयोध्या के राजा थे। इक्ष्वाकु के 19 पीढ़ी बाद मान्धाता चक्रवर्ती राजा हुए। उनका पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या का राजा बना। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद दानवीर राजा हरिश्चंद्र का शासन आया। 41वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में चक्रवर्ती सम्राट भगीरथ। इक्ष्वाकुवंश के बाद 60वीं पीढ़ी में दिलीप, फिर दिलीप का पोता रघु और भी प्रतापी राजा हुआ। रघु के कारण ही 'रघुवंशी' शब्द चला। रघु के पुत्र अज, अज के पुत्र दशरथ और दशरथ के पुत्र श्रीराम। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में थे।

वाल्मीकि ने इन्हीं श्रीराम को अपना नायक बनाया। 'रामायण' अस्तित्व में आई। वाल्मीकि 'आदर्श मनुष्य' का चित्रण कर रहे थे। वाल्मीकि के श्रीराम मनुष्य हैं, ईश्वर भी हैं, लेकिन मनुष्य ज्यादा हैं। तुलसीदास के राम ईश्वर हैं, वे मनुष्य रूप में लीला करते हैं। राम सबको भाए। श्रीराम का चरित्र और व्यक्तित्व विश्वव्यापी बना। संस्कृत और प्राकृत सहित भारत और विश्व की तमाम भाषाओं में राम कथाएं लिखी गईं। तमिल कवि कंबन ने 11वीं सदी में ही रामकथा लिखी। मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में भी रामायण राष्ट्रीय महत्व वाला ग्रंथ है। भारतीय इतिहास के सबसे बड़े लोकप्रिय नेता महात्मा गांधी भारत में 'रामराज्य' के ही स्वप्नद्रष्टा बने।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

लोहिया के अनुसार 'राम' उत्तर और दक्षिण की एकता के देवता हैं और 'रामायण' उत्तर-दक्षिण एकता का ग्रंथ। उन्होंने कहा, 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है। उन जैसा मर्यादित जीवन कहीं और नहीं, न इतिहास में, न कल्पना में। श्रीराम समन्वय के प्रतीक हैं। न्याय के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। राम आनंद-सागर हैं, हिलोरे लेने वाला सागर नहीं, विश्रांत-निस्पंद। लोहिया को तुलसी का 'रामचरित मानस' मोहित करता था। एक-एक चैपाई आनंद का सागर है।

'रामराज्य' विश्व में अद्वितीय है। वैदिककाल से लेकर आधुनिक काल की किसी राज्यप्रणाली में रामराज्य के आदर्श नहीं मिलते। तुलसी लिखते हैं, 'बयरु न कर काहू सन कोई, राम प्रताप विषमता खोई।' (रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड) फिर कहते हैं, 'अल्प मृत्यु नही कौनिऊ पीरा, सब सुंदर सब बिरुज शरीरा। नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना, नहि कोऊ अबुध न लच्छन हीना। न अल्पमृत्यु है, न बीमारियां। सब स्वस्थ हैं। कोई गरीब और दुःखी नहीं है। न कोई मूर्ख है और न अगुणी।' (वही) सबसे दिलचस्प बात यह है, 'बिधु महि पूर मयूखन्हि, रबि तप जेतन्हि काज- 'चन्द्रमा' धरती को प्रकाश से पूर्ण करता है, सूर्य उतना ही तपते हैं, जितना जरूरी होता है।' फिर वर्षा के बारे में कहते हैं, 'मांगे वारिधि देहि जल, रामचंद्र के राज- बादल इच्छा करते ही, जल मांगते ही बरस पड़ते हैं।'

रामचरितमानस की प्रगतिशीलता सांस्कृतिक परंपरा से संवाद करती है। यह 'विधि निषेधमय कलिमय हरनी' (बालकांड) है, इसमें विधि-निषेध (करणीय और अकरणीय) की सूची है। वेदों की परंपरा है, उपनिषदों का दर्शन है। सगुण भक्ति-उपासना है। निर्गुण-निराकार की सरल व्याख्या है। अद्वैत दर्शन भी है, 'एक दारुगत देखिए एकू, पावक सम जुग ब्रह्म विवेकू- जैसे लकड़ी के भीतर निराकार अग्नि छिपी रहती है, दिखाई नहीं पड़ती, लेकिन जलते समय अग्नि प्रकट रहती है।' प्रकट अग्नि सगुण है, अप्रकट अग्नि निर्गुण है। ऋग्वेद में अग्नि से ऐसी ही प्रार्थना है। उपनिषदों वाले ब्रह्म की तुलसी की चैपाई ठेठ अवधी भाषा में है, 'व्यापकु एकु ब्रह्म अविनाशी, सत चेतन घन आनंद वासी।' (बालकांड) लेकिन तुलसी भक्तिमार्गी हैं, 'निरगुन तें एहि भांति बड़, नाम प्रभाऊ अपार'- वे नाम का प्रभाव निर्गुण और सगुण से भी बड़ा बताते हैं, 'कहहुं नाम बड़ नाम राम तें निज विचार अनुसार।' यहां राम का नाम सगुण राम से भी बड़ा है। 'राम नाम वाणी है। मन संकल्प है। ध्यान है, विज्ञान है, अन्न-जल उन्हीं में है, वे तेज हैं। आकाश हैं, आशा हैं, प्राण हैं।'

मार्क्सवादी विद्वान श्रीराम को कल्पना बताते हैं। 'राम' भारत की श्रुति में, बोली में, नमस्कार और कुशलक्षेम में, प्रत्येक मंगलमुहूर्त में हैं। चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य बहुपठित विद्वान और राजनेता थे। रामकथा पर वे भी सम्मोहित थे। उन्होंने तमिल में 'तिरुगमन-रामायण' लिखी। इसका हिंदी अनुवाद उनकी पुत्री और महात्मा गांधी की पुत्र-बहू लक्ष्मी देवदास गांधी ने किया। राजाजी ग्रंथ की भूमिका में लिखते हैं, 'सियाराम, हनुमान और भरत को छोड़कर हमारी कोई गति नहीं। उनकी कथा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। हम आज उसी के आधार पर जीवित हैं।' (हिंदी अनुवाद, पृ. 7) यहां 'इसी के आधार पर हम जीवित हैं' वाक्य पर गौर करना चाहिए। भारत का राष्ट्रजीवन अखंड रामायण है। अविभक्त है।

हिंदू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम। वे दिक्काल में हैं और दिक्काल के परे भी। भारतीय जनता के चित्त, आचार-व्यवहार पर श्रीराम का प्रभाव है। श्रीराम 'मंगल भवन' हैं और 'अमंगलहारी' भी। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम-राम, अलग हुए तो राम-राम। राम का नाम हम सब बचपन से सुनते आए हैं। वे संकट के धैर्य हैं। वे परम शक्तिशाली हैं। भाव-श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों के संभव हैं। युद्ध में अजेय पौरुष-पराक्रम और निजी जीवन में मर्यादा के पुरुषोत्तम। श्रीराम भारतीय आदर्श व आचरण के शिखर हैं। भारतीय मनीषा ने उन्हें ब्रह्म या ईश्वर जाना है। श्रीकृष्ण भी विष्णु के अवतार हैं। वे अर्जुन को गीता (10.31) में बताते हैं 'पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं और शस्त्रधारियों में राम हूं।' राम महिमावान हैं। श्रीकृष्ण भी स्वयं को राम बताते हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में बालेन युगः रैपर से पीएम तक का सफर

नेपाल की राजनीति में हाल के समय में उभरी एक दिलचस्प और असामान्य कहानी है बालेन शाह का उदय। पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। काठमांडू के गौरीगाऊं में जन्मे बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं। नेपाल में प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और फिर स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता हासिल की। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में काम किया, खासकर भूकंप के बाद पुनर्निर्माण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।



निजाम जीलानी
लेखक

राजनीति में आने से पहले बालेन एक कवि, रैपर और स्ट्रक्चरल इंजीनियर थे। उनकी रचनाएं केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक असमानता, अन्याय और विकृतियों के खिलाफ एक सशक्त आवाज थे। उनके रैप गीतों में आक्रोश भी था, बदलाव की मांग भी और देश के प्रति गहरी चिंता भी। यही वजह रही कि उन्होंने बहुत कम समय में एक मजबूत जन समर्थन तैयार कर लिया। युवाओं के बीच लोकप्रिय होते हुए उन्होंने संगीत को सामाजिक चेतना जगाने का माध्यम बनाया।

बालेन शाह ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में 2022 के काठमांडू महानगरपालिका चुनाव में उतरने का निर्णय लिया। यह कदम अपने आप में जोखिम भरा था, क्योंकि नेपाल की राजनीति में बड़े दलों का प्रभाव अधिक था, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को अवसर में बदला। युवाओं व मध्यम वर्ग के मतदाताओं का व्यापक समर्थन उन्हें मिला, जिसने उनकी उम्मीदवारी को एक आंदोलन का रूप दे दिया और वह काठमांडू के मेयर के बने।

> पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं।

मेयर बनने के बाद बालेन शाह ने प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता और शहरी विकास पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने काठमांडू में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार की पहल की और डिजिटल तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दिया। उनकी कार्यशैली ने यह संदेश दिया कि अगर इच्छा शक्ति हो तो सीमित संसाधनों में भी बदलाव संभव है। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी। उनकी यात्रा यहीं नहीं रुकी। परिस्थितियों ने उन्हें राष्ट्रीय राजनीति की ओर धकेला, जहां उन्होंने स्थापित नेताओं को न सिर्फ चुनौती दी, बल्कि पराजित भी किया और सत्ता के खिलाफ़ अपनी आवाज़ को और बुलंद किया।

युवाओं, मध्यम वर्ग और बदलाव की चाह रखने वाले मतदाताओं ने उन्हें खुलकर समर्थन दिया। उनकी उम्मीदवारी एक जन आंदोलन का रूप लेती गई और अंततः नेपाल झापा-5 से चुनाव जीतकर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली जैसे दिग्गज नेता को हराया। पार्टी को बहुमत दिलाते हुए प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे। यह जीत केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं थी, बल्कि पारंपरिक राजनीति के प्रति जनता की नाराज़गी और नए विकल्प की तलाश का प्रतीक भी है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों का भविष्य

भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के कंधों पर टिका हुआ है, लेकिन फिर भी यही वर्ग सबसे अधिक उपेक्षित और असुरक्षित बना हुआ है। अस्थिरता, असमानता और काम के लिए रोज का संघर्ष इनके जीवन की वास्तविकता है। प्रतिदिन काम का न मिलना, मिल भी जाए तो कम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा के अभाव ने उनके जीवन को लगातार संकट में डाल रखा है। यह केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह उनके अस्तित्व, सम्मान और परिवारिक संरचना को भी प्रभावित करती है। कोरोना महामारी के बाद से असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति और भी अधिक चिंताजनक हो गई है।

इसका सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं पुरुषों की तुलना में न केवल कम मजदूरी पाती हैं, बल्कि कई बार उनसे पुरुषों के बराबर काम लेकर भी कम भुगतान किया जाता है। इसके साथ ही उन्हें घर की जिम्मेदारियों का भी पूरा बोझ उठाना पड़ता है। यह दोहरी जिम्मेदारी उनके जीवन को और कठिन बना देती है। महिलाओं के श्रम को अक्सर 'सहायक' या 'पूरक' माना जाता है, जबकि वास्तव में वे परिवार की आर्थिक रीढ़ होती हैं, जबकि इस नजरिए को पूरी तरह से बदलने की आवश्यकता है, ताकि उनके योगदान को भी सही पहचान और सम्मान मिल सके।



संगीता कुमारी
एक्टिविस्ट

कई आंकड़े और रिपोर्ट बताते हैं कि अन्य राज्यों की तुलना में झारखंड और बिहार से सबसे अधिक लोग मजदूरी के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। बिहार में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की संख्या करोड़ों में है और मुजफ्फरपुर जिले में भी लाखों लोग इसी वर्ग में आते हैं। न्यूनतम मजदूरी की बात करें, तो सरकार द्वारा तय मजदूरी अक्सर कागजों तक सीमित रह जाती है। वास्तविकता में मजदूरों को इससे काफी कम भुगतान किया जाता है, जो उनके श्रम का उचित मूल्य नहीं है। उनसे न्यूनतम मजदूरी में अधिकतम काम कराया जाता है।

गरीबी और बेरोजगारी की यह स्थिति उन्हें अपने घर-परिवार से दूर जाने के लिए मजबूर करती है। बेहतर रोजगार की तलाश में वे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में पलायन करते हैं। यह पलायन केवल आर्थिक मजबूरी नहीं, बल्कि पारिवारिक संकट भी है। अपने परिवार, बच्चों और गांव को छोड़कर अनजान शहरों में रहना, असुरक्षित परिस्थितियों में काम करना और कई बार शोषण का शिकार होना उनके जीवन का हिस्सा बन जाता है। पीछे छूटे परिवार, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, असुरक्षा और अभाव में जीवन जीते हैं।

केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक मजदूरों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे जीरामजी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना। इन योजनाओं का उद्देश्य मजदूरों को रोजगार, पेंशन और अन्य सुविधाएं प्रदान करना है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ ज्यादातर असंगठित क्षेत्रों के इन मजदूरों तक नहीं पहुंच पाता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# पीएनजी के साथ हरित भविष्य की ओर

> बढ़ती पर्यावरण संबंधी चुनौतियों और ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग के चलते, आने वाले वक्त में भारत में पीएनजी की लोकप्रियता बढ़ेगी। भारत में शहरीकरण और औद्योगीकरण के बढ़ते विस्तार के साथ, विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की मांग में लगातार वृद्धि होगी।

पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न संकट के बीच निकट भविष्य में ईंधन की किल्लत को लेकर लोग आशंकित हैं। हाल ही में संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पश्चिम एशिया संकट को गंभीर बताते हुए कोरोना जैसी चुनौतियों के लिए तैयार रहने की अपील की। सच तो यह है कि सरकार हो या विपक्षी दल सभी एकमत से इस संभावित खतरे को स्वीकार रहे हैं। ऐसे में कोरोना काल का कड़वा अनुभव झेल चुके नागरिकों का जीवनयापन के वैकल्पिक संसाधनों को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है।

इससे पहले काफी दिनों से चल रहे एलपीजी गैस मिलने की समस्या से हम जूझ ही रहे हैं। हालात बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल को लेकर भी ऐसी समस्या संभावित है। ऐसे में वैकल्पिक उपायों पर चर्चा की जानी चाहिए। जैसा कि बीते दिनों राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर सरकार की रणनीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि सरकार ईंधन के किसी एक स्रोत पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रही है और घरेलू गैस सप्लाई में एलपीजी के साथ-साथ पीएनजी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास हर क्षेत्र में विदेशी निर्भरता कम करने की दिशा में है, क्योंकि मौजूदा समय में देश का 90 प्रतिशत से अधिक व्यापार विदेशी जहाजों पर निर्भर है, जो किसी वैश्विक संकट में चुनौती बन सकता है, फिलवक्त युद्ध के बीच हम देख रहे हैं। इन सभी के बीच अब हमारे मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि अगर एलपीजी का विकल्प पीएनजी बनती है तो यह गैस हमारे लिए क्या किफायती और उपयोगी साबित होगी?




अजय दयाल
हल्द्वानी

इस सवाल के साथ एक परंपरागत मूलमंत्र को याद कीजिए- आवश्यकता अविष्कार की जननी है, परंतु हम अगर पीएनजी की बात कर रहे हैं तो यहां मामला थोड़ा उल्टा है। अविष्कार हो चुका है, जिसे अब आवश्यकता बनाना है। वास्तव में परिवार, व्यवसाय और उद्योग सभी को पारंपरिक ईंधनों के विकल्प की तलाश है, जो न केवल उनकी आवश्यकताओं को पूरा करें, बल्कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण अनुकूल भी हों। इसी तलाश में, पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) एक प्रमुख विकल्प के रूप में सामने है, जो पूरे देश में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। पीएनजी को सुविधा, सामर्थ्य और पर्यावरणीय लाभों का एक आकर्षक पैकेज सरीखा मान सकते हैं, जो भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए एक विशेष विकल्प बनने भी लगी है।

पीएनजी को समझें तो यह जीवाष्म से उत्पन्न नेचुरल गैस का परिष्कृत रूप है, जिसे भूमिगत पाइपलाइनों के बिछाये जाल से सीधे घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचाया जाता है। यह एक स्वच्छ रूप से जलने वाला जीवाश्म ईंधन है, जो मुख्य रूप से मीथेन और अन्य हाइड्रोकार्बन के मिश्रण से बना होता है। यह गैस अपेक्षाकृत स्वच्छ रूप से जलने वाला ईंधन है, जो कोयला या तेल जैसे अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में कम हानिकारक साबित होगी। यह कम कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और कण पदार्थ उत्सर्जित करती है, जिसे पर्यावरण अनुकूल ही कहेंगे। खास बात यह है कि पीएनजी का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इनमें आवासीय परिवेश में खाना पकाना, हीटिंग करना और उपकरणों को बिजली देना, साथ ही औद्योगिक प्रक्रियाओं और वाणिज्यिक कार्यों के लिए ऊर्जा प्रदान करना शामिल हैं। पीएनजी एक स्वाभाविक रूप से सुरक्षित ईंधन है, क्योंकि यह हवा से हल्का होता है और रिसाव होने पर जल्दी से फैल जाता है, जिससे आग या विस्फोट का खतरा कम हो जाता है। जहां तक किफायत की बात है, तो यह गैस एलपीजी या बिजली जैसे अन्य पारंपरिक ईंधनों की तुलना में घरेलू और व्यावसायिक दोनों उपयोगों के लिए एक किफायती विकल्प है। इसकी कीमत आमतौर पर अधिक स्थिर होती है और बाजार के उतार-चढ़ाव से कम प्रभावित होती है, जिससे उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक लागत बचत होती है। इस सुविधा में सिलेंडरों को फिर से भरने या बदलने की झंझट खत्म हो जाती है, जिससे पीएनजी आधुनिक जीवन के लिए एक परेशानी मुक्त विकल्प बनता है।

# बाह्य आकर्षणों में डूबे व्यक्ति का मन सदैव रहता है अशांत

मूर्खता के मामले में कालिदास का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में किया गया है। दरअसल उज्जैन राज्य की राजकुमारी से विद्वता के मामले में पराजित कथित विद्वानों ने विद्योत्तमा का विवाह किसी मूर्ख व्यक्ति से कराने का निश्चय किया। जब उन सबने, जिस डाल पर बैठकर उसी डाल को काट रहे कालिदास को देखा तो उन सबको लगा कि इससे ज्यादा मूर्ख तो कोई हो ही नहीं सकता है, क्योंकि वो जो डाल काट रहा है, जब वह नीचे गिरेगी तो काटने वाला खुद भी गिर जाएगा। इतनी भी समझ उसे नहीं है। ठीक भी सोचा उन कथित विद्वानों ने, जो शास्त्रार्थ में विद्योत्तमा से पराजित हो गए थे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

अब सवाल उठता है कि क्या कालिदास ही मूर्ख थे? अगर देखा जाए तो हर वह व्यक्ति मूर्ख है जो काम, क्रोध, मद और लोभ के चक्कर में बुद्धि-विवेक की डाल को खुद ही काटता है। बुद्धि-विवेक से जब व्यक्ति रहित हो जाता है तब उसका हर कदम गलत उठता है। बाह्य आकर्षणों में डूब गए व्यक्ति का मन सदैव अशांत रहता है। इसी प्रकार क्रोध करने पर शरीर की तंत्रिका प्रणाली अव्यवस्थित होती है। शरीर का रसायन तंत्र बिगड़ता है।

हिंदी के विद्वान समालोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने क्रोध को पिशाच की संज्ञा देते हुए लिखा कि पिशाच ऐसा राक्षस है, जो सिर्फ ऋषियों का यज्ञ-विध्वंस नहीं करता, बल्कि खून पीता है। ऐसे पिशाचों में 'आतापि-वातापि' नामक दो भाइयों का जिक्र वाल्मीकि रामायण में किया गया है। इन दोनों भाइयों ने मिलकर अगस्त्य ऋषि को निगल लिया था, लेकिन अपने योगबल से वे आतापि का पेट फाड़कर बाहर निकल आए थे।

इस दृष्टांत का मतलब यही है कि स्वार्थ साधने के पीछे सिर्फ समय ही नहीं, बल्कि अपना स्वास्थ्य खराब करना मूर्खता ही है। जो भी मनुष्य अपने मन से सत्य के विपरीत कदम उठाता है, वह मूर्ख ही है, क्योंकि एक ओर मन यदि कह रहा है कि स्वार्थ-सिद्धि का कदम गलत है, इसके बावजूद गलत कामों के प्रति चाहत रखने पर मन में द्वंद्व होता है। यानी मन में संघर्ष होता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# गंगा नदी का घड़ियाल से हैं सांस्कृति और आध्यात्मिक संबंध

गंगा नदी और घड़ियाल का संबंध सनातन संस्कृति में केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और प्रतीकात्मक भी है। गंगा को वेदों, पुराणों और महाकाव्यों में पापहरिणी, मोक्षदायिनी और जीवनदायिनी कहा गया है। गंगा का वाहन परंपरागत रूप से मकर माना गया है, जिसे अनेक विद्वान घड़ियाल के रूप में भी देखते हैं। यह तथ्य दर्शाता है कि घड़ियाल केवल एक जलीय जीव नहीं, बल्कि गंगा की दिव्य शक्ति और जल तत्व की गहराई का प्रतीक है।



घड़ियाल का स्वभाव शांत और मनुष्य के प्रति अहिंसक होता है। वह मुख्यतः मछलियों का आहार करता है और नदी के जलीय जीवन को संतुलित रखता है। सनातन दृष्टि में प्रत्येक जीव का अस्तित्व सृष्टि-चक्र का अनिवार्य अंग है। घड़ियाल गंगा के निर्मल और गहरे प्रवाह का संकेतक माना जा सकता है, क्योंकि वह स्वच्छ जल में ही पनपता है। इस प्रकार उसकी उपस्थिति गंगा की पवित्रता और जीवन शक्ति का द्योतक है। धार्मिक आस्थाओं में गंगा स्नान आत्मशुद्धि का माध्यम है, तो प्राकृतिक दृष्टि से घड़ियाल नदी की जैविक शुद्धता का रक्षक है। अतः सनातन संस्कृति में गंगा और घड़ियाल का संबंध प्रकृति और अध्यात्म के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है, जो मानव को सृष्टि के प्रति कर्तव्य और संरक्षण का संदेश देता है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्यजीव विशेषज्ञ

गंगा की धारा भारतीय जीवन की अनवरत स्पंदनशीलता का प्रतीक है। यह नदी केवल जल का प्रवाह नहीं, बल्कि सभ्यता, कृषि, आस्था, अर्थव्यवस्था और जैव-विविधता की जीवनरेखा है। इसी धारा में एक ऐसा प्राचीन जलीय जीव भी निवास करता है, जो करोड़ों वर्षों की विकास यात्रा का साक्षी रहा है- घड़ियाल। लंबी और पतली थूथन, तीक्ष्ण दंत-पंक्तियां, जल में तीव्र गति से तैरने की क्षमता और विशिष्ट शारीरिक संरचना से युक्त यह जीव गंगा तंत्र का शीर्ष जलीय शिकारी है। बीते शताब्दी में जब यह प्रजाति विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई थी, तब यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ था कि क्या गंगा अपने इस प्राचीन प्रहरी को सदा के लिए खो देगी। आज वर्ष 2026 में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा गंगा और उसकी ग्यारह सहायक नदियों में किए गए व्यापक सर्वेक्षण में 3037 घड़ियालों की उपस्थिति दर्ज होना उस आशंका का सशक्त प्रत्युत्तर है। यह उपलब्धि संघर्ष, संवेदनशीलता, वैज्ञानिक दृष्टि और दीर्घकालीन नीतिगत प्रतिबद्धता की संयुक्त सफलता का परिणाम है। घड़ियाल, जिसका वैज्ञानिक नाम गवियलिस गैंगेटिकस है, भारतीय उपमहाद्वीप की विशिष्ट प्रजाति है। कभी यह गंगा, यमुना, घाघरा, गंडक, सोन, ब्रह्मपुत्र और सिंधु की धाराओं में व्यापक रूप से पाया जाता था। घड़ियाल का शारीरिक रूप अत्यंत विशिष्ट है। उनके शरीर का आकार लंबा और दुबला-पतला होता है। थूथन संकरा और लंबा होता है, जो मछली पकड़ने की उत्कृष्ट क्षमता प्रदान करता है। दंत पंक्तियां तीक्ष्ण और संगठित होती हैं, जिससे वे तैरते जल में ही अपने शिकार को पकड़ने में सक्षम रहते हैं। उनका शरीर भारी और चिकना होता है, जिससे जल में गति कम होते हुए भी सहजता से नियंत्रण संभव होता है। नर घड़ियाल की थूथन पर एक उभार होता है, जिसे वैज्ञानिक 'घड़ा' कहते हैं। यह उभार प्रजनन काल में ध्वनि उत्पन्न करने और मादा को आकर्षित करने में सहायक होता है।

घड़ियाल मुख्यतः मछली भक्षी होते हैं। एक वयस्क घड़ियाल प्रतिदिन औसतन डेढ़ से दो किलोग्राम मछली का सेवन करता है। यह संख्या नदी के सांख्यिकीय संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नदी तंत्र में यदि शीर्ष शिकारी अनुपस्थित हो जाएं, तो कुछ मछली समूह अत्यधिक वृद्धि कर सकते हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला असंतुलित हो जाती है और विशेष प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ता है। घड़ियाल इस असंतुलन को रोकते हैं और विभिन्न मछली प्रजातियों की संतुलित संख्या को सुनिश्चित करते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# बिना प्रपत्रों के बालू लदे छह ट्रक किये गये सीज

संवाददाता कालपी-जालौन

**अमृत विचार।** प्रशासन की कार्यवाही के बाद भी बालू का अवैध परिवहन बन्द नहीं हो रहा है। शुक्रवार देररात पुलिस ने फिर आधा दर्जन ट्रकों को बिना खनिज प्रपत्रों के पकड़ा है, जबकि एक दिन पहले भी टीम ने 6 ट्रक सीज किए थे।

तमाम बंदिशों के बावजूद क्षेत्र में बालू का अवैध परिवहन लगातार जारी है। हालांकि प्रशासन राजस्व की चोरी रोकने के लिए कोशिश करता रहता है लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है जिसकी बानगी हाईवे पर कभी भी देखी जा सकती है। फिर भी अधिकारियों की तरफ से इसे रोकने के लिये प्रयास जारी हैं। एस डी एम मनोज कुमार सिंह के अनुसार शुक्रवार देररात उन्होंने सी ओ अवधेश कुमार सिंह के साथ कालपी तथा आटा थाना क्षेत्र में अभियान चलाया था जिसमें बिना खनिज प्रपत्रों के आधा दर्जन ट्रक मिले, जिन्हें तत्काल सीज कर कालपी तथा आटा थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। जबकि एक दिन पूर्व भी टीम ने आधा दर्जन ट्रकों को सीज किया था जो मण्डी समिति परिसर में खड़े है। एस डी एम मनोज कुमार सिंह के मुताबिक इससे पहले भी बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई हुई है जिसके चलते दर्जनों की संख्या की संख्या में ट्रक गल्ला मण्डी परिसर में खड़े हैं।

## लोकेशन का खेल प्रशासन की रणनीति पर भारी

- बालू के अवैध परिवहन पर लगाम लगाने के लिए प्रशासनिक टीम का गठन किया गया है, जिसमें एसडीएम, खनिज तथा परिवहन और पुलिस अफसर शामिल होते हैं, जो संयुक्त रूप से आकस्मिक छापेमारी करते हैं लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिलती है और महज कुछ ट्रक ही पकड़ में आते हैं जिसमें लोकेशन कारोबारियों की अहम भूमिका होती हैं। इस कारोबार से जुड़े लोगों की मानें तो अधिकारियों के छापामारी की सूचना लोकेशन कारोबारियों को मिल जाती हैं और टीम को महज कुछ ट्रकों ही मिल पाते है और ट्रक सुरक्षित स्थान पर खड़े हो जाते है।



## कार्यालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (सप्तम)/ वन बन्दोबस्त अधिकारी, कानपुर नगर

पत्रांक: 178/व0ब0अधि0/ दिनांक: 25.03.2026

**भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–6 के अन्तर्गत की गयी घोषणा–**

भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–4 के अधीन उत्तर प्रदेश सरकार ने विज्ञप्ति संख्या 7749/14 दिनांक 06.01.1956 द्वारा घोषित किया गया कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित भूमि को आरक्षित वन के रूप में गठित करने का विनिश्चित किया गया है।
अत: भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–6 की आवश्यकता को पूरा करने के लिये यह घोषित किया जाता है कि नीचे लिखी भूमि के आरक्षित वन बन जाने से यह परिणाम होगा कि वन विभाग की आज्ञा या अनुमति बिना नीचे लिखे को इस क्षेत्र में नहीं किये जा सकते :–
1– किसी भूमि पर अधिकार करना
2– आग लगाना, ले जाना या जलाना।
3– पशुओं को उन पर छोड़ना या चराना।
4– वृक्ष पातन (काटना) वृक्षों के पत्ते काटना, वृक्षों का चिरान करना, जलाना आदि या उनकी छाल उतारना।
5– पत्थर खोदना, चूना या कोयला जलाना आदि
6– भूमि तोड़ना या सफाई करके खेती योग्य बनाना।
7– अवैध शिकार करना, मछली मारना, पानी में जहर डालना।
8– हाथी मारना या पकड़ना आदि।
इन कार्यो के करने वाले व्यक्ति को भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–26 (1)(ए)(जे) के अधीन दण्डित किया जा सकता है।
सर्व साधारण को यह भी सूचना दी जाती है कि जो व्यक्ति भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा 8 और 5 में वर्णित किसी अधिकार पर अपना दावा समझता है तो वन बन्दोबस्त अधिकारी कानपुर जिला कानपुर के सामने इस विज्ञप्ति की तारीख से 03 माह के अन्दर उपस्थित हो और अपना दावा प्रस्तुत करें या अपना दावा लिखित रूप में भेजें।

**अनुसूची**

| क्र0 सं0 | जिला | तहसील | ग्राम | गाटा संख्या | क्षेत्रफल | सीमा विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| ब्लाक नं0–01 | | | | | | |
| | कानपुर | बिल्हौर | कुरौली | 1ख | 0.6760 | पूर्व– गाटा संख्या–12<br>पश्चिम– सीमा ग्राम मनाया<br>उत्तर– सीमा ग्राम औरोताहरपुर<br>दक्षिण– गाटा संख्या–10 |
| | | | | 2ख | 1.4850 | |
| | | | | 3 | 2.0490 | |
| | | | | 4 | 1.1980 | |
| | | | | 5 | 0.5330 | |
| | | | | 6 | 0.7790 | |
| | | | | 7 | 0.5530 | |
| | | | | 8 | 0.3690 | |
| | | | | 9 | 0.3070 | |
| | | | | | **7.949** | |
| ब्लाक नं0–2 | | | | | | |
| | | | | 15 | 0.3480 | पूर्व– गाटा संख्या–17<br>पश्चिम– 14<br>उत्तर– सीमा ग्राम औरोताहरपुर<br>दक्षिण– गाटा संख्या–10 |
| | | | | 16 | 0.3720 | |
| | | | | | **0.72** | |
| ब्लाक नं0–3 | | | | | | |
| | | | | 13ख | 0.3070 | पूर्व–गाटा संख्या–14, 18, 366<br>पश्चिम–12<br>उत्तर– गाटा संख्या–14, 12<br>दक्षिण–गाटा संख्या–56, 53, 65, 67 |
| | | | | 20 | 1.6590 | |
| | | | | 21 | 0.2870 | |
| | | | | 23 | 0.3280 | |
| | | | | 24 | 0.9010 | |
| | | | | 26 | 1.5670 | |
| | | | | 27 | 0.6970 | |
| | | | | 31 | 0.4100 | |
| | | | | 33 | 0.1740 | |
| | | | | 34 | 1.1570 | |
| | | | | 36 | 0.4810 | |
| | | | | 37. | 1.2800 | |
| | | | | 40 | 0.1540 | |
| | | | | 41 | 1.3010 | |
| | | | | 42 | 1.4240 | |
| | | | | 44 | 0.2360 | |
| | | | | 45 | 0.0920 | |
| | | | | 47 | 0.0100 | |
| | | | | 48 | 0.4810 | |
| | | | | 49 | 0.6660 | |
| | | | | 51 | 0.1640 | |
| | | | | 66 | 0.1840 | |
| | | | | | **13.96** | |
| ब्लाक नं0–4 | | | | | | |
| | | | | 59 ख | 0.2460 | पूर्व–गाटा संख्या–60, 57<br>पश्चिम–64, 69, 71<br>उत्तर– गाटा संख्या–57, 58<br>दक्षिण–गाटा संख्या–71, 61 |
| | | | | 63 | 0.1230 | |
| | | | | | **0.369** | |
| ब्लाक नं0–5 | | | | | | |
| | | | | 76 | 0.3180 | पूर्व–गाटा संख्या–75, 114, 74<br>पश्चिम–82<br>उत्तर– गाटा संख्या–79, 71, 72<br>दक्षिण–गाटा संख्या–111 |
| | | | | 77 ख | 0.2050 | |
| | | | | 78 | 0.0100 | |
| | | | | 112 | 0.0310 | |
| | | | | 113 | 0.3070 | |
| | | | | | **0.871** | |
| ब्लाक नं0–6 | | | | | | |
| | | | | 115 | 0.1230 | पूर्व–गाटा संख्या–120<br>पश्चिम–110<br>उत्तर– गाटा संख्या–111, 114<br>दक्षिण–गाटा संख्या–119 |
| | | | | 117 | 0.1640 | |
| | | | | 118 | 0.3590 | |
| | | | | | **0.646** | |
| ब्लाक नं0–7 | | | | | | |
| | | | | 80 | 0.0360 | पूर्व–गाटा संख्या–71<br>पश्चिम–82<br>उत्तर– गाटा संख्या–68, 69<br>दक्षिण–गाटा संख्या–79 |
| | | | | 81 | 0.1540 | |
| | | | | | **0.190** | |
| ब्लाक नं0–8 | | | | | | |
| | | | | 11 | 0.3180 | पूर्व–गाटा संख्या–82<br>पश्चिम–सीमा ग्राम मनावा<br>उत्तर– गाटा संख्या–10<br>दक्षिण–गाटा संख्या–102, 99, 94 |
| | | | | 88 | 0.3070 | |
| | | | | 91क | 0.6250 | |
| | | | | 93 | 0.0100 | |
| | | | | 98 | 0.1020 | |
| | | | | | **1.362** | |
| ब्लाक नं0–9 | | | | | | |
| | | | | 83 | 0.0100 | पूर्व–गाटा संख्या–110<br>पश्चिम–102, 100, 99, 96<br>उत्तर– गाटा संख्या–84<br>दक्षिण–सीमा ग्राम ककवन |
| | | | | 84ख | 0.3590 | |
| | | | | 86 | 0.0310 | |
| | | | | 101 | 0.3790 | |
| | | | | 104 | 0.1130 | |
| | | | | 106 | 0.4920 | |
| | | | | 108 | 0.3890 | |
| | | | | 109 | 0.0920 | |
| | | | | | **1.865** | |
| ब्लाक नं0–10 | | | | | | |
| | | | | 203 | 0.4300 | पूर्व–गाटा संख्या–887, 888<br>पश्चिम–199, 200<br>उत्तर– गाटा संख्या–204, 209<br>दक्षिण–गाटा संख्या–202 |
| | | | | | **0.4300** | |
| ब्लाक नं0–11 | | | | | | |
| | | | | 206 | 0.3070 | पूर्व–गाटा संख्या–208, 204<br>पश्चिम–217, 216<br>उत्तर– गाटा संख्या–215, 213<br>दक्षिण–222, 205 |
| | | | | 207 | 0.2870 | |
| | | | | | **0.594** | |
| ब्लाक नं0–12 | | | | | | |
| | | | | 307 | 0.1130 | पूर्व–गाटा संख्या–306<br>पश्चिम–310, 309<br>उत्तर– गाटा संख्या–327<br>दक्षिण– गाटा संख्या– ...... |
| | | | | 308 | 0.3690 | |
| | | | | | **0.482** | |
| ब्लाक नं0–13 | | | | | | |
| | | | | 296 | 0.1950 | पूर्व–गाटा संख्या–314<br>पश्चिम–297, 294<br>उत्तर– गाटा संख्या–298<br>दक्षिण– गाटा संख्या–295, 300 |
| | | | | 298 | 0.3280 | |
| | | | | 299 | 0.4810 | |
| | | | | | **1.004** | |
| ब्लाक नं0–14 | | | | | | |
| | | | | 313 | 0.3600 | पूर्व–गाटा संख्या–319, 317<br>पश्चिम–314<br>उत्तर–गाटा संख्या–321<br>दक्षिण–गाटा संख्या–301, 312 |
| | | | | 315 | 0.4070 | |
| | | | | 316 | 0.0820 | |
| | | | | 320 | 0.0100 | |
| | | | | | **0.859** | |
| ब्लाक नं0–15 | | | | | | |
| | | | | 323 | 0.9730 | पूर्व–गाटा संख्या–364, 363, 346<br>पश्चिम– गाटा संख्या–19<br>उत्तर– गाटा संख्या–19<br>दक्षिण– गाटा संख्या–324, 336, 344 |
| ब्लाक नं0–16 | | | | | | |
| | | | | 365 | 0.3180 | पूर्व–गाटा संख्या–366<br>पश्चिम– गाटा संख्या–19, 364<br>उत्तर–गाटा संख्या–19<br>दक्षिण–गाटा संख्या–382 |
| ब्लाक नं0–17 | | | | | | |
| | | | | 211 | 0.2460 | पूर्व–गाटा संख्या–750, 756, 751, 752, 747<br>पश्चिम– गाटा संख्या– 242, 243, 248, 249, 250, 254, 272<br>उत्तर–गाटा संख्या–294, 295, 300, 301, 309, 305<br>दक्षिण– गाटा संख्या–232, 228, 233, 218, 216, 208, 279 |
| | | | | 212 | 1.2290 | |
| | | | | 234 | 0.7890 | |
| | | | | 235 | 0.7580 | |
| | | | | 236 | 0.2660 | |
| | | | | 256 | 0.6250 | |
| | | | | 258 | 0.1430 | |
| | | | | 260 | 0.1430 | |
| | | | | 263 | 1.3830 | |
| | | | | 264 | 1,1670 | |
| | | | | 265 | 0,2250 | |
| | | | | 274 | 0.1540 | |
| | | | | 276 | 0,2870 | |
| | | | | 277 | 0.5630 | |
| | | | | 278 | 0.3070 | |
| | | | | 281 | 0.6350 | |
| | | | | 282 | 0.2770 | |
| | | | | 284 | 0.6760 | |
| | | | | 285 | 1.0750 | |
| | | | | 287 | 0.8190 | |
| | | | | 288 | 1.4340 | |
| | | | | 289 | 1,3310 | |
| | | | | 290 | 0.1540 | |
| | | | | 291 | 0.0310 | |
| | | | | 293 | 0.1020 | |
| | | | | 302 | 0.4000 | |
| | | | | 304 | 0.1130 | |
| | | | | 754 | 0.0720 | |
| | | | | 755 | 0.1020 | |
| | | | | | **15.506** | |
| ब्लाक नं0–18 | | | | | | |
| | | | | 221 | 0.0820 | पूर्व–गाटा संख्या–220<br>पश्चिम– गाटा संख्या–219<br>उत्तर– गाटा संख्या–219<br>दक्षिण– गाटा संख्या–223, 222 |
| महायोग | | | | | **48.180** | |

वन बन्दोबस्त अधिकारी/
अपर जिला मजिस्ट्रेट (सप्तम)
कानपुर

**एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित: जुबिलेंट फूडवर्क्स**

**नयी दिल्ली।** जुबिलेंट फूडवर्क्स लि. ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उसके कुछ रेस्तरां में एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित हुई है। डोमिनोज पिज्जा और डंकिन डोनट्स सहित फास्ट-फूड श्रृंखला संचालित करने वाली कंपनी ने कहा कि वह बिजली तथा पीएनजी जैसे वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रही है।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 29 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### सेल के सीएमडी पद के लिए अशोक पांडा के नाम की सिफारिश

**नयी दिल्ली।** सरकार में शीर्ष पदों के लिए चयन करने वाली संस्था लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पद के लिए अशोक कुमार पांडा के नाम की सिफारिश की है। पांडा उन 10 चयनित उम्मीदवारों में शामिल थे जिनका साक्षात्कार सेल में चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए लिया गया था। सेल के वर्तमान सीएमडी अमरेंदु प्रकाश का कार्यकाल दो अप्रैल, 2026 को समाप्त हो रहा है। उन्होंने 31 मई, 2023 को इस पद का कार्यभार संभाला था।

### रेंटोमोजो ने आईपीओ के लिए सौंपे दस्तावेज

**नयी दिल्ली।** घरेलू फर्नीचर और उपकरण किराये पर देने वाली कंपनी रेंटोमोजो लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल की गई विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 150 करोड़ रुपये तक के शेयर का नया निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2,83,99,567 शेयर तक की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी ने कहा कि नए शेयरों से प्राप्त राशि का उपयोग कर्ज चुकाने, गोदाम और स्टोर के लिए पट्टा या लाइसेंस शुल्क देने, और सामान्य व्यावसायिक कार्यों के लिए किया जाएगा।

### थर्मैक्स बैबकॉक को 1,600 करोड़ का ऑर्डर

**नयी दिल्ली।** ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी थर्मैक्स की अनुषंगी थर्मैक्स बैबकॉक एंड विल्कॉक्स एनर्जी सॉल्यूशंस (टीबीडब्ल्यूएस) ने एक अत्याधुनिक तापीय विद्युत परियोजना के लिए लगभग 1,600 करोड़ रुपये के बॉयलर पैकेज आपूर्ति का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, यह ऑर्डर भारत की एक प्रमुख तापीय ऊर्जा परियोजना कंपनी से 800 मेगावाट के संयंत्र के लिए मिला है। बयान में कहा गया है कि ऑर्डर के तहत बॉयलर का निर्माण, आपूर्ति, चालू करना और प्रदर्शन परीक्षण शामिल है।

### फोर्टिस को 117 करोड़ का आयकर नोटिस

**नयी दिल्ली।** फोर्टिस हेल्थकेयर लि. की इकाई फोर्टिस हॉस्पिटल्स लि. को आयकर विभाग से 117.04 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि फोर्टिस हॉस्पिटल्स लिमिटेड को 27 मार्च 2026 का आयकर आदेश प्राप्त हुआ है, जो आकलन वर्ष 2024-25 से संबंधित है। इसके तहत 117.04 करोड़ रुपये की मांग की गई है। कंपनी ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ अपील समेत सभी विकल्पों पर विचार कर रही है।

# बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम: वित्त मंत्रालय

## बदलते हालात में सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना महत्वपूर्ण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




देश में निकट भविष्य का परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। बाहरी झटके विशेष रूप से पश्चिम एशिया संकट, कच्चे माल की उच्च लागत और संभावित आपूर्ति बाधाएं वृद्धि के लिए जोखिम पैदा कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और ठोस घरेलू मांग प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मार्च माह की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार वैश्विक घटनाओं ने भारत के लिए जटिल और बहुस्तरीय जोखिम पैदा कर दिए हैं। इसका कारण देश एक प्रमुख ऊर्जा आयातक होने के साथ-साथ पश्चिम एशिया क्षेत्र के साथ मजबूत व्यापार, निवेश और धन प्रेषण का जुड़ाव है।

इसमें कहा गया- हालांकि भारत के अपेक्षाकृत मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और निरंतर नीतिगत प्रयास मजबूती प्रदान करते हैं, लेकिन बदलती स्थिति के लिए गहन निगरानी और सुविचारित नीतिगत प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा विविधीकरण, कृषि क्षेत्र में तैयारी, मुद्रास्फीति की स्थिति, बाह्य क्षेत्र की मजबूती और नीतिगत उपायों के जरिये सरकार के हस्तक्षेप आर्थिक प्रणाली की क्षमता को मजबूत करता है ताकि वैश्विक घटनाओं से उत्पन्न होने वाले अल्पकालिक व्यवधानों को सहन किया जा सके।

इसके साथ ही, बदलती परिस्थितियों को देखते हुए सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है।

रिपोर्ट में कहा गया कि इन उपायों और मौजूदा आर्थिक सुरक्षा पहल के साथ कुछ सहारा मिलने के बावजूद, जोखिमों का संतुलन नकारात्मक दिशा में बना हुआ है। ऐसे हालात में, लगातार सतर्कता बनाए रखना और सक्रिय नीतिगत कदम उठाना आवश्यक होगा ताकि बदलती वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम किया जा सके। हाल में तेल की कीमतों में उछाल मध्यम अवधि में महंगाई के लिए जोखिम पैदा करता है, क्योंकि ऊंची ऊर्जा लागत विशेष रूप से ईंधन-निर्भर क्षेत्रों में धीरे-धीरे घरेलू कीमतों में तेजी के रूप में बदलती है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर तेल और गैस की कीमतें लगातार बढ़ती रही, तो इससे विभिन्न क्षेत्रों में लागत बढ़ने के और प्रभाव पड़ सकते हैं। इसके बावजूद, सरकार सतर्क है और घरेलू ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संभावित महंगाई दबाव को कम करने के उपाय कर रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी वस्तु व्यापार संतुलन के लिए जोखिम पैदा करती हैं, जबकि बाहर से भेजा जाने वाला पैसा (धन प्रेषण) को लेकर दृष्टिकोण भी संवेदनशील बना हुआ है क्योंकि खाड़ी सहयोग परिषद की अर्थव्यवस्थाओं का वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल धन प्रेषण में लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा था। इसमें कहा गया कि तेजी से अनिश्चित होते वैश्विक परिवेश में, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती ठोस घरेलू बुनियाद पर निर्भर करेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि आर्थिक वृद्धि को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान देना जरूरी होगा, ताकि प्रतिस्पर्धा बढ़े, कार्यकुशलता बढ़े और निवेश को बढ़ावा मिले।

# बीआईयू और बीएफआई के बीच नवाचार इकोसिस्टम को लेकर साझा रोडमैप तय

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**




बीएफआई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में मौजूद बीआईयू कुलपति डॉ. लता अग्रवाल। साथ में डॉ. वरुण अग्रवाल एवं डॉ. अर्जुन अग्रवाल। फोटो : अमृत विचार

बरेली इंटरनेशनल यूनीवर्सिटी (बीआईयू) में शनिवार को ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट (बीएफआई) के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में हुई प्रगति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में बीएफआई की ओर से प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. श्वेता जिंदल और प्रोग्राम मैनेजर डॉ. सोनालिका सिंह शामिल रहीं। इस दौरान बीआईयू की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल की उपस्थिति में एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल और इन्क्यूबेशन सेंटर के सीईओ क्लॉडियस लाजरुस भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अर्जुन अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद इन्क्यूबेशन टीम ने प्रस्तुति के माध्यम से विश्वविद्यालय में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। इसमें छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान छात्र नवाचार प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से परिसर में विकसित हो रही उद्यमिता और समस्या-समाधान की संस्कृति को दर्शाया गया। साथ ही विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों और फैकल्टी सदस्यों ने सहभागिता बढ़ाने और अंतर-विषयी सहयोग को मजबूत करने पर विचार रखे। बीएफआई प्रतिनिधियों ने बीआईयू के संरचित और गुणवत्ता-आधारित दृष्टिकोण की सराहना की। डॉ. श्वेता जिंदल ने विश्वविद्यालय को नवाचार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति बनाए रखने और इन्क्यूबेशन प्रक्रिया को और सुदृढ़ करने की सलाह दी।

बैठक का समापन नवाचार इकोसिस्टम को और प्रभावी बनाने तथा विश्वविद्यालय को विकास के अगले चरण तक ले जाने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# व्यापार में बदले की कार्रवाई के तहत शुल्क लगाने को उचित नहीं ठहराएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों को 'पारदर्शिता' के दुरुपयोग को लेकर चेताया

भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए डब्ल्यूटीओ के पारदर्शिता प्रावधान का दुरुपयोग न करें। भारत ने कहा कि 'पारदर्शिता'' को निरंतर क्षमता निर्माण सहायता के जरिये समर्थन दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी देश निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का पालन करें। डब्ल्यूटीओ के व्यापार में तकनीकी बाधाओं से संबंधित समझौते में पारदर्शिता एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके तहत, सदस्य देशों को अपनी व्यापार नीतियों, सब्सिडी और नियामक उपायों के बारे में नियमित और स्पष्ट रूप से जानकारी साझा करनी होती है। अमेरिका डब्ल्यूटीओ सुधार प्रस्ताव के तहत अनिवार्य खुलासों पर सख्त नियमों के लिए दबाव डाल रहा है।

उसका आरोप है कि कई देश डब्ल्यूटीओ को सब्सिडी, शुल्क या नीतिगत बदलावों की सूचना समय पर नहीं देते हैं। डब्ल्यूटीओ के विकासशील सदस्य देश सैद्धांतिक रूप से पारदर्शिता के महत्व से सहमत हैं, लेकिन अमेरिका द्वारा इसे लागू करने के तरीके पर उन्हें गंभीर आपत्ति है।

# केंद्र सरकार का शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेज विस्तार पर जोर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच पीएनजी नेटवर्क को बढ़ावा दिया जा रहा है।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक ही जगह सभी प्रकार की मंजूरी प्रणाली, शहरी नियोजन में गैस पाइपलाइन का एकीकरण और अंतिम-छोर तक कनेक्टिविटी में सुधार सहित प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख किया।

उन्होंने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्य प्रतिनिधियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में 50 लाख नए पीएनजी (पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस) कनेक्शन प्रदान करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का उल्लेख किया। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अधिकारियों ने देश में पीएनजी विस्तार को धीमा करने वाली प्रमुख बाधाओं को जिक्र किया, जिनमें नगरपालिका अनुमतियों में देरी, मार्ग अधिकार (आरओडब्ल्यू) अनुमोदन और उच्च बहाली यानी मरम्मत शुल्क शामिल हैं।

राज्यों ने ऐसे शुल्कों को युक्तिसंगत बनाने या माफ करने तथा समयबद्ध मंजूरी प्रणालियों को अपनाने की आवश्यकता बतायी। शहरी क्षेत्रों में मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से पीएनजी में चरणबद्ध परिवर्तन पर व्यापक सहमति है।

### पीएम ई-ड्राइव योजना में संशोधन, समय सीमा तय

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने ई-स्कूटर और ई-रिक्शा के लिए नई समय सीमा और अधिकतम वाहनों की संख्या तय करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना पीएम ई-ड्राइव में संशोधन किया है। केंद्र सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव (पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट) दिशानिर्देश संशोधित किए हैं। इसके अनुसार, 31 जुलाई, 2026 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 31 मार्च, 2028 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक तीनपहिया वाहन (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) योजना के तहत प्रोत्साहन पाने के पात्र होंगे। प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाने के लिए अधिकतम शोरूम कीमत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए 1.5 लाख रुपये और इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) के लिए 2.5 लाख रुपये तक सीमित है।

**सुरक्षा विशेषज्ञ की बात** | भारत की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था 'इंडिया स्टैक' अब दुनिया के लिए एक उदाहरण

# साइबर खतरे अब डेटा ही नहीं, जीवन को भी जोखिम

**नयी दिल्ली, एजेंसी**





- करीब 24 देशों को भारत जैसी ही सार्वजनिक व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है डेलॉयट

बढ़ते साइबर हमलों के बीच अब खतरा सिर्फ आंकड़ों की चोरी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सीधे लोगों की जान के लिए भी जोखिम बन गया है। एक वरिष्ठ साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ ने यह बात कही। डेलॉयट के दक्षिण एशिया में भागीदार और साइबर मामलों के प्रमुख गौरव शुक्ला ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और संचालन प्रणालियों के आपस में जुड़ने से हमलों का दायरा बढ़ गया है। इससे विमानन, परिवहन और सार्वजनिक सेवाओं जैसे क्षेत्र ज्यादा खतरे में आ गए हैं।


उन्होंने कहा-पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल बदलाव तेजी से हुआ है, जिससे हमले की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। जितनी ज्यादा प्रणालियां जुड़ती हैं, उतने ही अधिक मौके हमलावरों को मिलते हैं। शुक्ला ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर आप राजमार्ग पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस कार चला रहे हों और अचानक उसका स्टीयरिंग आपके नियंत्रण में न रहे, तो आप अपने बैंक खाते की नहीं, बल्कि अपनी जान की चिंता करेंगे।

उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि अब साइबर सुरक्षा केवल डेटा की सुरक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सीधे मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़ गई है। शुक्ला ने बताया कि अगर किसी चिकित्सा उपकरण में साइबर हमला कर मरीज के बारे में जानकारी बदल दिए जाएं, तो यह जानलेवा हो सकता है। वहीं, बिजली उत्पादन या आपूर्ति व्यवस्था पर हमला होने से पूरे देश में अंधेरा छा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया की करीब आठ अरब आबादी के बीच 30 अरब से ज्यादा सेंसर वाले उपकरण मौजूद हैं, यानी हर व्यक्ति के आसपास औसतन तीन से अधिक ऐसे उपकरण होते हैं। भारत की डिजिटल प्रगति पर उन्होंने कहा कि देश की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था, जिसे आम तौर पर 'इंडिया स्टैक' कहा जाता है, अब दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुकी है। डेलॉयट करीब 24 देशों को ऐसी ही व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है।

हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे-जैसे यह व्यवस्था पहचान और भुगतान से आगे बढ़कर शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुंचेगी, वैसे-वैसे नए खतरे भी पैदा होंगे। जनवरी में भारत के लगभग 80 प्रतिशत डिजिटल भुगतान इसी व्यवस्था के माध्यम से हुए, इसलिए इसकी सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।




## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम: अमित शाह

## गृहमंत्री ने तृणमूल सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

**कोलकाता, एजेंसी**



चुनाव रैली में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते गृहमंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक 'आरोपपत्र' जारी किया तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देश की सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए भाजपा के प्रचार अभियान को और तेज कर दिया। शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इसके 15 साल के शासन के दौरान बंगाल देश के लिए घुसपैठ, तुष्टीकरण की राजनीति और सीमा पर असुरक्षा का प्रमुख गलियारा' बन गया है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी ने हमेशा 'विक्टिम कार्ड' की राजनीति खेली है। कभी वह अपनी चोट की बात करती हैं, तो कभी निर्वाचन आयोग को भला-बुरा कहती हैं। जनता अब ममता दीदी की 'विक्टिम कार्ड' वाली राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है।

निर्वाचन आयोग की एसआईआर कवायद का विरोध करने पर शाह ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अल्पसंख्यक वोट बैंक को बचाने को ऐसी चीजें कर रही हैं।

शाह ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अन्य राज्यों में भी हुआ है, लेकिन कहीं भी इसे इतना बड़ा मुद्दा नहीं बनाया गया। बंगाल में इसे मुद्दा सिर्फ इसलिए बनाया गया है, क्योंकि ममता बनर्जी अपने वोट बैंक को बचाना चाहती हैं। निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक निकायों का अपमान करना बंगाली संस्कृति का हिस्सा नहीं है। यह दावा करते हुए कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहाँ से घुसपैठ लगभग खत्म हो गई है।

शाह ने आरोप लगाया कि अब पश्चिम बंगाल आखिरी बचा हुआ रास्ता बनकर उभरा है, जिसके ज़रिए घुसपैठिए भारत में प्रवेश करते हैं और अलग-अलग राज्यों में फैल जाते हैं। शाह ने कहा कि बंगाल चुनाव न केवल बंगाल के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरह से, पूरे देश की सुरक्षा बंगाल चुनाव से जुड़ी हुई है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की सीमाओं से होने वाला अवैध प्रवासन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गया है।

शाह ने अपने सबसे तीखे हमलों में से एक में कहा कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा तृणमूल सरकार की तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण खतरे में पड़ गई है। संकरी पट्टी वाला सिलीगुड़ी कॉरिडोर पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र के बार-बार अनुरोध के बावजूद, ममता बनर्जी सरकार ने बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने को जमीन उपलब्ध नहीं कराई है।




पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रानीगंज में एक जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि बंगाल को तबाह करने की कोशिश से भाजपा देश में सत्ता गंवा देगी। कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है।

### भाजपा उपद्रवियों की पार्टी : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उपद्रवियों की पार्टी करार दिया और उसपर राज्य में रामनवमी रैलियों के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप भी लगाया। पार्टी के दो नंबर के नेता बनर्जी ने बीरभूम जिले के लाभपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोग पारंपरिक रूप से सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाते आए हैं। कहा कि क्या आपने दुर्गा पूजा, काली पूजा, जगद्धात्रि पूजा, ईद, छठ पूजा, क्रिसमस या जैन समुदाय द्वारा निकाली जाने वाली यात्राओं के दौरान किसी उपद्रव या झड़प की कोई घटना सुनी है? तो फिर रामनवमी जैसे पवित्र अवसर का उपयोग वे (भाजपा) हिंसा और अराजकता पैदा करने के लिए क्यों कर रहे हैं? चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को उस वक्त तनाव फैल गया, जब रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुईं। कई स्थानों से पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएँ रिपोर्ट हुईं। डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद ने बिना किसी घटना का उल्लेख किए आरोप लगाया कि भाजपा का मतलब उपद्रवी होना है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और इसके सहयोगी संगठन रामनवमी के जुलूसों में गुंडों को लाते हैं, जो तलवारें लहराते हैं और सार्वजनिक रूप से शराब पीते हैं। डायमंड हार्बर के सांसद ने लाभपुर रैली में कहा कि केवल रामनवमी के दौरान ही हिंसा की रिपोर्ट क्यों होती है?

### तमिलनाडु: द्रमुक ने 164 सीटों पर घोषित किये उम्मीदवार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने शनिवार को 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए 164 सीट पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए। पार्टी ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि को उनकी मौजूदा सीटों से फिर से नामांकित किया है। ज्यादातर मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को टिकट दिया गया है। पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि वह कोलाथुर से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे। उदयनिधि भी इसी शहर के चेपॉक-ट्रिप्लिकेन से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

# असम: कांग्रेस में अपमानित कर अवांछित महसूस कराया गया: प्रद्युत बोरदोलोई

**गुवाहाटी, एजेंसी**

हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए असम से दो बार के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने कहा है कि कांग्रेस में उन्हें उपेक्षित, अलग-थलग और अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया। पांच दशक से अधिक समय तक कांग्रेस में रहे बोरदोलोई दिसपुर से भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बोरदोलोई ने एक साक्षात्कार में कहा कि एक के बाद एक कई ऐसी बातें हुईं, जिन्होंने उन्हें आहत किया और शायद इसकी शुरुआत 2022 में कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में उन्हें अपमान का सामना करना पड़ रहा था, उन्हें अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया और पार्टी अध्यक्ष पद के लिए उनके द्वारा शशि थरूर की उम्मीदवारी का समर्थन किए जाने के बाद उन्हें किनारे कर दिया गया।

मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव जीतकर कांग्रेस अध्यक्ष बने। बोरदोलोई ने कहा कि उसके बाद मुझे लगा कि मेरे खिलाफ व्यवस्थित तरीके से कार्रवाई हो रही है, हालांकि खरगे हमेशा उदार रहे और उन्होंने मुझे स्वीकार किया... सोनिया गांधी, जो मेरे लिए मां जैसी रही हैं, उन्होंने भी कभी मेरे साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में दूसरे पायदान के नेतृत्व ने उन्हें व्यवस्थित ढंग से किनारे कर दिया और यह बहुत साफ दिखाई देता था।

# केरल: कांग्रेस आलाकमान की सुधाकरन से भेंट, राहुल बोले- यूडीएफ एकजुट

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस आलाकमान ने केरल के कन्नूर से लोकसभा सदस्य के. सुधाकरन की नाराजगी की खबरों के बीच शनिवार को उनसे मुलाकात की और कहा कि राज्य में पूरा संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) एकजुट है तथा इस विधानसभा चुनाव में 100 सीट जीतने की ओर अग्रसर है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुधाकरन से मुलाकात के दौरान सांसद का परिवार तथा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी और वेणुगोपाल जी के साथ सुधाकरन जी और उनके परिवार से मुलाकात की। के. सुधाकरन जी ने अपना पूरा जीवन केरल के लोगों के लिए लड़ते हुए बिताया है। वह हर तूफान, हर चुनौती, हर परीक्षा से गुजरे हैं। उनमें एक सच्चे कांग्रेसी सिपाही की ताकत और निष्ठा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डोनबास पर शर्त का जेलेंस्की का दावा झूठा

**पेरिस।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उस दावे को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन किसी युद्धविराम योजना के तहत अमेरिकी सुरक्षा गारंटी के बदले यूक्रेन से उसके पूर्वी डोनबास क्षेत्र को रूस को सौंपने की मांग कर रहा है। फ्रांस में जी-7 की बैठक के बाद रुबियो ने जेलेंस्की की हालिया टिप्पणी का खंडन करते हुए कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन के साथ बातचीत में ऐसी कोई शर्त नहीं रखी है। रुबियो ने कहा, यह झूठ है।

### मिसाइल के मलबे से पांच भारतीय घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को उसके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले मार गिराए जाने के बाद खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी के आसपास उसका मलबा गिरने से पांच भारतीय घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि प्राधिकारियों ने इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि की है।

### सीआरपीएफ जवान की शोपियां में मृत्यु

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल ज्ञान चंद शनिवार सुबह शोपियां स्थित जिला पुलिस लाइन्स (डीपीएल) शिविर में बेहोश पाए गए। उन्होंने बताया कि जवान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जवान की मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए बीएनएसएस के तहत कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### ओडिशा में तूफान से तीन लोगों की मौत

**पुरी।** ओडिशा के मयूरभंज और पुरी जिलों में नॉरवेस्टर तूफान से तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे मयूरभंज जिला मुख्यालय बारीपदा में तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बौछारें पड़ीं। उन्होंने कहा कि दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

# सेना को मिली देश में बनी लाइट मशीन गन प्रहार की पहली खेप

- अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने ग्वालियर फैक्ट्री में किया निर्मित

ग्वालियर, एजेंसी

देश की एक रक्षा कंपनी ने शनिवार को मेक इन इंडिया पहल के तहत निर्मित 2,000 प्रहार लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप भारतीय सेना को सौंप दी। प्रहार नामक यह एलएमजी 7.62 एमएम कैलिबर की है जिसे अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा ग्वालियर के बाहरी क्षेत्र स्थित इसके लघु अस्त्र परिसर में निर्मित किया गया है।

सेना को एलएमजी सौंपने के लिए शनिवार को संबंधित परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक (खरीद) ए. अंबरासु तथा अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष राजवंशी और निजी कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बाद में, अंबरासु ने सेना के लिए बनी एलएमजी की पहली खेप ले जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाई। झंडी दिखाए जाने के बाद राजवंशी ने कहा कि आज जिस यात्रा की शुरुआत हुई है, उसे पूरा करने में हमें छह साल लगे। हमने इसे तय समय से 11 महीने पहले ही सौंप दिया है। कहा कि ग्राहक ने हमें जो मूल समयसीमा दी थी, वह सात साल से ज्यादा की थी, लेकिन मैं आपको भरोसा दिला सकता हूँ कि अगले तीन साल में पूरा ऑर्डर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## अमेरिका-ईरान संघर्ष

### क्या होगा युद्ध का अंतिम परिणाम

अमेरिका और इजराइल ने जब 28 फरवरी 2026 को संयुक्त रूप से ईरान पर ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत मिसाइल हमले शुरू किए, तो दुनिया एक ऐसे संघर्ष की गवाह बनी जिसकी आशंका लंबे समय से जताई जा रही थी। वर्तमान में युद्ध अपने चरम पर है, दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। ईरान ने न केवल अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर पलटवार किया है, बल्कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता का दावा करते हुए वैश्विक तेल आपूर्ति को ठप करने की धमकी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इसे महाविनाशकारी करार देते हुए चेतावनी दी है कि यह युद्ध पूरी दुनिया को एक ऐसे अनियंत्रित भंवर में धकेल सकता है जिससे बाहर निकलना असंभव होगा। भारत की भी ऊर्जा सुरक्षा और लाखों प्रवासियों का भविष्य दांव पर लगा है।



### क्यों आन पड़ी युद्ध की जरूरत

- परमाणु कार्यक्रम और निरीक्षण : ईरान द्वारा अपने क्षतिग्रस्त परमाणु केंद्रों पर अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों को अनुमति देने से इनकार करना तनाव का मुख्य बिंदु बना।
- इजरायली दबाव : इजरायल ने दावा किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के बेहद करीब है। 28 फरवरी 2026 को सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की एक सैन्य अभियान में मौत ने आग में घी का काम किया।
- वार्ता की विफलता : अमेरिका ने 15-सूत्रीय युद्धविराम योजना पेश की थी, जिसे ईरान ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वह हर्जाने और संप्रभुता की गारंटी के बिना पीछे नहीं हटेगा।
- रणनीतिक महत्वाकांक्षा : ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि केवल सत्ता परिवर्तन के माध्यम से ही ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है।

### नाटो और यूरोपीय देशों की चुप्पी के पीछे का सच

- कानूनी बाध्यता का अभाव : नाटो का अनुच्छेद 5 केवल तभी लागू होता है जब किसी सदस्य देश पर हमला हो। चूंकि यह युद्ध अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किया गया है, इसलिए यूरोपीय देश इसे रक्षात्मक नहीं मानते। ● ऊर्जा संकट का डर : यूरोप अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी देशों के तेल पर निर्भर है। उन्हें डर है कि युद्ध में शामिल होने से ईरान तेल सप्लाई काट देगा, जिससे उनकी अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी।
- सार्वजनिक विरोध : जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन की जनता युद्ध के खिलाफ सड़कों पर है। नेता अपनी घरेलू राजनीति को खतरे में नहीं डालना चाहते।
- ट्रम्प की नीतियों पर अविश्वास : यूरोपीय सहयोगियों को लगता है कि ट्रम्प ने उन्हें विश्वास में लिए बिना यह हमला किया, इसलिए वे अब इसकी जिम्मेदारी साझा नहीं करना चाहते।

### भारत के परिप्रेक्ष्य में परिणाम

- ऊर्जा संकट : भारत अपनी जरूरत का 80% तेल आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से तेल की कीमतें $150 प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। ● प्रवासियों की सुरक्षा : खाड़ी देशों में रहने वाले करीब 80 लाख भारतीय नागरिक सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। उन्हें वापस लाना भारत सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।
- कूटनीतिक संतुलन : भारत का अमेरिका और ईरान दोनों के साथ रणनीतिक रिश्ता है। चाबहार बंदरगाह जैसी परियोजनाओं का भविष्य अब अधर में लटक गया है। ● आर्थिक मंदी : बढ़ती महंगाई और शेयर बाजार की उथल-पुथल भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा कर सकती है।

# इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला

## एटमी ठिकानों को बनाया निशाना, ईरान ने सऊदी अरब पर दागीं छह बैलिस्टिक मिसाइलें, ड्रोन से किया हमला

- पश्चिम एशिया युद्ध में पहली बार यमन ने इजराइल की ओर दागीं मिसाइलें

दुबई, एजेंसी

इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया है। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान ने सऊदी अरब पर छह बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। वहीं यमन ने पहली बार इजराइल पर मिसाइलें दागीं।

सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी। इसके अलावा अराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन



इज़राइल के तेल अवीव में मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त हुई एक इमारत से अपना सामान लेकर बाहर निकलते लोग।

(एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है। वहीं, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागे। इस हमले में 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर है।

वहीं, यमन ने शनिवार तड़के इजराइल की ओर एक मिसाइल दागी और यह पहली बार है जब इजराइल पर यमन ने हमला किया है। इजराइल की सेना ने यह जानकारी दी। इस बीच, ईरान और हिजबुल्ला ने शुक्रवार रात से शनिवार तक इजराइल पर हमले जारी रखे तथा बीर शेबा एवं इजराइल के मुख्य परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास के इलाके में रात के दौरान तीसरी बार सायरन बजे। यमन की राजधानी सना पर तेहरान समर्थित हूती विद्रोही समूह का 2014 से कब्जा है। समूह ने इजराइल के खिलाफ हमला किए जाने की तत्काल पुष्टि नहीं की। हूती विद्रोही इस युद्ध से अब तक दूर रहे हैं। दरअसल 2015 में यमन की निर्वासित सरकार की ओर से इस समूह के खिलाफ युद्ध करने वाले सऊदी अरब एवं विद्रोहियों के बीच वर्षों से एक असहज संघर्षविराम की स्थिति है। इस बीच, इजराइल ने ईरान के खिलाफ हमले तेज करने और उनका दायरा बढ़ाने की धमकी देने के कुछ घंटे बाद उसके परमाणु केंद्रों पर हमला किया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया और सऊदी अरब में एक सैन्य अड्डे पर हमला किया। ईरान ने कहा कि अपने आधारभूत ढांचे पर हमले का कड़ा जवाव देगा।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमले का देंगे कड़ा जवाब : ईरान

### ईरानी हमले में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल

**दुबई।** सऊदी अरब के एक हवाई अड्डे पर पिछले सप्ताह ईरानी हमलों में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो गए हैं। इस बारे में जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों ने यह खुलासा किया है। दोनों व्यक्तियों ने यह जानकारी अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी क्योंकि वे टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं थे। ईरान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर छह बैलिस्टिक मिसाइल और 29 ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम 15 सैनिक घायल हो गए, जिनमें से पांच गंभीर रूप से घायल हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने शुरू में बताया था कि कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं। मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्तियों के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में भी इस अड्डे पर दो बार हमले हुए थे, जिनमें से एक घटना में 14 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए थे।


### सऊदी, मिस्र और तुर्किये के विदेशमंत्री जाएंगे पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** ईरान के साथ जारी युद्ध की वजह से पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान ने सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों का आमंत्रित किया है। विदेश विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश कार्यालय ने बताया कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के निमंत्रण पर सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी रविवार और सोमवार को इस्लामाबाद का दौरा करेंगे। बयान के मुताबिक इस यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री क्षेत्र में तनाव कम करने के प्रयासों सहित कई मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे। विदेश कार्यालय ने बताया कि तीनों देशों के विदेशमंत्री अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। बयान के मुताबिक पाकिस्तान सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र जैसे मित्र देशों के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, और यह यात्रा इन देशों के साथ पाकिस्तान के सहयोग और समन्वय को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

### जर्मनी के चांसलर ने ईरान युद्ध पर की ट्रंप के रुख की निंदा

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने ईरान युद्ध के मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैये की तीखी आलोचना की है। जर्मन प्रेस एजेंसी ने यह जानकारी दी। मर्ज ने शुक्रवार देर रात फ्रैंकफर्ट में एक कार्यक्रम में कहा कि ट्रंप अभी जो कर रहे हैं, वह तनाव कम करने और शांतिपूर्ण समाधान तक पहुंचने की कोशिश नहीं है बल्कि बड़े पैमाने पर तनाव बढ़ाने वाला ऐसा रुख है जिसके अनिश्चित परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि ये तनाव बढ़ाने वाले ऐसे कदम हैं, जो खतरनाक हैं... न केवल सीधे तौर पर प्रभावित लोगों के लिए, बल्कि हम सभी के लिए। मर्ज ने इस बात पर भी संदेह जताया कि ईरान के मौजूदा नेतृत्व को युद्ध के जरिये हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्या वास्तव में सत्ता परिवर्तन ही लक्ष्य है?...अगर यही लक्ष्य है तो मुझे नहीं लगता कि वे इसे हासिल कर पाएंगे।

## मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में दर्ज होगी तो मुझे अच्छा लगेगा : ट्रंप



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का फिर किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल भारत एवं पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का एक बार फिर दावा करते हुए कहा है कि वह चाहेंगे कि उनकी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने। ट्रंप ने मियामी में सऊदी समर्थित 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) प्रायोरिटी समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के साथ कोई भी समझौता करने की एक शर्त होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जाना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेल आपूर्ति के लिए समुद्र में पहुंच बहाल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, हम अभी बातचीत कर रहे हैं और अगर हम कुछ कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा लेकिन उन्हें इसे खोलना होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपना यह दावा दोहराया कि उन्होंने आर्मेनिया और अजरबैजान, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा, कंबोडिया और थाईलैंड, मिस्र और इथियोपिया, सर्बिया और कोसोवो तथा इजराइल और हमास के बीच युद्ध समेत आठ युद्ध रुकवाने में मदद की। ट्रंप ने कहा कि मैं चाहूंगा कि मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने क्योंकि मैं सचमुच मानता हूं कि मैं शांतिदूत हूं। अभी ऐसा नहीं लगता लेकिन मेरा मानना है कि मैं शांति स्थापित करने वाला हूं। उन्होंने कहा कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच भी युद्ध रुकवाया। वे एक हफ्ते से लड़ रहे थे।

# ओडिशा में बस पलटने से पांच की मौत, 30 घायल

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के नयागढ़ जिले में शुक्रवार देर रात एक पर्यटक बस के पलटने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना कल देर रात करीब दो बजे हुई, जब 55 यात्रियों को ले जा रही बस दासपल्ला के हनुमान घाटी रोड पर पलट गई।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना का कारण वाहन की गति तेज होने



- नयागढ़ जिले में पर्यटक बस हुई हादसे का शिकार, बस पर सवार थे कुल 55 यात्री

का संदेह है। पुलिस ने बताया कि बस हनुमान घाटी रोड पर मोड़ लेते समय पलट गई। मृतकों की पहचान हरि पात्रा, उनकी पत्नी लक्ष्मी पात्रा, सुप्रभा साहू, उनकी बेटी सुमति और चालक प्रबीन कुमार साहू के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सभी ब्रह्मपुर के निवासी थे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा भी की है। उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि नयागढ़ जिले के दासपल्ला के पास एक पर्यटक बस दुर्घटना में कई यात्रियों की जान जाने की खबर सुनकर मैं बहुत दुखी और व्याकुल हूं। घायल यात्रियों में से एक आर्य पात्रा ने आरोप लगाया कि वाहन तेज गति से चल रहा था। उन्होंने कहा कि घाट रोड पर बस बहुत तेज गति से चल रही थी।

## आईआईटी खरगपुर शुरू करेगा एमडी कोर्स, मांगी मंजूरी

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खरगपुर ने स्नातकोत्तर डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी) पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के पास आवेदन किया है। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने शनिवार को कहा कि यदि प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी मिल जाती है तो यह पहला आईआईटी होगा जो स्नातकोत्तर चिकित्सा कार्यक्रम शुरू करेगा। चक्रवर्ती ने कहा कि आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है और हमने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मंजूरी के लिए औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब संबंधित मंत्रालय के जवाब का इंतजार है।

प्रस्तावित स्नातकोत्तर कार्यक्रम 20 सीटों के साथ शुरू किया जाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है लेकिन अंतिम निर्णय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पास है क्योंकि यह एक अंतर-मंत्रालयी निर्णय है। उन्होंने कहा, हमने एमडी कार्यक्रम में छात्रों को पढ़ाने के लिए पहले ही 20 चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी है। चक्रवर्ती ने कोई निश्चित समय-सीमा बताने से इनकार किया।

# भारत के साथ रिश्तों को नई गति देगा नेपाल

- पीएम बालेंद्र शाह बोले-भारत संग घनिष्ठता से काम करने को उत्सुक

**काठमांडू।** नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने भारत के साथ रिश्तों को नई गति देने की इच्छा जाहिर करते हुए शनिवार को कहा कि वह भारत संग घनिष्ठता के साथ काम करने को उत्सुक हैं।

शपथ ग्रहण के बाद शुभकामनाएं देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। शुक्रवार को शपथ ग्रहण के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने शाह को बधाई देते हुए कहा था कि वह नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मिलकर भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के लिए काम करने के उत्सुक हैं। मोदी के संदेश के जवाब में नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं हमारे दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने और हमारी जनता की साझा समृद्धि के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। क्षेत्रीय रणनीतिक दृष्टि से नेपाल, भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण देश माना जाता है, और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग को इस परिप्रेक्ष्य में खास अहमियत दी जाती है।

# जयशंकर ने वैश्विक मुद्दों पर की फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से बात

पेरिस, एजेंसी

विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने यहां जी7 विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कर तात्कालिक वैश्विक मुद्दों पर वार्ता की। कहा कि वह चर्चा तथा उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देते हैं।

जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बीती रात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से मैक्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि चर्चा और उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देता हूं। वह बृहस्पतिवार को फ्रांस के अब्बे डे वॉक्स-डे-सर्ने में, साझेदार देशों के साथ जी7 विदेश मंत्रियों की दो-दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। हालांकि, भारत जी7 का सदस्य नहीं है, फिर भी इस शक्तिशाली



- जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस पहुंचे हैं विदेश मंत्री

समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे एक भागीदार देश के तौर पर आमंत्रित किया है। बृहस्पतिवार को फ्रांस में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने ग्लोबल साउथ के देशों की ऊर्जा, खाद्य और ईंधन सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को उठाया, और वैश्विक शासन सुधारों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितताओं की पृष्ठभूमि में व्यापार गलियारों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व पर भी बात की।

रिपोर्ट

साल 1990 से 2023 की अवधि के लिए किए गए वैश्विक विश्लेषण में दावा

# देश में मातृ मृत्यु दर में लगभग 80 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में मातृ मृत्यु दर 1990 के मुकाबले 2023 में लगभग 80 प्रतिशत कम हो गई। इस दौरान यह दर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 508 से घटकर 116 हो गई। एक नई रिपोर्ट में यह बात आई है।

द लांसेट ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी एंड वीमेन्स हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक नई वैश्विक विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2023 में कुल 24,700 मातृ मृत्यु के मामले दर्ज किए गए, जिससे मातृ मृत्यु अनुपात प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 116 रहा। अनुमानों के अनुसार, इसी वर्ष पाकिस्तान में कुल 10,300 मातृ मृत्यु के मामले सामने आए, जबकि अफ्रीकी देशों इथियोपिया और नाइजीरिया में क्रमशः 11,900 और 32,900 मातृ मृत्यु दर्ज की गईं। वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्युएशन (आईएचएमई) के शोधकर्ताओं और वैश्विक सहयोगियों के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि पिछले तीन दशकों में मातृ मृत्यु में कमी आई है, लेकिन हाल के वर्षों में प्रगति की रफ्तार धीमी पड़ी है और यह विभिन्न देशों में असमान बनी हुई है। उन्होंने बताया कि 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी) अध्ययन 2023 तक 204 देशों और क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर के रुझानों का सबसे अद्यतन वैश्विक आकलन प्रस्तुत करता है। नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली 2021-23 के अनुसार, देश में मातृ मृत्यु दर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 88 है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि यह आंकड़ा सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव सुनिश्चित करने की दिशा में हुई प्रगति को दर्शाता है।

### मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की प्रगति को मिली वैश्विक मान्यता

सूत्र ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी प्रगति को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है और संयुक्त राष्ट्र मातृ मृत्यु अनुमान अंतर-एजेंसी समूह (यूएन-एमएमईआईजी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 1990 के बाद से एमएमआर में 86 प्रतिशत की कमी हासिल की है, जो वैश्विक औसत 48 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह उपलब्धि 2030 तक एमएमआर को 70 से नीचे लाने के सतत विकास लक्ष्यों के मानक को पूरा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, 2023 में पूरी दुनिया में कुल 2 .4 लाख मातृ मृत्यु हुई, जिसका मतलब है कि हर एक लाख जीवित जन्मों पर 190 .5 माताओं की मौत हुई। यह 1990 में प्रति एक लाख जन्मों पर 321 मातृ मृत्यु से एक तिहाई से ज्यादा कम है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। मन में कई सारे विचार आने के कारण अस्थिरता का भाव रहेगा।

**तुला** – आज रुके हुए अधिकतम कार्य गति में आ जायेंगे। अपने काम पर ध्यान केन्द्रित रखें। मित्रों की सहायता से पीछे न हटें।

**वृष** – आज नई जिम्मेदारियां आयेंगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर काम करने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आज आपका स्वभाव लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा। व्यापार में बड़ा रिस्क लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

**मिथुन** – आज परिजनों के रूखे व्यवहार से मन दुखी हो सकता है। दांतों के रोग परेशान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध कमजोर हो सकते हैं।

**कर्क** – आज व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। आय के नवीन साधन विकसित होंगे। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा।

**मकर** – आज घर में महत्वपूर्ण व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में आप बड़ी उपलब्धि अर्जित कर सकते हैं।

**सिंह** – आज जीवनसाथी को अनावश्यक खर्चों से बचना चाहिए। बजट का ध्यान रखते हुये ही काम करें। आपको अस्पताल भी जाना पड़ सकता है।


**कुंभ** – आज समाज में आपका नाम बढ़ेगा। जटिल समस्याओं का व्यवहारिक समाधान ढूंढ लेंगे। सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**कन्या** – आज इंजीनियरिंग के छात्रों की जॉब मिल सकती है। लेखन कार्य से जुड़े लोगों की रचनात्मकता में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में सभी काम बिना किसी रुकावट के पूर्ण होंगे। नए कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 29 मार्च, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 07 .46 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। **ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-अश्लेशा 14 .38 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |

### सुडोकू -103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |



“मैं दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मैं लगातार टीम के संपर्क में हूं और उन्हें अपनी स्थिति के बारे में बता रहा हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव कोशिश करता रहूंगा।

–मिचेल स्टार्क

**IPL 2026**

### आज का मुकाबला

कोलकाता नाइट राइडर्स

बनाम

मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### स्टार्क ने आलोचकों पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2026 में अपने देरी से पहुंचने को लेकर चल रही बातों पर आलोचकों पर निशाना साधा और स्पष्ट किया कि सत्र की शुरुआत में उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स के प्रति प्रतिबद्धता की कमी वजह से नहीं बल्कि चोट प्रबंधन के कारण है। बायें हाथ का यह तेज गेंदबाज अभी तक भारत नहीं पहुंचा है। इससे वह दिल्ली कैपिटल्स के शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे। इससे विदेशी खिलाड़ियों की अपनी फ्रेंचाइजी के लिये प्रतिबद्धता को लेकर बहस छिड़ गई है। इस बढ़ती आलोचना पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए स्टार्क ने शनिवार को एक बयान में कहा, भारतीय मीडिया में कुछ लोगों द्वारा अपने-अपने मंचों के जरिए दी गई राय और विचारों के बावजूद, बताना चाहता हूं कि मैं फिलहाल अपने कंधे और कोहनी की चोट से उबरने और प्रबंधन की प्रक्रिया में हूं जिसकी गंभीरता का मुझे गर्मियों के सत्र के दौरान अंदाजा नहीं था।

### निकिता ने छत्तीसगढ़ के लिए स्वर्ण पदक जीता

**रायपुर।** भारोत्तोलक निकिता ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' (केआईटीजी) 2026 में मेजबान छत्तीसगढ़ का स्वर्ण पदक का इंतजार खत्म किया जबकि ओडिशा की महिला तैराकों ने शनिवार को यहां चौथे दिन तैराकी में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीत लिए। निकिता ने महिलाओं की 77 किग्रा स्पर्धा में अपना दबदबा बनाते हुए दिन की आखिरी स्पर्धा में आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं ओडिशा ने रितिका मिंज (100 मीटर फ्रीस्टाइल), अंजली मुंडा (50 मीटर बैकस्ट्रोक) और चार गुणा 100 मेडले रिले टीम के स्वर्ण पदक जीते। अंजली ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीते जिनमें से चार उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में हासिल किए। तालिका में कर्नाटक 15 स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ओडिशा सात स्वर्ण, तीन रजत और 10 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। मेजबान छत्तीसगढ़ आठ पदक के साथ सातवें स्थान पर है।

### जर्मनी ने स्विस टीम को हराया

**लंदन।** फ्लोरियन विट्र्ज़ ने दो गोल किए और दो गोल में मदद की, जिससे जर्मनी ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल से पहले के मैत्री मैच में स्विट्जरलैंड को 4-3 से हराया जबकि मिकेल ओयार्ज़ाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से पराजित किया। अन्य मैचों में बेन व्हाइट ने इंग्लैंड की टीम में वापसी करते हुए गोल किया लेकिन फिर स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी दे दी, जिससे इंग्लैंड ने उरुग्वे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि नीदरलैंड ने एम्स्टर्डम में नॉर्वे को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल का व्हाइट का चयन करना चौंकाने वाला था, क्योंकि चार साल पहले वह विश्व कप के बीच में ही अपने साथियों को छोड़कर चले गए थे। जब मैच में 21 मिनट बचे हुए थे तब आर्सेनल के डिफेंडर फिकायो टोमोरी की जगह उन्हें मैदान पर उतारा गया।

# विराट की पारी से आरसीबी ने जीत से किया शुभारंभ

## आईपीएल-2026 : सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराया



बेंगलुरु, एजेंसी

देवदत्त पडिक्कल के 26 गेंद में 61 रन और विराट कोहली के नाबाद अर्धशतक की मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2026 सत्र की शुरुआत शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद पर छह विकेट से जीत के साथ की। पडिक्कल और कोहली (38 गेंद में नाबाद 69) के बीच दूसरे विकेट के लिये सिर्फ 45 गेंद में 101 रन की साझेदारी की मदद से आरसीबी ने जीत के लिये 202 रन के लक्ष्य के जवाब में 15.4 ओवर में चार विकेट पर 203 रन बनाए।

फिल साल्ट के जल्दी आउट होने के बाद कोहली और पडिक्कल ने शानदार बल्लेबाजी से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पडिक्कल ने तेज गेंदबाज डेविड पेन के एक ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया जबकि स्पिनर हर्ष दुबे को लगातार चौका छक्का जड़ा। उन्होंने हर्षल पटेल को चौका लगाकर सिर्फ 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर कोहली ने तेज गेंदबाजों जयदेव उनादकट और ऐशान मलिंगा को नसीहत दी। पावरप्ले में आरसीबी ने 76 रन बना लिये थे और सौ रन 8.1 ओवर में बन गए। पडिक्कल को हेनरिच क्लासेन ने पवेलियन भेजा जिन्होंने हर्षल की गेंद पर पहले लांग आन में कोहली का कैच टपकाया था जब वह 28 रन पर थे। कोहली ने 33 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वहीं आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने 12 गेंद में 31 रन बनाए। कोहली ने आखिर में 16वें ओवर में हर्षल की चार गेंदों पर छक्का और तीन चौके लगाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।



अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जैकब डफी।

इससे पहले कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन के 38 गेंद में 80 रन की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने नौ विकेट पर 201 रन बनाए। ईशान ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने चौथे विकेट के लिये हेनरिच क्लासेन (31) के साथ 97 रन की साझेदारी की। आरसीबी के कप्तान पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर करीब दस महीने बाद क्रिकेट की वापसी हुई है। पिछले साल आरसीबी के पहली बार खिताब जीतने के बाद जश्न में मची भगदड़ के दौरान 11 प्रशंसकों की मौत होने से इस मैदान पर क्रिकेट नहीं हो रहा था। आरसीबी के लिये जैकब डफी ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिए। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने अपने कद का पूरा इस्तेमाल करते हुए बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। अभिषेक शर्मा (सात) खुलकर खेल नहीं सके हालांकि उन्होंने डफी को बैकवर्ड प्वाइंट पर छक्का लगाया था। शॉर्ट गेंद के सामने हमेशा असहज होने वाले अभिषेक ने डफी की गेंद पर विकेट के पीछे जितेश शर्मा को कैच थमाया। इससे पहले शुरूआती ओवर में ही अभिषेक को डफी की ही गेंद पर विकेट के पीछे लपके जाने की अपील पर आरसीबी ने एक डीआरएस रिव्यू गंवा दिया था।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**201/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का साल्ट बो डफी | 11 |
| अभिषेक शर्मा का शर्मा बो डफी | 07 |
| ईशान का साल्ट बो अभिनंदन | 80 |
| नीतिश रेड्डी का अभिनंदन बो डफी | 01 |
| क्लासेन का साल्ट बो शेफर्ड | 31 |
| सलिल का पडिक्कल बो सुयश | 09 |
| अनिकेत का कोहली बो शेफर्ड | 43 |
| हर्ष दुबे का पडिक्कल बो शेफर्ड | 03 |
| हर्षल का पडिक्कल बो कुमार | 00 |
| डेविड पेन नाबाद | 06 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 04 |

**गेंदबाजी :** डफी 4-0-22-3, भुवनेश्वर 4-0-31-1, अभिनंदन 3-0 -38-1, शेफर्ड 4-0-54-3, सुयश 3-0-28-1, कृणाल 2-0-26-0


### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**203/4** (15.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल साल्ट का क्लासेन बो उनादकट | 08 |
| विराट कोहली नाबाद | 69 |
| पडिक्कल का क्लासेन बो दुबे | 61 |
| रजत पाटीदार का दुबे बो पेन | 31 |
| जितेश शर्मा का उनादकट बो पेन | 00 |
| टिम डेविड नाबाद | 16 |

**गेंदबाजी :** रेड्डी 2-0-19-0, उनादकट 3-0-29-1, पेन 3-0-35-2, दुबे 3-0-35-1, मलिंगा 2-0-35-0, पटेल 2.4-0-39-0

**80** रनों की तूफानी पारी ईशान किशन ने 38 गेंदों में खेली जिसमें आठ चौके और पांच छक्के शामिल हैं



मैच से पहले 2025 में हुई भगदड़ के मृतकों को श्रद्धांजलि देते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी व सदस्य। एजेंसी

### मैच से पहले खिलाड़ियों और अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले मैच से पहले खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखकर उन 11 प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी जिनकी पिछले साल हुई भगदड़ में जान चली गई थी। पिछले साल जून में आरसीबी के पहले आईपीएल खिताब की जीत के जश्न के दौरान शहर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ में यह अप्रिय घटना हुई थी। जश्न मनाने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई थी और गेट पर बहुत ज्यादा भीड़ हो गई जिससे भगदड़ मच गई जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हुए और 11 लोगों की मौत हो गई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 का उद्घाटन समारोह को पहले ही रद्द कर दिया था। श्रद्धांजलि के तौर पर स्टेडियम की 11 सीटों को हमेशा के लिए खाली रखने का फैसला किया गया है। ये सीटें इस



स्टेडियम में होने वाले भविष्य के सभी आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान हमेशा खाली रहेंगी। पहले मैच के दिन राज्य के गृह मंत्री और केएससीए के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने स्टेडियम के अंदरूनी प्रवेश द्वार के पास एक स्मारक पट्टिका का अनावरण किया। मैच से पहले वार्म-अप के दौरान आरसीबी के सभी खिलाड़ियों ने 11 नंबर वाली जर्सी पहनी थी। इस दुखद घटना के बाद भीड़ प्रबंधन के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए लगभग सात करोड़ रुपये का निवेश किया गया।


### सुझाव लेने के प्रति पंत की खुली सोच से बनता है सकारात्मक माहौल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने ऋषभ पंत की नेतृत्वक्षमता की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान सुझाव लेने की प्रति खुली सोच रखता है जिससे टीम के अंदर सकारात्मक माहौल पैदा होता है। एलएसजी के पास मार्श और एडन मार्करम के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय कप्तान हैं। मार्श ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा बात बस इतनी सी है कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, ऋषभ को हर संभव सहयोग दें। वह एक बेहतरीन युवा खिलाड़ी है जो अपनी टीम का नेतृत्व बखूबी करता है। वह हमेशा फीडबैक और सुझाव लेने के लिए तैयार रहता है और उस पर अमल भी करता है। उन्होंने कहा हमारी टीम में कुछ बहुत अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं जो काफी महत्व रखते हैं।

### चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी पिंडली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले दो सप्ताह में नहीं खेल पाएंगे। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीएसके ने बयान में कहा महेंद्र सिंह धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। इस कारण उनका आईपीएल 2026 के पहले दो सप्ताह में खेलने की संभावना नहीं है। धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से आईपीएल खेलना जारी रखा है। इस 44 वर्षीय खिलाड़ी के आईपीएल में भविष्य को लेकर प्रत्येक सत्र में कयास लगाए जाते हैं। धोनी अब सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं इसलिए उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखना और भी मुश्किल हो



जाता है। रुतुराज गायकवाड़ हालांकि टीम के कप्तान हैं, लेकिन टीम की रणनीति धोनी के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह आईपीएल की शुरुआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं। धोनी ने पिछले आईपीएल में 14 मैच खेले थे और निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए फिनिशर की भूमिका निभाई थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से उन्हें घुटने की समस्या से बार-बार जूझना पड़ा है और 2023 में उनकी सर्जरी भी हुई थी।

# जीत के साथ आगाज करने उतरेगा मुंबई

मुंबई, एजेंसी

खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है।

मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पिछले साल हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है।

रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20



वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा, क्विंटन डी कॉक (बाएं) और अन्य खिलाड़ी। एजेंसी

विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था।

इसलिए मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंतिम एकादश में उचित संयोजन तैयार करना होगा। उसकी टीम शुरुआत में कुछ मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि अक्सर वह अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही है। मुंबई में खेलने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स में कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के रूप में कुछ स्थानीय खिलाड़ी भी नजर आएंगे लेकिन उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है जिसका मुंबई इंडियंस पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। नीलामी के समय केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर फ्रेंचाइजी ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया था जबकि उसके दो भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

जिंबॉब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी प्रतिभाशाली हैं लेकिन उन पर दबाव हो सकता है। ऐसे में गेंदबाजी विभाग की बड़ी जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती को निभानी पड़ेगी जो टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। केकेआर की टीम में सीएसके के दो पूर्व खिलाड़ी रचिन रविंद्र और मथीशा पथिराना भी शामिल हैं। टिम सीफर्ट विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर एकमात्र शुरुआती विकल्प हैं, जबकि उनके पास कैमरन ग्रीन और सुनील नारायण के रूप में दो बेहतरीन ऑलराउंडर भी मौजूद हैं।

● **कमजोर दिख रही केकेआर के खिलाफ मुकाबला आज**

### टीम

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इजहार, रघु शर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया (विकेटकीपर), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, मथीशा पथिराना, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती।

**मियामी ओपन**


**तीन वर्षों में टूर्नामेंट का अपना दूसरा खिताब जीतने के लिए आज करेंगे मुकाबला, पिछले साल नहीं कर पाए थे प्रतिभाग**

# सिनर दूसरी बार फाइनल में, अब मुकाबला लेहेका से

मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने एक साल पहले मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था क्योंकि प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब इटली का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल में अपना दूसरा मियामी ओपन खिताब जीतने और 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' जीतने वाला पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के करीब है।

सिनर ने शुक्रवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव पर



6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल करके मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ने कहा यहां आकर अच्छा टेनिस खेलना मेरा मुख्य लक्ष्य था। मेरे लिए दोबारा फाइनल में पहुंचना बहुत मायने रखता है। यह शानदार सफर रहा है और मैं बहुत खुश हूं। सिनर ने ज्वेरेव को लगातार सात बार हराया है और एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 32 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।

हार्डकोर्ट पर शानदार प्रदर्शन करने वाले सिनर ने 15 मार्च को इंडियन वेल्स में दानिल मेदवेदेव को हराकर सनशाइन डबल का पहला चरण जीता था। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला 21वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका से होगा और वह इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे। सिनर ने 2024 से मियामी में लगातार 11 मैच जीते हैं। सिनर का लेहेका के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 3-0 का है, उन्होंने आखिरी बार 2025 में फ्रेंच ओपन में उन्हें हराया था।

लेहेका ने सेमीफाइनल में 28वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-2 से हराकर अपने करियर में पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। लेहेका के चेक गणराज्य के साथी जैकब मेनसिक ने पिछले साल मियामी ओपन जीता था।

### नोवाक जोकोविच ने मोंटेकार्लो मास्टर्स से नाम वापस लिया

**मोनाको।** नोवाक जोकोविच ने दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन में भाग न लेने के बाद मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है। इंस्टाग्राम पर जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए लिखा हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही कोर्ट पर वापसी करेंगे। जोकोविच के कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, पर दो सप्ताह पहले बीएनपी पारिबास ओपन के चौथे दौर में जैक ड्रेपर से तीन सेटों में हारने के बाद से उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।